हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित
कृष्ण पक्ष, मृगशिरा, विक्रम संवत् 2081
• औरंगाबाद • मंगलवार • 24 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 284 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00



## संक्षिप्त समाचार

### स्मार्ट मीटर के खिलाफ आंदोलन तेज होगा

**गया।** जिला कार्यालय मनी भूषण भवन में रविवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी गया नगर परिषद की बैठक हुई। अध्यक्षता राजेश कुमार अधिवक्ता ने की। बैठक में स्मार्ट मीटर के आंदोलन की समीक्षा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि स्मार्ट मीटर के खिलाफ आंदोलन को और तेज करना चाहिए। साथ ही दो अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर कोतवाली स्थित शहीद स्मारक के समीप एक दिवसीय धरना देने आदि का निर्णय लिया गया। इस दौरान राशन कार्डधारियों को आवंटन के मुताबिक राशन देने की मांग डीएसओ से की गई।

### जगजीवन कॉलेज को 65 साल बाद नैक की टीम ने प्रदान किया बी ग्रेड

**मानपुर।** मगध विश्वविद्यालय के अंगीभूत जगजीवन कॉलेज को 65 साल बाद राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) ने बी ग्रेड प्रदान किया। इस उपलब्धि के साथ ही जेजे कॉलेज मगध विश्वविद्यालय के टॉप फाइव कॉलेजों की सूची में शामिल हो गया। प्राचार्य डॉ. सतेन्द्र प्रजापति ने बताया कि प्रो. गोपाल कुमार नृलय छेत्री के नेतृत्व में नैक की तीन सदस्यीय टीम ने 12 व 13 सितंबर को कॉलेज का दौरा किया था। इस दौरान टीम ने कॉलेज में विद्यार्थियों को दी जा रही सुविधाओं को लेकर निरीक्षण किया था। उन्होंने बताया कि 65 वर्षों तक ग्रेडिंग नहीं मिलने पर टीम ने काफी आश्चर्य व्यक्त किया था। बता दें की जगजीवन कॉलेज को सात प्वाइंट स्केल में 2.39 सीजीपीए मिला है। जो काफी बेहतर माना जाता है। कॉलेज को नैक प्राप्त होने की सूचना मिलते ही शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों सहित विद्यार्थियों में खुशी का माहौल है। सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों ने प्राचार्य को बधाई दी। सनद रहे की विश्वविद्यालय में लगभग 20 अंगीभुत कॉलेज है। जिसमे महज सात कॉलेज हैं जिन्हे नैक से ग्रेडिंग है। इस अवसर पर प्रो. दीना नाथ,डॉ सीमा वर्मा, डॉ मो एयूब, डॉ श्यामदेव पासवान, डॉ बासुदेव प्रसाद, डॉ. ओम प्रकाश राम, डॉ कपिलदेव सिंह, डॉआचार्य शंकर, डॉ अनुरानी, डॉ हिमांशु कुमार सुधांशु, डॉ मनीष कुमार सिंह, डॉ सुनील कुमार, डॉ रश्मि कुमारी,श्वेता पांडे, डॉ अंकना, डॉ पंकज कुमार, डॉ प्रदीप कुमार, डॉ संगीता कुमारी, डॉ राजीव रंजन के साथ शिक्षकेत्तर कर्मियों में डॉ रणधीर कुमार, श्री विनेश सिंह, मो ज़फर,सुमित कुमार सिंह,नीतीश कुमार आदि उपस्थित थे।

### पोल गाड़ने में फर्जीवाड़े का खुलासा

**सिलाव।** सूचना के अधिकार से प्रखंड क्षेत्र के मौजा फतेहपुर में 132 केभी पोल गाड़ने में फर्जीवाड़ा का खुलासा हुआ है। जिसके बाद पीड़ित कोर्ट की शरण में चले गए हैं। जिससे दोषियों की गर्दन फंसनी तय है। अधिवक्ता कुमार राजेश ने बताया कि रसूखदार को लाभ पहुंचाने के लिए गैरकानूनी तरीके से उनकी रैयती भूमि में पोल गाड़ा गया है। अब उन्हें न्यायपालिका से इंसाफ की उम्मीद है।

### थरथरी में 24 को होगा माले का धरना प्रदर्शन

**थरथरी।** भाकपा माले द्वारा आयोजित हक दो वादा निभाओ अभियान के तहत 24 सितंबर को थरथरी प्रखंड और अंचल कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसकी तैयारी के लिए थरथरी बाजार, वेरमा, कचहरिया, जुड़ी, ढिबरा, प्रतापपुर, खरजमा, पेंदापुर, गबसपुर, डीहा सहित दर्जनों गांव में ग्राम बैठक और नुक्कड़ सभा की गई। अखिल भारतीय किसान महासभा के जिलाध्यक्ष मुन्नी लाल यादव ने कहा कि बिहार में बढ़ते अपराध और महिला उत्पीड़न के विरोध में यह धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नवादा में दलित टोला के 80 घरों को दबंगों द्वारा जलाने की घटना ने बिहार में नीतीश कुमार सरकार की विफलता को उजागर किया है। माले ने निजी नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य द्वारा छात्रों को बेरहमी से पिटवाने की घटना की निंदा की। उन्होंने बताया कि धरना प्रदर्शन के माध्यम से जाति गणना और आर्थिक सर्वे के आधार पर गरीबों को मुख्य मंत्री लघु उद्यमी योजना के तहत दो-दो लाख रुपये देने, भूमिहीनों को पांच-पांच डिसमिल जमीन देने, गरीबों को पक्का मकान देने, 200 यूनिट बिजली फ्री देने, प्री-पेड स्मार्ट मीटर वापस लेने, थरथरी बाजार में मुहाने नदी पुल का निर्माण करने, वृद्धा पेंशन की राशि 5000 रुपये प्रति माह देने सहित कई अन्य मांगें सरकार से की जाएगी।

### चोरी की बाइक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**बोधगया।** पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले एक युवक को पकड़ा है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि डायल-112 बोधगया को सूचना मिली कि गोदाम रोड के समीप कुछ लड़कों के द्वारा मिलकर बाइक चोरी की जा रही है। डायल-112 ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से चोरी की गई बाइक के साथ संजय मांझी नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। वह मगध विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के बड़की पड़रिया का रहने वाला है।

### पुलिस ने बाइक के साथ 100 लीटर शराब जब्त की

**करायपरसुराय।** पुलिस ने शनिवार की रात्रि कार्रवाई करते हुए 100 लीटर देसी शराब सहित एक बाइक जब्त की। यह कार्रवाई शराब और मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि गश्ती के दौरान पश्चिमी इलाके में एक बाइक को पुल के पास गिरा कर पानी से भरे खेत में भागने वाले व्यक्ति को देखा गया। बाइक की जांच में लगभग 100 लीटर देसी शराब बरामद हुई। इसके अलावा, पुलिस ने बेरथु गांव में एक शराबी को गिरफ्तार किया, जो हल्ला मचा रहा था। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान हिलसा थाना अंतर्गत रेड़ी गांव निवासी मुकेश कुमार के रूप में हुई।पुलिस ने शराब कारोबारियों द्वारा छुपाए गए मीठा छोवा घोल को भी नष्ट कर दिया।

### बाढ़ पीड़ितों को दी गयी राहत सामग्री

**करायपरसुराय।** बाढ़ से प्रभावित गांवों में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने मदद का हाथ बढ़ाया है। सोसाइटी द्वारा कमरथु और खोखना गांव में बाढ़ पीड़ितों के बीच खाने के सामान और अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की गई। बाढ़ के कारण लोकाइन नदी का तटबंध टूटने से मुशाढ़ी, फतेहपुर, कमरथु, रुपसपुर और खोखना जैसे गांवों में घरों और खेतों में पानी घुस गया था, जिससे हजारों एकड़ में लगे धान की फसल डूब गई। इस घटना से किसानों को लाखों का नुकसान हुआ है। कार्यक्रम में अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, कोषाध्यक्ष अभिजीत कुमार, प्रवक्ता संतोष कुमार पार्थ, नरेश प्रसाद अकेला, सत्येंद्र प्रसाद सिंह, अर्जुन कुमार विश्वकर्मा और कौशल मनी सिंह सहित सोसाइटी के अन्य सदस्य मौजूद थे।

### 22 स्कूलों ने यू डायस पोर्टल पर नहीं किया कक्षा प्रमोशन

**बिहारशरीफ।** निजी स्कूल के साथ-साथ सरकारी स्कूल भी शिक्षा विभाग के आदेश को नहीं मान रहे हैं। जिसका परिणाम है कि 22 सरकारी स्कूलों के द्वारा बार-बार निर्देश देने के बावजूद अभी तक यू डायस पोर्टल पर कक्षा प्रमोशन नहीं किया हैं। अब विभाग ने सभी सरकारी स्कूलों के प्रधानाध्यापक को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया हैं। इसके बावजूद भी यू डायस पोर्टल पर कक्षा प्रमोशन नहीं किया तो सीधे कार्रवाई की जाएगी। लिस्ट में जिला मुख्यालय के भी 6 स्कूल शामिल हैं। डीपीओ समग्र शिक्षा कविता कुमारी ने बताया कि यू-डायस पोर्टल पर विद्यार्थियों का डाटा अपलोड और अपडेट करने के काम को सरकारी, एडेड और वित्त विहीन विद्यालय के शिक्षक गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। डीपीओ ने बताया कि समय पर डाटा अपलोड नहीं करने वाले सरकारी स्कूलों के प्रधानाध्यापक का वेतन रोकते हुए विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

**इन विद्यालयों ने की अनदेखी:** राजकीय हाई स्कूल राणा बिगहा, श्री शिवशंकर हाई स्कूल तुंगी, एसएस गर्ल्स हाई स्कूल बिहारशरीफ,आवासीय मॉडल मध्य विद्यालय भैंसासुर,जवाहर कन्या हाई स्कूल,हाई स्कूल मथुरिया,एमएस अमावां ,एमएस धोबी बिगहा, उच्च माध्यमिक विद्यालय जाना, उच्च माध्यमिक विद्यालय नौआवां उगावां, लोकप्रिय उच्च विद्यालय सारे, एसएस एकेडमी एकंगरसराय, एसएन सिंह हाई स्कूल कुंडवा, हाई स्कूल तेल्हाड़ा, एमएस हरनौत, प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल हरनौत, यूएमएस भानु बिगहा भगतपुर हिलसा, यूएमएस कृष्णा बिगहा, सैनिक स्कूल नालंदा, श्री गांधी प्लस टू हाई स्कूल सिलाव, एन पीएस रंगीलाबिगहा, राजेन्द्र प्रसाद एनपीएस कमदारगंज ।

### नालंदा में स्कूल की छत पर एग्जाम देती छात्राएं, 3 कमरों में पढ़ते हैं 982 बच्चे

# शौचालय के पास एक ही कमरा में परीक्षा देने को मजबूर

निज संवाददाता। नालंदा



बिहार में 10+2 स्कूलों की मासिक परीक्षाएं शुरू हो गई है। लेकिन राज्य की शिक्षा व्यवस्था की दयनीय स्थिति एक बार फिर सामने आई है। नालंदा के परवलपुर प्रखंड से आई एक चौंकाने वाली तस्वीर ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। परवलपुर प्रखंड के बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय में छात्राएं स्कूल की छत पर, शौचालय के बगल में और एक ही कमरे में भीड़ लगाकर परीक्षा देने को मजबूर हैं। स्कूल की एक छात्रा ने बताया कि हमारे पास पर्याप्त कक्षाएं नहीं हैं। हमें जहां भी जगह मिलती है, वहीं बैठकर परीक्षा देने को मजबूर हैं। यह स्थिति हमारी पढ़ाई और परीक्षा दोनों को प्रभावित कर रही है। इस समस्या से भी बड़ी चिंता की बात यह है कि स्कूल में विज्ञान, अंग्रेजी और संस्कृत के शिक्षक नहीं हैं। इसके बावजूद छात्राओं को इन विषयों की परीक्षा देनी पड़ रही है। एक अन्य छात्रा ने कहा की बिना पढ़ाई के परीक्षा देना बहुत मुश्किल है। स्कूल के प्रिंसिपल जितेंद्र कुमार भास्कर ने इस मुद्दे पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमने भवन निर्माण के लिए नालंदा के सांसद, मंत्री और विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखकर मदद मांगी है। स्कूल में 982 छात्राएं नामांकित हैं, लेकिन हमारे पास केवल तीन कक्षाएं हैं। यह स्थिति न केवल परीक्षाओं के आयोजन में, बल्कि रोजमर्रा की पढ़ाई में भी बड़ी बाधा उत्पन्न करती है। यह स्थिति बिहार सरकार की 'सर्व शिक्षा अभियान' और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी योजनाओं की वास्तविकता पर सवाल खड़े करती है। वहीं, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजकुमार ने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है। पता लगाकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# नालंदा में तालाब में डूबकर किशोर की मौत



निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में रविवार को तालाब में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। मामला बेन थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलदारी पर गांव का है। मृतक की पहचान बेलदारी पर गांव निवासी अमरिंदर पासवान के (10) वर्षीय पुत्र विशाल कुमार के रूप में की गई है। देर रात परिजन शव के पोस्टमॉर्टम को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि शौच के लिए विशाल कुमार खेत की तरफ गया था। समय बीत जाने के बाद भी जब वह घर नहीं लौटा तो उसकी खोजबीन की जाने लगी। परंतु बच्चे का कहीं अता पता नहीं चल सका। गांव वालों की मदद से जब पुनः खोजबीन की गई तो थोड़ी दूरी पर स्तिथ तालाब में उसका शव उपलाता हुआ मिला।

**यूडी केस दर्ज किया गया:** परिजन आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि शौच के बाद पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया होगा। जिसके कारण डूब कर उसकी मौत हो गई। बेन थानाध्यक्ष राजीव रंजन ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के उपरांत पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। यूडी केस दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

# पांच तक नाला रोड बनाने का निर्देश

निज संवाददाता। बिहारशरीफ

स्मार्ट सिटी की कछुआ चाल से चलने वाली योजनाओं में नाला रोड भी एक है। तालाब का सौंदर्यीकरण के बाद नाला रोड ही ऐसा प्रोजेक्ट है जो कब पूरा होगा, यह कहना मुश्किल है। टिकुली पर और सुभाष पार्क दो ऐसा प्रोजेक्ट था जिसे पूरा होने में 3 साल से अधिक समय लगा गया था।

यही स्थिति नाला रोड की है। तीन साल से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी बासो चाय दुकान से मछली मंडी तक काम पूर्ण नहीं हो पाया है। जबकि अभी धर्मशाला से मोगल कुंआ तक काम होना बाकी है। दुर्गा पूजा को लेकर फ्लाई ओवर और नाला रोड निर्माण कार्य पर नजर रखी जा रही है। एमडी द्वारा संवेदक व अभियंता के साथ बैठक के काम में तेजी लाने के लिए लगातार निर्देश दिया जा रहा है। एमडी दीपक कुमार मिश्रा ने नाला रोड का निरीक्षण किया तथा 5 अक्टूबर तक बासो चाय दुकान से मछली मंडी तक दोनों लेन का काम पूरा करने का निर्देश दिया है। एमडी ने बताया कि दुर्गा पूजा के दौरान नाला रोड में लोगों का आवागमन काफी बढ़ जाता है।

ऐसे में अगर काम पूरा नहीं हुआ तो परेशानी बढ़ सकती है। इसलिए जितना जल्द हो सके रोड निर्माण का कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है।एक तरफ रोड निर्माण का कार्य चल रहा है वहीं दूसरी तरफ तेजी से अतिक्रमण भी बढ़ता जा रहा है। नाला रोड में वी टू मॉल के समीप रोड के एक साइड में वाहनों का कब्जा है। मॉल में आने वाले ग्राहक गाड़ी की पार्किंग रोड पर ही कर देते हैं। इसके अलावे फुटपाथी दुकानदार भी अपना कब्जा जमाए रहते हैं।

# पिंडदान के लिए 4 लाख से अधिक तीर्थयात्री पहुंच चुके, फल्गु नदी के तट देवघाट पर जुटे पिंडदानी

निज संवाददाता। गया

### हर दिन लोगों की बढ़ती जा रही संख्या



गया जी धाम में तीर्थयात्रियों की हर दिन भारी भीड़ उमड़ रही है। इस भीड़ में आम के साथ-साथ खास भी हैं। सभी अपने पूर्वजों को जन्म-मरण से मुक्ति और उनके मोक्ष के निमित पिंडदान के विधि विधान को सम्पन्न कराने में जुटे हैं। जिला प्रशासन की माने तो अबतक 4 लाख से अधिक तीर्थ यात्री गया जी आ चुके हैं। उनके आने और जाने का क्रम हर दिन बना हुआ है। तीर्थ यात्री आगामी बुधवार तक विष्णुपद मन्दिर से जुड़ी पिंडवेदियों पर पूर्वजों के निमित पिंडदान करेंगे। विष्णुपद से जुड़े पिंडवेदियों पर पिंडदान का विधान पंचमी तिथि से शुरू है जो अष्टमी तक चलेगा। इस बीच पिंडदानियों द्वारा अलग अलग दिन कुल मिलाकर 19 पिंड वेदियों पर पिंडदान करेंगे। इस दौरान त्रिपाक्षिक श्राद्ध करने वालों के अलावा तीन दिनों तक का श्राद्ध करने वालों की भीड़ देखने को मिलेगी।

**उमस भरी गर्मी कर रही परेशान:** सोमवार सुबह से ही कार्तिकपद, दक्षणाग्निपद, गार्हपत्याग्निपद, आह्यवियाग्नि पद वेदियों पर पिंडदान करने की भीड़ लग रही है। यह सभी वेदी विष्णुपद मन्दिर परिसर के अंदर ही स्थित हैं। इन स्थानों पर पिंडदान करने के बाद पिंडदानी भगवान श्री हरि विष्णु के गर्भगृह में विष्णुचरण का दर्शन करेंगे। इसके अलावा सोमवार को आने वाले पिंडदानी फल्गु नदी के तट देवघाट में पिंडदान करने में जुटे हैं। खास बात यह भी गया जी में उमस भरी गर्मी बखूबी इन दिनों पड़ रही है। इसकी वजह पिंडदानी थोड़े बेदम हैं। गौरतलब है कि पिंडदान करने के लिए बड़ी संख्या में या तो बुजुर्ग होते हैं या फिर अधेड़। गर्मी व उपवास की वजह से कई तीर्थ यात्रियों को स्वास्थ्य सम्बन्धित दिक्कत भी हो रही है। हालांकि विष्णुपद मन्दिर परिसर के निकट ही स्वास्थ्य शिविर होने की वजह से उन्हें तत्काल उपचार भी मिल जा रहा है। विष्णुपद प्रबन्धकारिणी समिति के अध्यक्ष शम्भू लाल बिट्ठल का कहना है कि तीर्थ यात्रियों की संख्या प्रति दिन बढ़ रही है। सभी तीर्थ यात्री सब कुछ भूलकर अपने पितरों के निमित कर्मकांड करने में विभिन्न वेदियों पर जुटे हैं।

# मृत घोषित करने के बाद उठ खड़ा हुआ युवक, सदर अस्पताल में बाथरूम में फर्श पर मिला व्यक्ति

निज संवाददाता। नालंदा

### अस्पताल प्रबंधन पर सवाल



बिहारशरीफ सदर अस्पताल में सोमवार की सुबह एक घटना ने सभी को हैरान कर दिया। बाथरूम के अंदर पड़े एक व्यक्ति को मृत समझकर पोस्टमार्टम भेजने की बात पर व्यक्ति अचानक उठ खड़ा हो गया। इस घटना को देखने के बाद सभी लोग हैरान हो गए। इस मामले में बताया गया है कि अस्पताल सफाई कर्मचारी ने अस्पताल प्रबंधक को सूचना दी कि पहली मंजिल स्थित एक बाथरूम का दरवाजा अंदर से बंद है। जिसके बाद नगर थाना पुलिस को बुलाया गया। पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद दरवाजा तोड़ा गया तो अंदर एक व्यक्ति फर्श पर पड़ा मिला।

**डॉक्टर ने किया था मृत घोषित:** सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह ने जब व्यक्ति को देखा तो उन्होंने भी बिना नब्ज की जांच किए उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद उसे पोस्टमार्टम भेजने का आदेश दे दिया। लेकिन जैसे ही यह बात फर्श पर लेटे व्यक्ति के कानों तक पहुंची। वह अचानक उठ खड़ा हुआ। जिससे मौजूद सभी लोग हैरान रह गए।

**अस्पताल प्रशासन की लापरवाही पर सवाल:** इस घटना ने अस्पताल प्रशासन और पुलिस दोनों को अपनी कार्यप्रणाली पर पुनर्विचार करने पर मजबूर कर दिया है। पूछताछ में पता चला कि युवक का नाम राकेश कुमार है। वो अस्थावां थाना क्षेत्र के जिराइनपर गांव का निवासी है। दवा लेने अस्पताल आया था। इसके साथ ही घटना को लेकर लोग अस्पताल प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठा रहे हैं। बता दें कि स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। व्यक्ति को पूछताछ के लिए थाने ले जाया गया। नगर थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि बाथरूम के अंदर उसे चक्कर आ गया था। वह फर्श पर ही लेट गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह भगवान से मिलने जा रहा था। आवश्यक पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया है।

# रात में गांधी मैदान टेंट सिटी पहुंचे एसएसपी

निज संवाददाता। गया

गया विश्वप्रसिद्ध पितृपक्ष मेला महासंगम में देश-विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों की सेवा में गयावासी, स्वयंसेवी समूह व विभिन्न संगठन के लोग तत्पर हैं। वहीं गया पुलिस भी तीर्थयात्रियों की सुरक्षा व सहायता के लिए हर स्तर से प्रयासरत है। दिन में उन यात्रियों को तो हर ओर से सेवा, सुरक्षा व सहायता मिल जा रही है। लेकिन रात में वे तीर्थयात्री अपने को सुरक्षित समझ रहे हैं व दी जाने वाली सुविधा से संतुष्ट हैं या नहीं यह जानने के लिए एसएसपी आशीष भारती शनिवार की देर रात गांधी मैदान में उनके लिए बनाये गए आवासन स्थल पहुंचकर निरीक्षण किया और वहां ठहरे तीर्थयात्रियों से बातचीत कर उनका फीडबैक लिया। एसएसपी ने टेंट सिटी पहुंचकर आवासन स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां ठहरे तीर्थयात्रियों से उनकी सुरक्षा और सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि सभी तीर्थयात्री सुरक्षित और संतुष्ट हैं या नहीं। एसएसपी ने तीर्थयात्रियों से यह भी पूछा कि क्या उन्हें यहां ठहरने के लिए किसी व्यक्ति के द्वारा पैसे की मांग तो नही की गई है।

# एकमुश्त भुगतान पर छूट, परिवहन विभाग की ओर से सर्वक्षमा योजना की शुरुआत, वित्तीय बोझ से मुक्ति

निज संवाददाता। नालंदा




परिवहन विभाग ने टैक्स डिफॉल्टर वाहन मालिकों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 'सर्वक्षमा योजना' की घोषणा की है। इस योजना का उद्देश्य बकाया करों के भुगतान को प्रोत्साहित करना और वाहन मालिकों को राहत प्रदान करना है। जिला परिवहन पदाधिकारी नालंदा ने बताया कि यह योजना 31 मार्च 2025 तक लागू रहेगी। इसके तहत टैक्स डिफॉल्टर वाहन मालिकों को बकाया पथकर, हरित कर, अस्थायी निबंधन की फीस और व्यापार कर के एकमुश्त भुगतान पर अर्थदंड और ब्याज से छूट दी जाएगी।

**डिफॉल्टर वाहन मालिकों को मिलेगी राहत:** इस योजना के पीछे का मुख्य कारण यह है कि कई वाहन मालिक विभिन्न कारणों से समय पर कर जमा नहीं कर पाए थे। कुछ वाहन विक्रेताओं के पास भी पुराने बकाये हैं। वे इसे जमा करना चाहते हैं, लेकिन अत्यधिक अर्थदंड के कारण मूल कर की राशि नहीं दे पा रहे थे। जिसको लेकर यह योजना न केवल वाहन मालिकों को राहत देगी, बल्कि राज्य के राजस्व में भी वृद्धि करेगी। जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि हमें उम्मीद है कि इस योजना से बड़ी संख्या में वाहन कर के दायरे में आएंगे। जिससे राज्य को आर्थिक लाभ होगा।

**वित्तीय बोझ से मुक्ति के साथ राज्य विकास में योगदान:** बता दें कि विशेष रूप से जिन वाहन मालिकों के खिलाफ नीलामी की कार्रवाई शुरू हो चुकी है, उन्हें भी राहत मिलेगी। एकमुश्त राशि या कर और अर्थदंड जमा करने पर नीलामी प्रक्रिया वापस ले ली जाएगी। ब्याज की राशि भी माफ कर दी जाएगी। परिवहन विभाग ने सभी पात्र वाहन मालिकों से अपील किया है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपने बकाया करों का निपटारा करें। यह न केवल उन्हें वित्तीय बोझ से मुक्ति दिलाएगा बल्कि राज्य के विकास में भी योगदान देगा।

पूर्व रेलवे

**खुली निविदा सूचना सं. 37-एसडीएसटीई-एएसएन-2024-25, दिनांक 20.09.2024।** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **कार्य का नाम/स्थान :** आसनसोल मंडल - एसटीएन-जेएजे अनुभाग में एससीएडीए सिस्टम के मौजूदा 12 अदद अत्यंत पुराने स्विचिंग पोस्ट आरटीयू के प्रतिस्थापन के संबंध में दूरसंचार कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 85,83,840.55; **बयाना राशि :** रु. 1,71,700; **कार्य समापन अवधि :** एलओए के जारी किए जाने की तारीख से 180 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** 17.10.2024 को दोपहर 12.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps.gov.in/** (ASN-178/2024-25)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. ईएनजीजी-03/24-25 (खुली), दिनांक 19.09.2024;** मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे, कंचरापाड़ा वर्कशॉप, उत्तर 24 परगना, डाकघर-कांचरापाड़ा, पिन 743145 (प.बं.) द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए विशेषकर रेलवे/सीपीडब्ल्यूडी/पीडब्ल्यूडी/एमईएस/सिंचाई अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में अतीत में समतुल्य प्रकृति के कार्य निष्पादन करने का समुचित अनुभव तथा वित्तीय क्षमता रखने वाले प्रतिष्ठित ठेकेदारों से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **निविदा सं. : डब्ल्यूटी-10-24-25, कार्य का विवरण :** केपीएडब्ल्यू में - कांचरापाड़ा में फोर्थ एवेन्यू में एसटीसी में पुराने हॉस्टल की दशा को सुधारना। **निविदा मूल्य:** रु. 2,13,67,620.93। **बयाना राशि:** रु. 2,56,800। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **एलओए के जारी किए जाने की तारीख से समापन अवधि:** 12 महीने। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 14.10.2024 को अपराह्न 2.30 बजे। कार्य का दायरा सांकेतिक मात्र है। हालांकि, विस्तृत विवरण भारतीय रेल की ई-टेंडरिंग साइट (आईआरईपीएस) **https://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **प्रस्ताव जमा अवधि:** निविदा खुलने के 15 दिन पहले। निविदा दिनांक 14.10.2024 को अपराह्न 2.00 बजे बंद कर दी जाएगी एवं निविदा उसी दिन अपराह्न 2.30 बजे के उपरांत किसी भी समय खोली जाएगी। (MISC-176/2024-25)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

Page 11  खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10  देश

**शतरंजन ओलंपियाड : दिव्या देशमुख और वन्तिका अग्रवाल ने रचा इतिहास**

**भूपेश बघेला ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को लिखा खत, छत्तीसगढ़ में रची जा रही है...**

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, मृगशिरा, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • मंगलवार • 24 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 284 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹69,800 | ₹93,000 |

## आज का इतिहास

- **2009 : भारत के पहले चन्द्रयान-1 ने चांद की सतह पर पानी खोज निकाला।**
- **2014 : भारत का इसरो का मार्स ऑर्बिटर मिशन मंगल की कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश कर गया।**

## न्यूज बाइट्स

### इग्नू में अब 30 सितंबर तक ले सकते हैं नामांकन

**पटना (नि.सं.)।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई सत्र के लिए नामांकन तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी 30 सितंबर तक नामांकन ले सकते हैं। इससे पहले, अंतिम तिथि एक सितंबर थी, जिसे बढ़ाकर 10 सितंबर कर दिया गया था। फिर 10 से 20 सितंबर तक किया गया। अब फिर से नामांकन तिथि बढ़ा कर 30 सितंबर कर दिया गया है। ऑनलाइन और ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) मोड के माध्यम से विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकन ले सकते हैं।

### बिहार सरकार ने फिक्स किया दलहन और मक्के का रेट

**पटना (नि.सं.)।** नीतीश सरकार इस साल पैक्सों के माध्यम से दलहन और मक्का की खरीद करने की तैयारी में है। यह खरीद केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर होगी। इसके लिए खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव एन. सरवन कुमार ने सभी जिलों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया है। साथ ही राज्य में कार्यरत करीब 500 व्यापार मंडलों को भी दलहन व मक्का की क्रय के लिए तैयारी करने को कहा गया है। एक नवंबर से धान की खरीद की तैयारी है। इसमें सहकारिता विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। संबंधित अनाज की खरीद उन किसानों से होगी, जो कृषि विभाग के पोर्टल पर निबंधित होंगे।

### एमबीबीएस में पहले चरण का नामांकन रद्द

**पटना (नि.सं.)।** राज्य के मेडिकल कॉलेजों में 85 प्रतिशत सीटों के लिए हुए पहले चरण के नामांकन को रद्द कर दिया गया है। बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (बीसीईसीईबी) ने नामांकन को रद्द करने की सूचना वेबसाइट पर जारी कर दी है। बीसीईसीईबी ने कहा है कि पूर्व में प्रकाशित मेधासूची में परिवर्तन होने के कारण पहले चरण के काउंसिलिंग रद्द की गयी है, जिसकी वजह से सभी अभ्यर्थियों का नामांकन भी रद्द हो गया है। अब पुनः अभ्यर्थियों को विकल्प बदलने के लिए विंडो 24 से 25 सितंबर तक खुला रहेगा। पहले राउंड के तहत सीट आवंटन रिजल्ट 27 सितंबर को जारी किया जाएगा। राउंड एक के तहत नामांकन व प्रमाण पत्रों का सत्यापन 28 से 30 सितंबर तक होगा। दूसरे राउंड की काउंसिलिंग की जानकारी बाद में दी जाएगी। बताते चलें कि बीसीईसीईबी ने कहा है कि बिहार सरकार ने तांती (ततवा) जाति को पान स्वासी से हटा कर ईबीसी कोटि में पुनर्स्थापित करने संबंधित आदेश के आलोक में तांति (ततवा) जाति जो अपने ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में एससी कोटि अंकित किया था, उन्हें बदलाव करने का मौका देते हुए एससी से ईबीसी कोटि में परिवर्तन करने का निर्देश दिया गया था। उसके आलोक में एससी के कुल 30 अभ्यर्थियों द्वारा ईबीसी कोटि में परिवर्तन किया गया, जिसके कारण यूजीएमएसी-2024 के 21 अगस्त को प्रकाशित मेधासूची में परिवर्तन हो गया।

मुख्यमंत्री ने जहानाबाद जिले में कई योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

# सीएम ने दी 122 करोड़ की सौगात, पटना-गया-डोभी फोरलेन का लिया जायजा

**निज संवाददाता | पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को एनएच-30 और एनएच-83 को जोड़ने वाले निर्माणाधीन पटना-गया-डोभी लिंक पथ का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही जहानाबाद जिले को 122 करोड़ की सौगात दी।

मुख्यमंत्री ने जहानाबाद जिले को 122 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री सोमवार को जहानाबाद सदर प्रखंड के कल्पा गांव से रिमोट के माध्यम से विभिन्न विभागों के 57 करोड़ 14 लाख 59 हजार रुपये की योजनाओं का उद्घाटन और 65 करोड़ 62 लाख 4 हजार रुपये की योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सड़क मार्ग से पटना से जहानाबाद पहुंचे।

उन्होने पटना से जहानाबाद जाने के क्रम में मुख्यमंत्री ने सरिस्ताबाद गांव के पास एनएच 30 और नाथूपुर गांव के पास एनएच 83 को जोड़ने वाले निर्माणाधीन पटना-गया-डोभी लिंक पथ का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने पटना-गया-डोभी (एनएच 83) मार्ग पर अवस्थित जहानाबाद में निर्माणाधीन आरओबी का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद जहानाबाद के कनौदी गांव के पास एनएच 83 पर ही आयोजित समीक्षा बैठक में पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने पटना-गया-डोभी पथ के निर्माण कार्य के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बचे हुए काम को तेजी से पूर्ण करने के लिए कार्रवाई की जा रही है। जब यह मार्ग बन जाएगा तो पटना से डोभी की दूरी 2 घंटे में तय की जा सकेगी। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना-गया-डोभी मार्ग के बचे हुए कार्य को 2 महीने के अंदर पूर्ण करें। इस मार्ग के पूर्ण हो जाने से पटना से डोभी तक पहुंचने में लोगों के समय की बचत होगी और आवागमन भी सुलभ हो जाएगा। साथ ही लोगों को झारखंड पहुंचने में भी समय की बचत होगी।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने वहां विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना अंतर्गत लाभुकों को चेक, उज्ज्वल दृष्टि योजना अंतर्गत वृद्ध जनों को चश्मा भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने लाभुकों को आयुष्मान भारत कार्ड, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत विद्यार्थियों को कुल 5 लाख 21 हजार रुपये का सांकेतिक चेक, भूमि संरक्षण अंतर्गत जल छाजन विकास योजना के तहत 50 लाभुक किसानों को 25 लाख का सांकेतिक चेक तथा 5573 जीविका स्वयं सहायता समूहों को 45 करोड़ 26 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कल्पा ग्राम स्थित तालाब के जीर्णोद्धार कार्य तथा पेवर ब्लॉक पथ का भी निरीक्षण किया और तालाब किनारे बेहतर ढंग से वृक्षारोपण कराने तथा सौंदर्यीकरण को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए।

इस अवसर पर ग्रामीण कार्य मंत्री सह जहानाबाद जिला के प्रभारी मंत्री अशोक चैधरी, विधान पार्षद रवींद्र प्रसाद सिंह, विधायक सुदय यादव, विधायक रामबली सिंह यादव, पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, पूर्व विधायक अभिराम शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, महानिदेशक सह अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप पुदुकल कट्टी, मगध प्रमंडल के आयुक्त प्रेम सिंह मीणा, मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक क्षत्रनील सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा, जहानाबाद की जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डे, जहानाबाद के पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# आमजन की सुविधा हेतु नया सॉफ्टवेयर 'ई-निबंधन' किया जा रहा है लागू

**निज संवाददाता | पटना**



सोमवार को सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के सूचना भवन के संवाद कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में माननीय मंत्री रत्नेश सादा और सचिव, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, विनोद सिंह गुंजियाल ने महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं। उन्होंने बताया कि आम जन की सुविधा हेतु नया सॉफ्टवेयर 'ई-निबंधन' लागू किया जा रहा है, जिससे नागरिकों को निबंधन प्रक्रिया में अधिक सहूलियत मिलेगी।

इस सॉफ्टवेयर का पहला चरण 29 जुलाई 2024 से शुरू हुआ, जिसमें जहानाबाद, दानापुर, पटना सिटी, फतुहा और बिहटा के निबंधन कार्यालय शामिल हैं। द्वितीय चरण में 9 सितंबर 2024 से 11 अन्य निबंधन कार्यालयों में यह सॉफ्टवेयर लागू हो चुका है। निकट भविष्य में इसे सभी निबंधन कार्यालयों में लागू किया जाएगा। नया सॉफ्टवेयर नागरिकों को ऑनलाइन निबंधन के लिए आवेदन करने की सुविधा प्रदान करेगा। नागरिक अब अपनी आवेदन की स्थिति की अद्यतन जानकारी घर बैठे प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा, भूमि की श्रेणी और उस पर देय शुल्क की जानकारी भी उन्हें सॉफ्टवेयर के माध्यम से मिलेगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए निबंधन विभाग का राजस्व लक्ष्य 7,500 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। अगस्त 2024 तक विभाग ने 3,305.64 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति की है, जो लक्ष्य का 44.08 प्रतिशत है। पिछले वर्ष की तुलना में राजस्व प्राप्ति में 15.18 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है।

1995 से अब तक 2,34,62,435 दस्तावेजों का डिजिटाईजेशन किया जा चुका है। 1796 से 1995 के बीच के लगभग 5,13,48,914 दस्तावेजों का डिजिटाईजेशन भी शीघ्र किया जाएगा।

निबंधन कार्यालयों में आम जन की सुविधाओं के लिए डैशबोर्ड एवं वातानुकूलित प्रतीक्षालय स्थापित किए गए हैं। सभी निबंधन कार्यालयों में पेयजल और शौचालय की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। मंत्री ने मद्य निषेध के तहत 8,43,907 उत्पाद अभियोगों का उल्लेख किया, जिनमें से 3,70,814 मद्य निषेध विभाग और 4,73,093 पुलिस विभाग द्वारा दर्ज किए गए हैं। अब तक कुल 1,49,68,664 बल्क लीटर देशी और 1,96,93,058 बल्क लीटर विदेशी शराब बरामद की गई है। विभाग ने रिक्त पदों को भरने के लिए भी कार्रवाई की है। मद्य निषेध अधिनियम 2022 के तहत शराब से जुड़े मामलों में जब्त किए गए वाहनों की नीलामी से 327.13 करोड़ रुपये की आय हुई है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में उप सचिव निरंजन कुमार, उप महानिरीक्षक सुशील कुमार सुमन और संयुक्त आयुक्त कृष्ण कुमार भी उपस्थित थे। माननीय मंत्री ने स्पष्ट किया कि यह सभी पहलें नागरिकों को बेहतर सेवाएँ और सुरक्षा प्रदान करने के लिए की जा रही हैं। आगे चलकर, विभाग और अधिक तकनीकी नवाचारों को अपनाने की योजना बना रहा है, ताकि नागरिकों को निबंधन और मद्य निषेध से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान मिल सके।

# सीएम आतिशी और केजरीवाल को कोर्ट में पेश होने का समन जारी

### बीजेपी नेता ने दायर किया था मानहानि का मुकदमा



- **अदालत ने आरोपों पर बहस तीन अक्टूबर को तय की**

**एजेंसी | नई दिल्ली**

राउज एवेन्यू स्थित अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने मुख्यमंत्री आतिशी और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और अन्य को उनके खिलाफ दायर मानहानि मामले में तीन अक्टूबर को पेशी का समन जारी किया है। अदालत अब आरोपों की दलीलों पर भी उक्त तारीख को विचार करेगी। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तान्या बामनियाल ने आरोप और आरोपित व्यक्तियों की उपस्थिति पर बहस के लिए मामले को तीन अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध किया है। भाजपा नेता राजीव बब्बर ने वर्ष 2020 में आप नेताओं के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। हाईकोर्ट ने पिछले हफ्ते ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही के खिलाफ अपील खारिज कर दी थी।

# फर्जीवाड़े में फंसे पटना एम्स के डायरेक्टर बेटे के ओबीसी सर्टिफिकेट की जांच शुरू

**निज संवाददाता | पटना**



पटना एम्स के कार्यकारी निदेशक सह सीईओ डॉ. गोपाल कृष्ण पाल के बेटे को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) गैर-क्रीमी लेयर (एनसीएल) प्रमाण पत्र जारी करने में कथित गड़बड़ी की जांच बिहार सरकार ने शुरू कर दी गई है। दरअसल कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) मंत्रालय के नियम के मुताबिक केंद्रीय और राज्य सेवाओं के ग्रुप-1 के अधिकारियों के बेटे और बेटियां क्रीमी लेयर के अंतर्गत आते हैं। बिहार और उत्तर प्रदेश में ओबीसी के लिए 27% आरक्षण के लाभ के हकदार नहीं होते हैं। बावजूद इसके पटना एम्स के डायरेक्टर के बेटे का ओबीसी सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया। इसके अलावा, जाति प्रमाण पत्र आम तौर पर आवेदक के निवास स्थान से जारी किए जाते हैं। जबकि डॉक्टर पाल के बेटे का ओबीसी प्रमाण पत्र पटना से ही जारी कर दिया गया। जिसमें उनका पता पटना के दानापुर उपमंडल के खगौल ब्लॉक में एम्स आवासीय परिसर हैं। जबकि उनका स्थायी पता ओडिशा है। डॉ. पाल के बेटे ऑरो प्रकाश पाल के ओबीसी प्रमाण पत्र में खामियों की जांच के लिए पटना के डीएम की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। जिसमें कल्याण अधिकारी और जिला लेखा अधिकारी भी शामिल हैं। इसकी जानकारी जिलाधिकारी चंद्र शेखर सिंह ने दी।

डीएम चंद्र शेखर ने बताया कि 10 सितंबर को डॉ. पाल ने सर्टिफिकेट रद्द करने का अनुरोध किया था। जिसके तुरंत बाद हमने ओबीसी प्रमाणपत्र जारी करने में बरती गईं अनियमितताओं की जांच शुरू कर दी है। उम्मीद है कि जांच समिति जल्द ही अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। डॉ. ऑरोप्रकाश पाल को पटना से दो ओबीसी (एनसीएल) प्रमाणपत्र जारी किए गए। पहला 13 जनवरी को फुलवारीशरीफ ब्लॉक के राजस्व अधिकारी और दूसरा 27 अप्रैल को दानापुर के राजस्व अधिकारी ने जारी किया था। एचटी के पास उनके दोनों ओबीसी (एनसीएल) प्रमाणपत्रों की प्रतियां हैं। पटना से जारी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर डॉ. ऑरोप्रकाश को 30 अगस्त को गोरखपुर एम्स में माइक्रोबायोलॉजी में तीन वर्षीय स्नातकोत्तर एमडी (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन) पाठ्यक्रम में ओबीसी कैटेगरी के तहत प्रवेश मिला। जबकि से उनके पिता डॉ. पाल नॉन क्रीमी लेयर में नहीं आते हैं। सोशल मीडिया पर ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) प्रमाणपत्र के आधार पर उनकी नियुक्ति की खबर आने के बाद, डॉ. ऑरो प्रकाश पाल ने 3 सितंबर को एमडी पाठ्यक्रम से इस्तीफा दे दिया।

# बीपीएससी 70वीं कंबाइंड परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी

- **28 सितंबर से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे अभ्यर्थी, 1957 पदों के लिए निकली भर्ती**

**निज संवाददाता | पटना**

बीपीएससी 70वीं कंबाइंड परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। आयोग ने 1957 पदों पर भर्ती निकली है। बिहार लोक सेवा आयोग के इतिहास में संयुक्त सिविल सेवा में यह सबसे बड़ी वैकेंसी है। आयोग की ओर से जारी नोटिस के अनुसार अभ्यर्थी 28 सितंबर से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 18 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन करने की लास्ट डेट है। परीक्षा 17 नवंबर से आयोजित की जाएगी।

बीपीएससी 70वीं में इस बार 8 से 10 लाख आवेदन आने की संभावना है। इससे पहले 400 से 800 पदों के लिए भर्ती निकलती थी। इसमें 4 लाख से अधिक आवेदन आए थे। इस बार रिक्त पदों की संख्या दोगुनी है। इसमें देशभर के सिविल सेवा की तैयारी करने वाले छात्र जुटेंगे। खासकर वैसे अभ्यर्थी जो यूपीएससी क्लियर नहीं कर पा रहे है, इनकी संख्या भी बीपीएससी 70वीं में अधिक होगी।

परीक्षा में तीन प्रश्नों के गलत जवाब देने पर एक सही आंसर का अंक कट जाएगा। पहले चार गलत जवाब देने पर एक सही आंसर का अंक काटा जाता था। बीपीएससी ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की शैली को अपनाया है। आयोग के अध्यक्ष परमार रवि मनुभाई ने कहा कि बीपीएससी के इतिहास में संयुक्त सिविल सेवा में यह सबसे बड़ी वैकेंसी है। प्रीलिम्स एग्जाम में 150 प्रश्न पूछे जाएंगे। ये सभी ऑब्जेक्टिव टाइप होंगे। इसके लिए अभ्यर्थियों को दो घंटे का समय मिलेगा। नेगेटिव मार्किंग होंगी। वेकैंसी के 10 गुना उम्मीदवारों को इसमें पास किया जाएगा। प्रीलिम्स परीक्षा में पास होने वाले अभ्यर्थियों को मेंस में शामिल होने दिया जाएगा।

जनसुराज पार्टी की घोषणा से पहले संगठन विस्तार

# नए सदस्यों को दिलाई गयी सदस्यता, कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान

**निज संवाददाता | पटना**




रविवार को जनसुराज के संस्थापक सदस्य और वैशाली जिले के महनार अनुमंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने पटना स्थित जनसुराज मुख्यालय में विभिन्न जिलों से आए लोगों को जनसुराज की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने संगठन के सिद्धांतों, विचारधारा और मूलभूत बातों पर विस्तार से चर्चा की और नए सदस्यों को संगठन के लिए सक्रिय रूप से काम करने के लिए प्रेरित किया। प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि जनसुराज एक ऐसा मंच है, जो समाज के हर वर्ग की समस्याओं को समझते हुए, उन्हें समाधान की दिशा में ले जाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने नए सदस्यों को संगठन की विचारधारा से अवगत कराते हुए कहा कि जनसुराज का उद्देश्य एक मजबूत और न्यायसंगत समाज की स्थापना करना है, जिसमें हर व्यक्ति की आवाज सुनी जाए और उसकी समस्याओं का समाधान हो। इस दौरान उन्होंने गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जनसुराज पार्टी की घोषणा की बात कही। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम संगठन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा, जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोगों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने नए सदस्यों से अपील की कि वे इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लोगों को शामिल करें और संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाएं। इस अवसर पर जनसुराज मुख्यालय से युवा नेता ऋषभ त्रिपाठी भी उपस्थित थे। उन्होंने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि जनसुराज एक ऐसा मंच है, जो युवाओं को नेतृत्व प्रदान करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि संगठन में सभी का स्वागत है और हम सभी मिलकर एक मजबूत और संगठित समाज के निर्माण के लिए काम करेंगे।

# चुनाव आयोग की टीम पहुंची रांची, मुख्य चुनाव आयुक्त दो दिन में करेंगे पांच बैठक

**निज संवाददाता | रांची**



विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड में सरगर्मी बढ़ गई है। तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की टीम दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंच चुकी है। टीम में निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार, सुखबीर सिंह संधु, वरीय उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा, नीतेश व्यास, मनीष गर्ग और उप निर्वाचन आयुक्त संजय कुमार शामिल हैं। इनके साथ करीब डेढ़ दर्जन अधिकारी भी हैं। दो दिनों के इस दौरे में टीम कुल पांच बैठक करेंगे। टीम आज कुल चार मीटिंग करेगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में 23 सितंबर को होटल रेडिशन ब्लू में दिन के 11 बजे से राजनीतिक दलों के साथ बैठक होगी। इस बैठक में छह राष्ट्रीय पार्टियां और तीन क्षेत्रीय पार्टियों आजसू पार्टी, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय जनता दल के प्रतिनिधियों के साथ अलग-अलग बैठक होगी। इसके बाद दोपहर 2 से 3:30 बजे तक इन्फोर्समेंट एजेंसियों से जुड़े 21 विभागों के अधिकारियों साथ बैठक करेंगे।

साइंस एंड टेक्नोलॉजी मिनिस्टर ने कहा, सिर्फ टोकन मनी ली जाती है, 4 महीने में सांइस सेंटर भी खुलेगा

# बिहार में 10 रूपए में इंजीनियरिंग तो 5 रूपए में पॉलिटेक्निक कोर्स

- **बिहार के प्रत्येक जिले में एक-एक इंजीनियरिंग कॉलेज स्थापित किया गया है, जहां छात्रों को मामूली फीस में पढ़ाई का अवसर मिल रहा हैं।**

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार में इंजीनियरिंग की पढ़ाई 5 और 10 रुपए में हो रही है। राज्य सरकार बीटेक के लिए प्रतिमाह 10 रुपए तो पॉलिटेक्निक के लिए 5 रुपए वसूल रही है। साइंस एंड टेक्नोलॉजी मिनिस्टर सुमित सिंह ने बताया कि लेटरल एंट्री के जरिए इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों में एडमिशन भी हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पटना में निर्माणाधीन साइंस सेंटर अगले चार महीने में आम लोगों के लिए खोला जाएगा। बिहार में कुल 38 जिले हैं, हर जिले में एक-एक इंजीनियरिंग कॉलेज खोला गया है। इसमें इंजीनियरिंग की पढ़ाई होती है। इन कॉलेजों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को महीने में 10 रुपए देना होता है। वहीं पॉलिटेक्निक स्टूडेंट्स से 5 रुपए प्रति महीना लिया जाता है। राज्य में 46 पॉलिटेक्निक कॉलेज हैं। मंत्री सुमित सिंह कहते हैं कि बिहार सरकार इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए कोई शुल्क नहीं लेती। स्टूडेंट्स से सिर्फ टोकन मनी ली जाती है। इंजीनियरिंग कॉलेज में यह फीस सिर्फ 10 रुपए है तो पॉलिटेक्निक कॉलेज में 5 रुपए प्रति माह।

बिहार के इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेज में लेटरल एंट्री का भी प्रावधान है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में लेटरल एंट्री के जरिए कुल 3 हजार 733 स्टूडेंट्स ने एडमिशन लिया है। बीटेक के लिए 2 हजार 572 स्टूडेंट्स और पॉलिटेक्निक के लिए 1 हजार 161 स्टूडेंट्स ने लेटरल एंट्री से एडमिशन करवाया है। बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा परिषद नामांकन को लेकर एग्जाम लेती है। वहीं बीटेक के लिए 8 हजार 429 छात्र छात्राओं ने एडमिशन लिया। पॉलिटेक्निक में 14 हजार 47 स्टूडेंट्स ने नामांकन लिया। चालू सत्र 2024-25 में बीटेक के लिए 12 हजार 280 सीट, पॉलिटेक्निक के लिए 13 हजार 912 और एमटेक के लिए 386 सीट पर काउंसलिंग चल रही है। पटना में अंतरराष्ट्रीय स्तर के बन रहे साइंस सेंटर का सिविल वर्क खत्म हो चुका है। इसे अगले तीन से चार महीने के अंदर आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। पटना के राजेंद्र नगर इलाके में बन रहे साइंस सेंटर का उद्घाटन विधानसभा चुनाव के पहले होने की पूरी संभावना है। साइंस एंड टेक्नोलॉजी मिनिस्टर सुमित सिंह ने बताया कि देश ही नहीं बल्कि विदेश से रिसर्चर यहां आएंगे। यह साइंस के लिए बेहतरीन स्पेस होगा।

# जेडीयू में शामिल श्याम रजक को नीतीश कुमार ने बनाया राष्ट्रीय महासचिव

**निज संवाददाता | पटना**



हाल ही में नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड में शामिल हुए पूर्व मंत्री श्याम रजक को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। नीतीश कुमार ने उन्हें जदयू का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है। इसके साथ ही जेडीयू के वरिष्ठ नेता अरुण कुमार को झारखंड का पार्टी सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। आपको बता दें 1 सितंबर को श्याम रजक जेडीयू में शामिल हुए थे। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई थी। ये दूसरा मौका था जब रजक जदयू में वापस आए हैं। इससे पहले आरजेडी के दिग्गज नेता माने जाने वाले श्याम रजक ने लोकसभा चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर रोष जताया था। लालू यादव पर परिवारवाद का आरोप लगाया था। श्याम रजक 1995 में पहली बार फुलवारी शरीफ से विधायक बने। उन्होंने लंबे समय तक लालू यादव का साथ निभाया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## न्यूज बाइट्स

### सामाजिक पहल पर पति -पत्नी की वर्षों का विवाद हुआ खत्म

**नवादा (नि.सं.)।** चक्रवर्ती सम्राट अशोक कुशवाहा सेवा समिति ट्रस्ट हिसुआ के कार्यालय कुशवाहा भवन हिसुआ में रविवार को लंबे अरसे से चली आ रही पति-पत्नी के विवाद का समझौता हो गया। बैजनाथ प्रसाद कुशवाहा और मुसाफिर प्रसाद की कुशवाहा की अगुवाई में लड़का विकास कुमार पिता शीतल प्रसाद गया जिला के मखदुमपुर निवासी और लड़की सोनम कुमारी पिता मनोज कुमार ग्राम जघारो थाना बेन नालंदा जिला के निवासी दोनों के बीच लंबे अरसे से चली आ रही विवाद को चक्रवर्ती सम्राट अशोक कुशवाहा सेवा समिति के पहल पर समाप्त हो गया। बैठक की अध्यक्षता बैजनाथ प्रसाद कुशवाहा ने किया वहीं समाज के संयोजक मुसाफिर प्रसाद कुशवाहा, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, सचिव डॉ सुभाष सुमन, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार टुनटुन, सहकोषाध्यक्ष मसूदन प्रसाद कुशवाहा, ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा, अमरनाथ चुन्नू, डॉ. बाबू चंद प्रसाद, शिव प्रसाद महतो, विजय महतो, जीविका दीदी कुमारी निभा सिंहा, दिनेश कुमार कुशवाहा, सुजीत कुमार कुशवाहा, उपसचिव ओम प्रकाश मेहता, वीरेंद्र कुमार, मनोज कुमार, प्रताप कुमार समेत दोनों पक्ष (लड़का और लड़की) के लोग भी उपस्थित थे। समाज के सभी लोगों के सामूहिक प्रयास से लंबे अरसे से चली आ रहे विवाद समाप्त हो गया। पति विकास कुमार पत्नी सोनम कुमारी गले मिलकर एवं फूल माला पहनाकर गीले शिकवे दूर किए। इसके साथ हीं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर संग -संग जीने मरने का कसम खाई और भविष्य में लड़ाई झगड़ा न करने की बात कही। दोनों पक्ष के लोग इस कमेटी चक्रवर्ती सम्राट अशोक कुशवाहा सेवा समिति के क्रियाकलाप पर बहुत खुश दिखे और चक्रवर्ती सम्राट अशोक कुशवाहा सेवा समिति के सभी पदाधिकारी और सदस्यगण को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

### मौसम की बेरुखी से बढ़ी परेशानी, बिजली का नहीं मिल रहा साथ

**विक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)।** उमस भरे मौसम ने एक तरफ जहां बेहाल करके रखा है तो बिजली की आंख मिचौनी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। पिछले एक सप्ताह से मौसम में हुए बदलाव के कारण भीषण गर्मी से बच्चे, महिलाएं सभी परेशान दिख रहे हैं तो वही छोटे बच्चों में विभिन्न तरह की बीमारियां एवं परेशानियों देखने को मिल रही है। मौसम की बेरुखी ने बरसात को रोक रखा है जिसके चलते विभिन्न तरह के वायरल बुखार एवं सर्दी से लोग परेशान होने लगे हैं। लोगों को तब तक राहत मिलने वाली नहीं है जब तक बरसात का एक आगमन नहीं मिल जाता।वैसे उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को अगले कुछ दिनों तक राहत मिलनेवाली है, मौसम विभाग का कहना है कि 23 सितंबर से बारिश की वापसी हो सकती है।23 सितंबर से 26 सितंबर तक पटना समेत पूरे प्रदेश में बारिश होने की संभावना है बतलाई जा रही है। इस दौरान हवा की दिशा उत्तर-पश्चिमी रहेगी। अगले 48 से 72 घंटों तक मौसम शुष्क रहेगा और आसमान साफ रहेगा, तो सुबह-शाम मौसम सुहाना रहने की बात कही जा रही है।

### विधायक ने चलाया सदस्यता अभियान

**नौहट्टा (रोहतास) (नि.सं.)।** प्रखंड क्षेत्र के बांका मोड भादरा एवं दारानगर में सोमवार को चेनारी विधानसभा के विधायक मुरारी प्रसाद गौतम ने पहुंचकर भाजपा द्वारा चलाई जा रही सदस्यता जोड़ो अभियान में भाग लिया। और लोगों को ज्यादा से ज्यादा जुड़ने की अपील की। बताया गया कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा युद्ध स्तर पर सदस्यता जोड़ो अभियान चलाया जा रहा है जिसके तत्वाधान में नौहट्टा प्रखंड के विभिन्न गांव में भाजपा के मंडल अध्यक्ष गुड्डू सिंह के अगुवाई में यह कार्यक्रम चलाया गया। चिनारी विधानसभा के विधायक मुरारी प्रसाद गौतम ने कहा कि भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अगुवाई में देश तेजी से विकास कर रहा है। भाजपा की सरकार में उज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड योजना सभी वर्गो के 70 वर्ष से अधिक के उम्र के वृद्ध के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाना साथ ही सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर काम किया जा रहा है। वही बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अगुआई में डबल इंजन की सरकार लगातार बिकास कार्य कर रही हैं। इसलिए सभी लोग भाजपा के साथ जुड़े और देश के विकास में साथ दें।

# जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न, अतिक्रमण वाद को शीघ्र निष्पादन करना सुनिश्चित करें : डीएम

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)




जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, कार्यपालक अभियंता, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी सहित जिला एवं प्रखंड स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। राज्य की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को सभी पदाधिकारी प्राथमिकता में रखें। आरटीपीएस में कोई भी मामला लंबित नहीं होना चाहिए। लंबित मामलों में संबंधित पदाधिकारी के ऊपर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। लोक शिकायत निवारण में उपस्थिति 100 फ़ीसदी होनी चाहिए। वरना संबंधित पदाधिकारी पर प्रपत्र क गठित किया जाएगा। 60 कार्य दिवस से अधिक जिला एवं अनुमंडल स्तर वाले लंबित मामलों को एक सप्ताह के अंदर निष्पादित करना सुनिश्चित करें। अतिक्रमण वाद वाले लंबित मामलों का भी जल्द से जल्द निष्पादन करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को लंबित मामलों के निष्पादन हेतु एक समय सीमा निर्धारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अगली बैठक में सारे मामले शून्य हो जाने चाहिए। समन्वय समिति की अगली बैठक अगले माह में होगी। शास्ति की राशि नहीं जमा करने वाले लोग प्राधिकारी जल्द से जल्द इसे जमा करना सुनिश्चित करें। बिहार लोक शिकायत अधिकार अधिनियम में रोहतास जिला का रैंकिंग 32वां है। सभी विभागों के पदाधिकारियों ने अनुमंडल, प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों से जुड़े लंबित एवं अन्य संबंधित मामलों के बारे में जानकारी दी। जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को उन मामलों को बेहतर समन्वय के साथ जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि कई प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी मुख्यालय में नहीं रहते हैं। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी को इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह उनके सेवा नियमों के अंतर्गत है कि उन्हें हेड क्वार्टर में ही रहना है। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी का गोपनीय शाखा से सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से मॉनिटरिंग किया जाता है। 70 फीसदी से अधिक कार्यालय में पदाधिकारी सही समय पर नहीं आ रहे हैं। यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी पदाधिकारी फील्ड में जाने से पहले अपने कार्यालय में आएंगे और अपने कार्यालय में बैठकर दिनभर के काम की रूपरेखा तैयार करेंगे और फिर फील्ड में निकलेंगे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से नियमित रूप से सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से उपस्थिति की मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने ऑफिशियल फोन को ऑन रखा करें। कई पदाधिकारी का फोन ऑफ जाता है, जो क्षमनीय नहीं है। उन्होंने उप विकास आयुक्त को बायोमेट्रिक अटेंडेंस को बहाल करने को लेकर, उसमें आ रही समस्याओं के त्वरित निष्पादन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

# चेनारी नगर पंचायत क्षेत्र में खल रही पार्क की कमी

निज संवाददाता | चेनारी

भाग-दौड़ की इस जिंदगी में शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए पार्क का होना आवश्यक है। वैसे भी तमाम बड़े शहरों में सरकार द्वारा अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित पार्क का निर्माण कराया जा रहा है।करोड़ों रुपये खर्च हो रहे है। पार्क का निर्माण होने से हर उम्र के लोग जिम का आनंद ले सकते है, तो टहलकर अपनी दिनचर्या में बदलाव भी ला सकते है, लेकिन जब व्यवस्था ही नहीं है तो कल्पना ही बेकार है चेनारी नगर पंचायत क्षेत्र में एक पार्क की कमी वर्षों से खल रही है। चेनारी नगर पंचायत के के कन्हैया शर्मा,विक्की गुप्ता, अजय कुमार शर्मा, रामाशंकर कुमार, विशाल जायसवाल, अमित कुमार सहित अन्य लोगों ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में पार्क नहीं होने की वजह से लोगों को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वैसे भी नगर पंचायत की आबादी पच्चीस हजार को पार कर गयी है। इतनी जनसंख्या पर एक पार्क का होना तो आवश्यक है आये दिन युवा एवं बुजुर्ग पार्क के अभाव की वजह से परेशानियों का सामना कर रहे है। प्रतिदिन जान को जोखिम में डालकर चेनारी -कुदरा, मल्हीपुर स्टेट हाईवे पर तथा लिंक रोड में मॉर्निंग वॉक कर रहे है। इस वजह से हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है कुछ लोगों की मौत टहलने के दौरान दुर्घटना में हो गयी है। पार्क का लाभ नहीं मिलने से उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। वही नगर पंचायत के अलावे प्रखंड मुख्यालय होने के कारण यहां सघन आबादी रहती है, लेकिन एक समुचित पार्क नहीं होने के कारण वह अपने आप को अपेक्षित महसूस करती हैं।ज्ञात हो कि शिव पार्वती मंदिर संगत के पीछे कुछ वर्ष पहले एक छोटा सा पार्क का सामाजिक संगठनों के द्वारा बात कही जा रही थी, लेकिन वह प्रखंड मुख्यालय की आबादी को देखते हुए काफी छोटा होगा। कोई सामाजिक संगठनों के द्वारा उप जगह पर आज तक पार्क का निर्माण नहीं कराया गया। समाजसेवियों का कहना है कि जब नगर पंचायत की चुनाव लगभग 2 वर्ष हो चुके हैं लेकिन कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा आज तक चेनारी नगर पंचायत में एक पार्क का निर्माण नहीं कराया गया।

# मुख्य पार्षद प्रतिनिधि द्वारा मारपीट व गाली-गलौज करने को लेकर कराया प्राथमिकी दर्ज

» लिखे आवेदन के मुताबिक बिजली कर्मियों के मुंह से शराब की बदबू आने की बात पर प्रतिनिधि द्वारा थाना को सूचना देने की बात कही गई जहां पुलिस का नाम सुनते ही विद्युत सबस्टेशन में कार्यरत चार मिस्त्री वहां से भाग निकले।

निज संवाददाता | दिनारा (रोहतास)

स्थानीय नगर पंचायत मुख्य पार्षद प्रतिनिधि रुपेश कुमार सिंह के साथ दिनारा स्थित पावर सब स्टेशन में कार्यरत कर्मियों द्वारा गाली-गलौज तथा हाथापाई करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में मुख्य पार्षद प्रतिनिधि द्वारा थाना में बिजली विभाग के बिक्रमगंज सहायक विद्युत अभियंता राजकुमार व जेई विकास कुमार पर गाली गलौज तथा मानव बल का प्रयोग कर मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। प्रतिनिधि द्वारा लिखे आवेदन में यह भी कहा गया है कि बीते शुक्रवार को रातभर बिजली आपूर्ति ठप होने की वजह जानने को लेकर पावर ग्रिड पर फोन किया। जहां किसी ने जवाब देना उचित नहीं समझा इसके बाद जानकारी लेने के लिए कुछ लोगों के साथ पावर ग्रिड पर गये वहां बिजली विभाग के कर्मियों द्वारा कहा गया बिजली सप्लाई कोचस से बंद है। पार्षद प्रतिनिधि ने बिजली विभाग कर्मियों से कोचस ग्रिड पर बात करने की बात कही। जिस पर मौके पर मौजूद कर्मियों द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कहा कि तुम हमारे मालिक हो जो तुम्हारे कहने पर फोन लगाएं। लिखे आवेदन के मुताबिक बिजली कर्मियों के मुंह से शराब की बदबू आने की बात पर प्रतिनिधि द्वारा थाना को सूचना देने की बात कही गई जहां पुलिस का नाम सुनते ही विद्युत सबस्टेशन में कार्यरत चार मिस्त्री वहां से भाग निकले। उन्होंने आगे कहा कि रही बात ग्रिड में ताला बंद करने की तो उसका साक्ष्य मेरे मोबाइल में है। जहां ग्रिड का ऑपरेटर द्वारा खुद हीं ताला बंद किया था। इसके बाद घर वापस जाने के क्रम में कालेज गेट के पास बैठकर बिजली आने का इंतजार करने लगे इसी बीच सहायक विद्युत अभियंता और जेई तथा 10 की संख्या में मानव बल के द्वारा हमारे साथ गाली-गलौज तथा मारपीट किया गया तथा हमसे 42 हजार 7 सौ रुपए छीन लिया गया। मारपीट के दौरान कहा गया की तुमको गोली मरवा देंगे, हमारे पास मानव बल है। आगे प्रतिनिधि द्वारा कहा गया है कि मीटर रिंगिंग के माध्यम से बिल बढ़ाओ और सुधार के नाम पर मोटी रकम की उगाही किया जाता है। बता दें कि दो दिनों पहले रात्रि के समय में बिजली आपूर्ति ठप होने के पश्चात प्रतिनिधि द्वारा ग्रिड पर जाकर पूछताछ किया गया था। इस संबंध में बिजली विभाग द्वारा थाना में रुपेश सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिसमें लिखा गया है कि इनके द्वारा रात के समय में ग्रिड पर जाकर कर्मियों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है।

# कृषि विज्ञान केंद्र में तकनीकी सप्ताह का आयोजन

निज संवाददाता | बिक्रमगंज




स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र में तकनीकी सप्ताह का आयोजन किया गया। जो दिनांक 28 तक चलेगा। इस कार्यक्रम को कृषक स्वर्ण समृद्धि के रूप में कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा मनाया जा रहा है। जिसका उद्घाटन विधायक काराकाट विधानसभा अरुण सिंह के द्वारा किया गया। तकनीकी सप्ताह के पहले दिन आज का थीम था -स्थाई कृषि के लिए नवोन्मेषी कृषि पद्धति एवं आजीविका उन्नयन। कार्यक्रम की शुरुआत में कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा आयोजित कृषि प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि के द्वारा अवलोकन किया गया। इस कषि प्रदर्शनी में कई तरह के नवीनतम कृषि तकनीक को स्टॉल के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। जिसमें ड्रैगन फ्रूट का पौधा, समेकित कृषि प्रणाली, जल प्रबंधन, फसल अवशेष प्रबंधन, जलवायु अनुकूल कृषि इत्यादि पर आधारित विभिन्न प्रकार के मॉडल तथा केंद्र द्वारा प्रशिक्षित कई प्रगतिशील कृषक एवं उद्यमी किसानों के उत्पाद जैसे मूंग की बड़ी, मशरूम के उत्पाद, लाल भिंडी, प्राकृतिक खेती से उपजाए गए हुए फसलों, अचार मोटे अनाजों के उत्पाद इत्यादि शामिल रहे। उसके बाद विधायक के द्वारा केंद्र के परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम 'बैनर तले वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत आम का वृक्ष लगाया गया। तत्पश्चात वहां उपस्थित लगभग 110 किसान भाइयों और महिला बहनों को विधायक के द्वारा संबोधित किया गया। अपने संबोधन में कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों की सराहना करते हुए विधायक ने कहा कि जितने भी तरह के कार्य कषि विग्यान केंद्र के द्वारा किए जा रहे हैं वह आज किसानों के हित में कृषि के विकास के लिए समय की मांग है, विशेष कर जलवायु परिवर्तन की स्थिति को देखते हुए जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम एवं प्राकृतिक कृषि सहित समेकित कृषि प्रणाली किसानों को अपनाना चाहिए साथ ही छोटे और मझौले किसानों के आमदनी को बढ़ाने के लिए कृषि को लाभकारी बनाने के लिए सरकार को विशेष पहल करने की जरूरत है। आज जितनी भी कृषि नीतियां हैं, उसे विशेष कर कृषि के विकास के लिए केंद्रित होना चाहिए ताकि प्रत्येक किसान के पॉकेट में पैसा जाए। केंद्र प्रधान डॉक्टर शोभा रानी के द्वारा बताया गया कि तकनीकी सप्ताह के पहले दिन और अंतिम दिन कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों के लिए समर्पित इस तरह के कार्यक्रम किए जाएंगे एवं बीच के चार दिनों में केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा अलग-अलग गांव में जाकर कृषि संबंधी नवीनतम तकनीकों को किसानों के बीच रखा जाएगा इस कार्यक्रम के दौरान गार्डनर पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथि महोदय के द्वारा किया गया। साथ ही प्राकृतिक खेती के लिए लाभदायक दसपरनी अर्क का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर उपस्थित किसानों के बीच आम के पौधा का वितरण किया गया एवं दसपरणी अर्क का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में भाग लेते हुए केंद्र वैज्ञानिक डॉ रमाकांत सिंह अपनी बातों को किसानों के बीच रखा। कार्यक्रम का संचालन श्री रविंद्र कुमार जलज के द्वारा किया गया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ रतन कुमार के द्वारा किया गया। रविंद्र कुमार जलज, डॉ रतन कुमार, डॉ डेनियल प्रकाश, डॉक्टर संजू कुमारी और इस कार्यक्रम में केंद्र के सभी कर्मिंगन अभिषेक कुमार, सुबेश कुमार, प्रवीण कुमार पटेल, हरेन्द्र कुमार, राकेश कुमार, नवीन कुमार, रोहित कुमार एवं अन्य कर्मियों ने अपनी पूरी सहभागिता दिखाई तथा भविष्य मेजिले के अन्य किसानों को भी केंद्र से जुड़ने के लिए सलाह दिया गया।

# कृष्णा नगर में जले दलितों के घरों के विरोध में भाकपा-माले ने पैदल मार्च कर जताया विरोध

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)




प्रखण्ड मुख्यालय में सोमवार को भाकपा-माले के प्रखण्ड सचिव सह जिला परिषद सदस्य मेवालाल राजवंशी के नेतृत्व में नवादा के कृष्णा नगर में भूमाफियाओं द्वारा जलाए गए घरों के विरोध में पैदल मार्च कर विरोध जताया गया। इस दौरान गोरेलाल तुरिया, उदय कुमार मांझी, अमीरक मांझी, बालेश्वर राजवंशी, पप्पू तुरिया, बद्रीराम एवं छोटू रविदास भी मौजूद रहे। मेवलाल राजवंशी ने बताया कि सत्ता संरक्षित भूमाफियाओं द्वारा रचाया गया बर्बर कृष्णा नगर कांड जमीन सर्वे से जुड़ा है। कृष्णा नगर काण्ड के दोषियों को कड़ी-से-कड़ी सजा दिलाने के उद्देश्य से बिहार के सभी प्रखण्डों में भाकपा-माले द्वारा राज्यव्पपी प्रतिवाद मार्च निकाला गया है। इस दौरान कृष्णा नगर की गलियां सुनी है, भाजपा-जदयू खूनी है का नारा लोगों ने लगाया। पैदल मार्च बजरंगबली चौक पर पहुंचकर सभा का रूप ले लिया।सभा को संबोधित करते हुए मेवलाल राजवंशी ने कहा कि 37 एकड़ जमीन के मालिक गैरमजरूआ जमीन का प्लॉट है, जिसमें 16 एकड़ जमीन पर लंबे समय से दलित गरीब बसे हुए हैं। वर्ष 1970 के सर्वे के दौरान जालसाजी करके कुछ लोग उसे अपने नाम पर चढ़वा लिया है। उस जमीन के लगभग आधा हिस्सा नंदू पासवान सहित 18 लोगों ने बाद में मिली भगत करके अपने नाम से लिखवा लिया और दलित गरीबों पर जमीन खाली करने का दबाव बनाते रहे हैं। जिसका मामला फिलहाल कोर्ट में है, लेकिन नए सर्वे को लेकर भूस्वामियों ने दलितों को बेदखली करने के उद्देश्य से कृष्णा नगर कांड रचाया गया है। ताकि नए सर्वे में जमीन भूमाफिया गिरोह के नाम से चढ़ जाए। उन्होंने कहा कि कृष्णा नगर के गरीबों के घरों पर 200 अपराधियों द्वारा गोली-बम चलाया गया और आग के हवाले कर दिया गया। इस घटना से लोग दहशत में जी रहे हैं।

# स्वच्छता ही सेवा अभियानः मांझर कुंड वाटरफॉल क्षेत्र में सफाई अभियान का आयोजन

» इस अवसर पर मांझर कुंड वाटरफॉल क्षेत्र में साफ-सफाई अभियान चलाया गया।

निज संवाददाता | जमुहार (रोहतास)



एनएसएस इकाई गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, टीम सबल और वन विभाग, रोहतास के तत्वावधान में भारत सरकार द्वारा संचालित 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मांझर कुंड वाटरफॉल क्षेत्र में साफ-सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ. मयंक कुमार राय, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. धनंजय, आयुष कात्यायन, आरएफओ मोहम्मद असरफ और टीम सबल के विशाल कुमार के नेतृत्व में किया गया। डॉ. मयंक ने रोहतास वन प्रमंडल के अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जल, जंगल और जानवरों के प्रति युवाओं में भावनात्मक जुड़ाव विकसित करना ही इस अभियान की सफलता होगी। कार्यक्रम को प्रोत्साहित करने के लिए कुलपति प्रोफेसर डॉ. एम.के. सिंह, प्रतिकुलपति प्रोफेसर डॉ. जगदीश सिंह और विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया।

# पूर्व मध्य रेल में स्वच्छता ही सेवा के तहत कार्यक्रम आयोजित

निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)



पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में स्वच्छता ही सेवा-2024 के तहत रामाषीष चैक स्थित रेलवे आवास परिसर में वृक्षारोपण का कार्य बड़े स्तर पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर सुरेष कुमार पासवान ने की। कार्यक्रम में सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद, वरीय मंडल यांत्रिक इंजीनियर पुष्कर कुमार, मंडल पर्यावरण प्रबंधक आषीष कुमार, मुख्यालय के मुख्य पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधक सुमन कुमार तांती, उप मुख्य पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधक मंजय कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य अधिकारी, कर्मचारी और सोनपुर मंडल के स्काउट एवं गाइड के बच्चे-बच्चियों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से लगभग 200 विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। एचडीएफसी बैंक ने सीएसआर फंड के माध्यम से फलदार और फूलदार पौधे जैसे आम, अमरूद, लीची, जामुन, आंवला, अनार, रात रानी, हरसिंगार, बेला, कचनार, कनैल, उड़हुल और गुलमोहर प्रदान किए। एचडीएफसी बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों में आज आयोजित कार्यक्रमों का विवरण इस प्रकार हैः स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत बख्तियारपुर, झाझा, मोकामा, आरा, पाटलिपुत्र, पटना साहिब, जहानाबाद, नवादा और पटना कॉलोनी में निवासियों और रेल यात्रियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। दानापुर स्टेशन पर रिसाइकिल उत्पादों की बिक्री के लिए स्टॉल लगाया गया। पटना जंक्शन पर बोतल क्रशर मशीन से बने टी-शर्ट को प्रदर्शित किया गया। विभिन्न स्टेशनों और कॉलोनियों में रिसाइकिल उत्पादों जैसे पेन स्टैंड, चम्मच से बने फूल, मिनी वर्टिकल हैंगिंग गार्डन, लकड़ी से बने झाड़ू की बिक्री की गई। सभी स्टेशनों और कॉलोनियों में सफाई अभियान चलाया गया। खगड़िया रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को स्वच्छता का संदेश देने के लिए स्काउट और गाइड द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। सभी बड़े स्टेशनों पर सफाई मित्रों की मदद से प्लेटफार्मों, शौचालय और मूत्रालय की सफाई की गई। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। समस्तीपुर स्टेशन पर रिसाइकिल वस्तुओं की बिक्री के लिए स्टॉल लगाया गया और जागरूकता फैलाने पर जोर दिया गया।

# राज्य में बढ़ते अपराध के खिलाफ भाकपा-माले ने निकाला प्रतिवाद मार्च

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)




बिहार में सत्ता संरक्षित बढ़ते अपराध के खिलाफ भाकपा-माले, लिबरेशन राज्य कमेटी के आह्वान पर 23 सितंबर 2024 को राज्यव्यापी प्रतिवाद के अंतर्गत भाकपा-माले, लिबरेशन के जिला कार्यालय से प्रतिवाद मार्च निकाला जो पोस्ट ऑफिस चौक पर सभा में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए जिला सचिव नंदकिशोर पासवान ने कहा - बिहार में सत्ता संरक्षित अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। विगत दिनों अरवल में भाकपा-माले नेता सुनील चन्द्रवंशी की हत्या, नवादा में मांझी व रविदास जाति के बकरी, मुर्गा-मुर्गी सहित 32 घरों को जला दिया गया। बोधगया में महादलित बस्ती पर कातिलाना हमले किए गए, इमामगंज में राजकुमार मांझी की हत्या कर दी गई, टिकारी में संजय मांझी का बांह काट धड़ से अलग कर दिया गया, शेरघाटी में मांझी परिवार की नाबालिग बेटी बेटी के साथ बलत्कार और रोहतास कैमूर पहाड़ी के खिड़की घाट में नागाटोली निवासी उमेश पासवान की पत्थरों से कुंच कर हत्या कर दी गई, विक्रमगंज के शिवपुर में सरपंच की गोली मारकर हत्या सहित रोहतास में अपराधियों द्वारा बेखौफ दर्जनों अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा-माले नेता रविशंकर राम ने कहा - महादलित परिवारों के घरों में दिनदहाड़े आग लगाने वाले सत्ता संरक्षित भूमाफिया है,और इसी कारण सरकार ने अबतक चुप्पी साधी हुई है। उन्होने दलित नेताओं,जैसे जीतन राम मांझी और चिराग पासवान पर निशाना साधते हुए कहा कि वे इन पीड़ित महादलित परिवारों की व्यथा को अनदेखा कर रहे हैं क्योंकि उनके राजनीतिक आकाओं ने उन्हें चुप रहने हिदायत दे रखी है। बिहार में अपराधियों का मनोबल बढ़ चुका है पुलिस द्वारा दलितों और कमजोर वर्गों पर अत्याचार हो रहा है और कोई भी व्यक्ति सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है। हत्या, लूट और बलात्कार की घटनाओं से प्रतिदिन अखबार और सोशल मीडिया पर भरे पड़े रहते हैं। फिर भी सरकार इसे 'सुशासन' कहती है। अगर यही तथाकथित सुशासन है तो कुशासन कैसा होगा। सभा को भाकपा-माले नेता मदन सिंह कुशवाहा, मार्कंडेय चन्द्रवंशी, कैसर नेहाल, चन्द्रधन सिंह, नरेन्द्र राम, जितेन्द्र प्रसाद, लालबहादुर यादव ललिता देवी, जैगम कुरैशी, आदित्य कुशवाहा, जय विजय तिवारी आदि नेताओं ने भी संबोधित किया।

## अखिल भारतीय खेत मजदूर किसान सभा के सदस्यों ने किया बैठक

**राजपुर (रोहतास) (नि.सं.)।** अखिल भारतीय खेत मजदूर किसान सभा के अंचल सदस्यों की बैठक सोमवार को क्षेत्र के पड़रिया गांव में कामरेड राजेश कुशवाहा के अध्यक्षता में हुई। जिसमे गरीबों के हित व सरकार की नीति पर विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए किसान मजदूर सभा के बिहार राज्य सचिव अशोक बैठा ने कहा कि वर्तमान में जो सरकार की व्यवस्था चल रही है। वह व्यवस्था गरीब किसान मजदूर के विरूद्ध है। अभी कुछ साल पहले दिल्ली में किसानों की लड़ाई, चौसा बक्सर बिहार की लड़ाई, बिजली बिल 2020 की लड़ाई अथवा रोजी रोजगार की लड़ाई या भूमि अधिग्रहण कानून की लड़ाई हो। इन सभी फांसीवादी व्यवस्थाओं से अगर मुक्ति पाना है तो संगठन को और अधिक मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि अभी बहुत सारे भूमि के कागजाती सुधार नहीं होने के कारण हम सरकार से मांग करते हैं।

## न्यूज बाइट्स

### श्रद्धा पूर्वक मनाई गयी राष्ट्र कवि दिनकर की जयंती

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पेंशनर भवन नारदीगंज में सोमवार को श्रद्धा पूर्वक राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जी की जयंती मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालें। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए पेंशनर समाज सचिव श्रीकांत सिंह ने कहा दिनकर जी राष्ट्रकवि ही नहीं विश्व कवि के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विराजमान हैं। नेहरू जी ने दिनकर की रचित पुस्तक की भूमिका लिखी है। दिनकर जी अपने जीवन में शिक्षक बनाना चाहते थे, लेकिन जेपी के मना कर दिए थे। हिंदी साहित्य में दिनकर ऐसे थे, जिन्होंने सामाजिक चेतना, राष्ट्रीय चेतना के साथ ही सांस्कृतिक चेतना भी सही रुप में उनकी पुस्तकों में मौजूद थी।वे सत्ता के करीब थे, जो व्यवस्था के आलोचक भी रहे। इनकी प्रमुख रचना हुंकार, कुरुक्षेत्र, रश्मिरथी, उर्वशी, संस्कृति के चार अध्याय प्रसिद्ध हुआ। मौके पर कामता प्रसाद सिंह, रामधीन सिंह,चन्द्रिका सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### जिले के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों का अवकाश तत्काल प्रभाव से रद्द

**नवादा (नि.सं.)।** जिला पदाधिकारी, आशुतोष कुमार वर्मा द्वारा बताया गया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा (दशहरा) त्यौहार दिनांक 03.10.2024 से प्रारम्भ होकर दिनांक 13.10.2024 तक मनाया जायेगा। नवादा जिला साम्प्रदायिक दृष्टिकोण से अति संवेदनशील है। बीते दिनों नवादा सदर प्रखण्ड के मुफस्सिल थाना अंतर्गत कृष्णा नगर नदी तट पर असामाजिक तत्वों द्वारा आगजनी किया गया है। ऐसी स्थिति में पर्व की संवेदनशीलता बढ़ गयी है। दशहरा त्यौहार शांतिपूर्ण वातावरण में मनाये जाने हेतु जिला संयुक्तादेश निर्गत किया जायेगा। जिला संयुक्तादेश में बड़े पैमाने पर विशेष कार्यपालक दण्डाधिकारी के रूप में जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमण्डल स्तरीय पदाधिकारी, प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी, तकनीकी पदाधिकारी एवं कर्मी की प्रतिनियुक्ति विधि-व्यवस्था कर्तव्य संधारण हेतु की जायेगी। अतएव उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में तत्काल प्रभाव से जिले के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमण्डल स्तरीय पदाधिकारी, प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी, तकनीकी पदाधिकारी एवं कर्मी का अवकाश रद्द किया जाता है एवं आदेश दिया जाता है कि सभी पदाधिकारी/कर्मी मुख्यालय में उपस्थित रहेंगे। विशेष परिस्थिति में जिलाधिकारी से लिखित आदेश प्राप्ति के उपरान्त ही मुख्यालय छोड़ेंगे।

### एसडीओ के नेतृत्व में राष्ट्रीय पोषण माह के सफल क्रियान्वयन हेतु की गई बैठक



**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** अनुमण्डल कार्यालय में सोमवार की दोपहर एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष के नेतृत्व में राष्ट्रीय पोषण माह के सफल संचालन हेतु प्रखण्ड स्तरीय अभिसरण कार्य योजना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमण्डल क्षेत्र के सभी प्रखण्डों के बीडीओ, बीपीआरओ, सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिका,पीएचसी प्रभारी एवं जीविका बीपीएम मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत एसडीओ एवं सीडीपीओ के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक में एसडीओ ने बताया कि इस वर्ष पांचवां राष्ट्रीय पोषण माह का संचालन किया जा रहा है, जो 1 सितम्बर से लेकर 30 सितम्बर तक संचालित होना सुनिश्चित है। एसडीओ ने कहा कि समेकित बाल विकास परियोजना के द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को पोषाहार दिया जा रहा है। साथ ही पोशाक योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं परवरिश योजना के अलावे अन्य योजनाएं समेकित बाल विकास परियोजना द्वारा संचालित किया जा रहा है। इसके बावजूद कुपोषण के कारण बिहार में 68% विवाहित महिलाएं, 35 माह तक 88%, 59 माह तक 59.4% एवं प्रसव के बाद 42.6% माताएं एनीमिया से ग्रसित हो रहे हैं। वहीं 15 से 19 वर्ष के आयुवर्ग में एनीमिया पीड़ितों की संख्या में सुधार देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि भारत के सभी राज्यों में कुपोषण में बिहार का स्थान सातवां है। वहीं वृद्धि निगरानी 42.7% है। एसडीओ ने बताया कि कुपोषण को जड़ से मिटाना है और सुपोषण की लहर लाना है। इसके लिए समेकित बाल विकास परियोजना के पदाधिकारियों के सहयोग के लिए शिक्षा विभाग, पंचायतीराज विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं जीविका को कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। उन्होंने कहा कि कुपोषित माताओं के कारण बच्चे कुपोषित होंगे और कुपोषित बच्चों में मानसिक एवं शारीरिक विकास अवरुद्ध हो जाते हैं। कुपोषित बच्चे द्वारा क्षेत्र समेत राज्य व देश के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण करने में काफी परेशानी हो सकती है। उन्होंने कहा कि पोषण के पांच सूत्र पौष्टिक आहार, एनीमिया की रोकथाम, डायरिया प्रबंधन, साफ-सफाई एवं स्वच्छता है। एसडीओ ने बच्चों, किशोरियों एवं माताओं के पोषण हेतु डायट चार्ट के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। इस दौरान रजौली के बीडीओ संजीव झा, बीपीआरओ राजन कुमार, सिरदला पीएचसी प्रभारी डॉ. राजीव कुमार, सीडीपीओ सीता कुजूर के अलावे अन्य प्रखण्डों के दर्जनों पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

### बेरौटा गांव से ऑटो रिक्शा की चोरी

**नरहट (नवादा) (नि.सं.)।** रविवार की रात्रि बेरौटा गांव से एक ऑटो रिक्शा की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर ली गई है। ऑटो चालक रमेश कुमार ने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह संध्या में अपने ऑटो रिक्शा बीआर 27 पीओ 171 को अपने चाचा सुरेश रविदास के घर के पीछे दक्षिण की तरह लगाए थे। सोमबार को सुबह 6 बजकर 30 मिनट पर जब ऑटो रिक्शा को लाने गया तो देखा कि ऑटो रिक्शा नही है। आस पास पता किया तो कही पता नहीं चला। चालक ने बताया कि ऑटो रिक्शा का मालकिन शेखपुरा निवासी नाज परवीन पति आबिद हुसैन हैं। चालक ने बताया कि इस मामले में थाने में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध केस दर्ज कराया गया है।

### एसीस-एसटी एक्ट के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**नरहट (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के बारा खुर्द गांव से फरार चल रहे एससी एसटी एक्ट के नामजद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने बताया कि कांड संख्या 195/24 दिनांक 1 जून 24 एसी एसटी एक्ट के मामले के प्राथमिक अभियुक्त अजित कुमार उर्फ अजित यादव पिता विजय यादव ग्राम बारा खुर्द को गिरफ्तार कर लिया गया है। ये कांड दर्ज होने के बाद फरार चल रहे थे। गिरफ्तार आरोपी अजित यादव को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

### अबैध बालू खनन में चालक गिरफ्तार, ट्रैक्टर जप्त

**नरहट (नवादा)।** थाना क्षेत्र के पत्तलबिगहा गांव के समीप से अबैध बालू खनन के मामले में एक ट्रैक्टर को जप्त एवं चालक को गिरफ्तार किया गया है। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में अबैध बालू खनन के मामले में ट्रैक्टर को जप्त एवं चालक लक्ष्मण मांझी पिता फूलों मांझी ग्राम पत्तलबिगहा को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी और जप्त ट्रैक्टर पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# केंद्रीय मंत्री ने किया कृष्णा नगर का दौरा

**निज संवाददाता | नवादा**



बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सह केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी सदर प्रखंड के कृष्णा नगर में हुए अग्निकांड के बाद पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे और प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सीबीआई जांच की मांग की। मांझी ने कहा कि अगर कोर्ट समय पर फैसला देती तो महादलित परिवारों को इस मुसीबत का सामना नहीं करना पड़ता। पीड़ित परिवारों ने बताया कि तीन बार जमीन को लेकर विवाद हुआ लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। मांझी ने आरोप लगाया कि बिहार में 70% जमीन पर राजद का कब्जा है और इस घटना में भी कई और लोगों के शामिल होने की आशंका है। मांझी ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें पूरी जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि 1965 से महादलित परिवार यहां रह रहे हैं और प्रशासन बता रहा है कि वे सिर्फ 3 साल से यहां हैं। यह बहुत बड़े दुर्भाग्य की बात है कि प्रशासन सच्चाई नहीं बता रहा है। उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर महादलित परिवारों के घर जलाए गए हैं। सीबीआई जांच होगी तो कई लोगों के नाम सामने आएंगे। मांझी ने कहा कि इस घटना में शामिल आरोपी नंदू पासवान के साथ और भी लोग शामिल हैं। इस घटना को अंजाम देने वाले माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। तेजस्वी यादव का नाम सुनते ही जीतन राम मांझी भड़क गए। उन्होंने आरजेडी को खरी खोटी सुनाई। पीड़ितों से की मुलाकात मांझी ने कहा कि नवादा की घटना में प्रशासन दोषी है। इस टोला में आज जो कुछ व्यवस्था है वो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की देन है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन भू-माफियाओं का साथ दे रहा है। मांझी ने कहा कि जिस पासवान जाति का नाम आ रहा है उसके पीछे अदृश्य शक्तियां काम कर रही हैं। मुझे मालूम है कि ऐसी अदृश्य शक्तियां हैं जिसके इशारे पर ही सब कुछ होता है। हम मांग करते हैं कि इस घटना की सीबीआई जांच हो - मांझी ने कहा कि कृष्णा नगर की यह पहली घटना नहीं है। उन्होंने कहा कि बिहार में दलितों को जमीन तो दे दी जाती है लेकिन कब्जा नहीं करने दिया जाता है। इस दौरान मांझी ने यादव जाति और राजद पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ऐसी घटना वारिसलीगंज के बरनावा गांव में भी हो सकती है, जहां यादवों ने महादलितों की जमीन पर कब्जा कर लिया है।

## पानी में डूबने से मृत दो किशोरो के घर पहुंचे विधायक

**नौहट्टा (रोहतास) (नि.सं.)।** प्रखंड क्षेत्र के तिउरा गांव के दो किशोरों की डेहरी सोन नदी में डूबने से मौत हो गई थी। जहा घटना को सुन मृतक के घर पहुंचे चेनारी विधायक मुरारी प्रसाद गौतम, और कारहगर के विधायक उम्मीदवार आलोक सिंह ने पहुंचकर मतलपोशी किया। एवं परिवार को ढाढस बंधाया। बताया गया कि पिछले सप्ताह सोन नदी में आई तेज बाढ़ के दौरान तिउरा गांव के दो युवक डेहरी सोन नदी में डूब गए थे। जानकारी हो कि दोनों एक ही परिवार के चचेरा भाई थे। जो मृतक अमृत कुमार 14 वर्ष पिता धीरेंद्र सिंह तथा मोहित कुमार 13 वर्ष पिता अभिमन्यु सिंह थे। वहीं घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। जहां विधायक ने पहुंचकर परिवार को दिलासा दिलाया एवं मतमपोशी किया।

## पेट्रोल के नाम पर ठगी करने वाले दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

**नवादा (नि.सं.)।** जिले के पकरीबरावां थाना को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। जहां पेट्रोल पंप के नाम पर 34 लाख रुपया ठगी करने वाले दो आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान किशु कुमार और सिंटू कुमार के रूप में किया गया है। दोनों युवक के द्वारा उत्तर प्रदेश के एक बिजनेसमैन से पेट्रोल पंप दिलवा देने के नाम पर 34 लाख का ऑनलाइन ठगी किया गया था। पैसा लेने के बाद दोनों युवक के विरूद्ध साइबर क्राइम का मामला उत्तर प्रदेश पुलिस में दर्ज किया था। इस पूरे घटना के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस ने नवादा पुलिस कप्तान अभिनव धीमन को 34 लाख की ठगी का मामला की जानकारी देते हुए आरोपित की पहचान बताई गई थी। इसके बाद एसपी के आदेश पर थाना प्रभारी अजय कुमार ने उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ थालपोश गांव में छापामारी करके दो आरोपित को साइबर क्राइम करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर क्राइम करने वाले दोनों आरोपित को न्यायालय के आदेश पर उत्तर प्रदेश की पुलिस दोनों को अपने साथ ले गई है।

# ड्राइविंग लाईसेंस और वाहन रजिस्ट्रेशन से लिंक मोबाईल नम्बर अपडेट नहीं रहने पर लगेगा जुर्माना

**निज संवाददाता | नवादा**



जिला परिवहन पदाधिकारी नवीन कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि परिवहन विभाग द्वारा टैक्स डिफॉल्टर्स के लिए सर्वक्षमा योजना शुरू की गई है, जिसमे टैक्स डिफाल्टर वाहनों द्वारा पथकर एवं अन्य कर एकमुश्त जमा करने पर देय अर्थदंड में छूट मिलेगी। उन्होंने बताया कि जिन टैक्स डिफाल्टर ट्रैक्टर ट्रेलर का पथकर बकाया है, उन्हें एकमुश्त 30 हजार रुपए जमा करने पर शेष कर एवं अर्थदंड माफ कर दिया जाएगा। ट्रैक्टर ट्रेलर एवं उत्सर्जन मानक बीएस IV के अनुबंधित वाहनों को छोड़कर अन्य वाहन और बैटरी चालित वाहन का पथ कर बकाया रहने पर उन्हे मूल पथकर एवं 30 प्रतिशत अर्थदंड जमा करने पर शेष अर्थदंड से मुक्ति दी जाएगी। बिना अस्थायी निबंधन के बेची गई गाड़ियां जिनकी अस्थायी निबंधन फीस बकाया है उन्हें देय फीस जमा करने पर अर्थदंड से विमुक्ति मिलेगी। वैसे डीलर, जिनपर ट्रेड टैक्स की देयता है और ससमय ट्रेड टैक्स जमा नहीं करने के कारण अर्थदंड अधिरोपित है, वो मूल व्यापार कर एवं 30 % अर्थदंड जमा करने पर शेष अर्थदंड से विमुक्ति दी जाएगी। जिन वाहनों का हरित कर बकाया है, उन्हे मूल हरित कर एवं 30 प्रतिशत अर्थदंड जमा करने पर शेष अर्थदंड से मुक्ति मिलेगी। वैसे वाहन स्वामी जिनके विरुद्ध नीलाम पत्र दायर है, उन्हें एकमुश्त राशि/कर और अर्थदंड जमा करने पर नीलाम पत्र वापस ले लिया जाएगा एवं नीलाम पत्र पर ब्याज की राशि भी माफ कर दी जाएगी। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि नवादा जिले में टैक्स डिफाल्टर वाहनों की विवरणी इस प्रकार है:- 01.04.2022 से 31.03.2024 तक 63 वाहन मालिकों पर 08 लाख बकाया है, 01.04.2019 से 31.03.2024 तक 180 वाहन मालिकों पर 45.6 लाख बकाया है, 01.01.2090 से 20.09.24 तक 1153 वाहन मालिकों पर 244 लाख बकाया है। सर्वक्षमा योजना की सुविधा दिनांक 11.09.2024 तक के टैक्स डिफाल्टर के मामले में लागू होगा तथा 31.03.2025 तक योजना का लाभ उठाया जा सकता है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने वाहन मालिकों से अपील की है कि इस योजना का लाभ उठाएं और अपने बकाया करों का भुगतान करें। ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन रजिस्ट्रेशन से लिंक मोबाइल नंबर अपडेट करें। ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन रजिस्ट्रेशन से लिंक मोबाइल नंबर अपडेट नहीं रहने पर मोटरवाहन अधिनियम के तहत जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही, वाहन मालिक का ड्राइविंग लाइसेंस/वाहन रजिस्ट्रेशन निलंबित हो सकता है। ज्ञात है कि नवादा जिले में कुल 57,574 वाहनों के रजिस्ट्रेशन में मोबाइल नंबर अपडेट नहीं है। उन्होंने ने बताया कि मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होने से दुर्घटना एवं अन्य स्थिति में पहचान में परेशानी होती है। साथ ही, यातायात उल्लंघन में ई चालान जैसी सूचनाएं वाहन मालिकों तक नहीं पहुंच पाती है। वाहन रजिस्ट्रेशन VAHAN पोर्टल पर एवं ड्राइविंग लाइसेंस में SARATHI पोर्टल पर मोबाइल अपडेट कर सकते हैं।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन




**निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)**

कौआकोल अंचल कार्यालय परिसर में सोमवार को स्वच्छता ही सेवा-2024 पखवाड़ा के तहत स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद कौआकोल सीओ मनीष कुमार ने आमजनों को स्वच्छता के फायदे बताते हुए इसे नियमित रूप से अमल में लाने के लिए अनुरोध किया। अधिकारियों ने बताया कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत खुले में शौच से मुक्ति के पश्चात स्थायित्व सुनिश्चित करने तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन द्वारा वर्ष 2024–25 तक प्रखंड के सभी गांव को साफ एवं ओडीएफ प्लस बनाये जाने का लक्ष्य है। इसके तहत स्वच्छता ही सेवा 2024 का आयोजन दो अक्टूबर तक किया जाएगा। जिसका थीम स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता है। प्रखंड स्वच्छता समन्वयक उपेन्द्र कुमार ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन की स्थापना के 10 वर्ष पूरा होने पर स्वच्छता ही सेवा 2024 अंतर्गत स्वच्छता के क्षेत्र में आए बदलाव एवं उपलब्धियों को उत्सव के रूप में मनाया जायेगा। वहीं कार्यक्रम के दौरान प्रभातफेरी निकालकर एवं उपस्थित लोगों को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाकर लोगों से स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की अपील की गई। मौके पर कार्यपालक सहायक अजित कुमार आदि मौजूद रहे।

## संतान की दीर्घायु के लिए 25 सितंबर को रखेंगी माताएं जीवित्पुत्रिका व्रत, आज नहाय-खाय

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**

प्रखण्ड क्षेत्र में संतान के दीर्घायु की कामना के लिए महिलाएं 25 सितंबर बुधवार को जीवित्पुत्रिका व्रत करेंगी। व्रत के एक दिन पूर्व 24 सितंबर मंगलवार को नहाय-खाय होगा। यह व्रत प्रत्येक वर्ष आश्विन कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को किया जाता है। महिलाएं इस व्रत में 24 घंटे तक निर्जला व निराहार रहकर अपनी संतान के लिए मंगल कामना करती हैं। उपवास के पूर्व ओठघन की परंपरा रही है। लेकिन इस बार सप्तमी का प्रवेश 24 सितंबर मंगलवार शाम 5:57 मिनट तक रहेगा। इसके बाद 5:58 से अष्टमी का प्रवेश हो जाएगा। इस बार ओठघन नहीं है। मां अंबे ज्योतिष केंद्र के ज्योतिषाचार्य पंडित मंगल पाण्डेय ने बताया कि काशी पंचांग के अनुसार बुधवार 25 सितंबर को शाम 4:56 मिनट तक अष्टमी है। उदिया तिथि के अनुसार पारण 26 सितंबर गुरुवार को व्रती महिलाएं करेंगी। काशी पंचांग के अनुसार 27 सितंबर 2024 शुक्रवार शाम 4:10 बजे से हथिया नक्षत्र शुरू होगा। हथिया नक्षत्र में वायु वेग के साथ सामान्य वृष्टि होने के योग हैं। ज्योतिषाचार्य पं मंगल पाण्डेय ने बताया कि सप्तमी मिला हुआ अष्टमी नहीं करना चाहिए। जिस दिन उदिया तिथि का अष्टमी हो, उसी दिन यह व्रत करना चाहिए नहीं तो व्रत का फल नहीं मिलता है। कृतसार, निर्णय सिंधु के अनुसार सप्तमी मिश्रित अष्टमी तिथि का व्रत नहीं करना चाहिए, जिस दिन शुद्ध उदिया तिथि की अष्टमी हो उसी दिन इस व्रत को करें। जीवित्पुत्रिका व्रत में महिलाएं फल, पकवान व मिठाई से डलिया भरेंगी। मिथिला पंचांग के अनुसार नहाय-खाय सोमवार 23 सितंबर को है व सुबह में ओठगन होगा। वहीं 24 सितंबर मंगलवार के दिन संध्या 6:06 तक सप्तमी तिथि है। मिथिला पंचांग के मानने वालों को सप्तमी मिला हुआ ही अष्टमी करना पड़ेगा। 24 सितंबर मंगलवार को संध्या 6:07 से अष्टमी का प्रवेश होगा जो बुधवार 25 सितंबर शाम 5:05 मिनट तक अष्टमी रहेगा। उसके बाद महिलाएं पारण कर सकती हैं। काशी पंचांग और मिथिला पंचांग में तालमेल नहीं होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। इसलिए हमारा यह राय है की उदिया तिथि के अनुसार 25 सितंबर बुधवार को व्रत करें और परण 26 सितंबर गुरुवार को प्रातः काल सूर्योदय होने के बाद करें।

# इंटर विधालय चकवाय में राष्ट्रकवि दिनकर की मनाई गयी जयंती समारोह

**निज संवाददाता | वारिसलीगंज (नवादा)**




इंटर विद्यालय चकवाय में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर *की जयंती समारोह धूम धाम से मनायी गई। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के जयप्रकाश सभागार में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दिनकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पण के साथ हुई। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार बिहारी ने राष्ट्रकवि दिनकर की जीवनी पर चर्चा करते हुए कहा की आधुनिक हिंदी के उल्लेखनीय कवियों में से एक, दिनकर का जन्म ब्रिटिश भारत के बंगाल प्रेसीडेंसी के सिमरिया गाँव में हुआ था, जो अब बिहार राज्य के बेगूसराय जिले का हिस्सा है। सरकार ने उन्हें वर्ष 1959 में पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया था और उन्हें तीन बार राज्यसभा के लिए भी मनोनीत किया था। इसी तरह, उनके राजनीतिक विचारों को महात्मा गांधी और कार्ल मार्क्स दोनों ने काफी प्रभावित किया। दिनकर ने स्वतंत्रता-पूर्व काल में अपनी राष्ट्रवादी कविता के माध्यम से लोकप्रियता हासिल की थी। दिनकर ने शुरू में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान क्रांतिकारी आंदोलन का समर्थन किया, लेकिन बाद में वे गांधीवादी बन गए। हालाँकि, वे खुद को 'बुरा गांधीवादी' कहते थे क्योंकि वे युवाओं में आक्रोश और बदले की भावना का समर्थन करते थे। कुरुक्षेत्र में, उन्होंने स्वीकार किया कि युद्ध विनाशकारी है लेकिन तर्क दिया कि स्वतंत्रता की रक्षा के लिए यह आवश्यक है। वे उस समय के प्रमुख राष्ट्रवादियों जैसे राजेंद्र प्रसाद, अनुग्रह नारायण सिन्हा, श्रीकृष्ण सिन्हा, रामबृक्ष बेनीपुरी और ब्रज किशोर प्रसाद के करीबी थे। वे 1960 के दशक की शुरुआत में भागलपुर विश्वविद्यालय (भागलपुर, बिहार) के कुलपति भी थे।आपातकाल के दौरान, जयप्रकाश नारायण ने रामलीला मैदान में एक लाख लोगों की भीड़ को इकट्ठा किया था और दिनकर की प्रसिद्ध कविता 'सिंहासन खाली करो, क्योंकि जनता आ रही है' का पाठ किया था। विद्यालय के बच्चो ने दिनकर की रचित कविता उर्वशी, कुरुक्षेत्र एवं रश्मिरथी का गायन भी किया। विद्यालय में हिंदी पढ़ाने वाले शिक्षक श्री राकेश कुमार ने उनकी अमर कृति संस्कृति के चार अध्याय के कुछ अंशों की विवेचना की। वरीय शिक्षक रामेश्वर इचागुतू ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनकी कालजयी रचनाओं के अध्ययन की सलाह विद्यार्थी को दिया। समारोहकी अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार बिहारी ने की। उन्होंने कहा कि दिनकर की कविताएं हमे सच्चे मार्ग पर उत्साह पूर्वक चलने और जीवन को देश सेवा में अर्पित कर देने की प्रेरणा देती है। समारोह में बेहतर गायन एवम वाचन के लिए छात्रा नंदनी, सोनाक्षी, अर्पिता, मनीषा, अंशु, नीलम, ममता, निशु, राज एवं छात्र अमन एवम ऋषिराज को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शिक्षक विनोद कुमार गुप्ता, मृत्युंजय ठाकुर, अखिलेश कुमार, रोहित सिंह, मोनू कुमार, सतीश कुमार एवं पुस्तकाध्यक्ष, ओम प्रकाश ने भी अपने अपने विचार रखे। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने दिनकर के चित्र पर पुष्प समर्पित कर उन्हें नमन किया। धन्यवादज्ञापन विद्यार्थियों के समूह द्वारा किया गया जिसमे छात्रा मुस्कान, घुंघरू एवम मानसी तथा छात्र रौशन और सचिन शामिल होकर सफल आयोजन के लिए सभी साथियों की प्रशंशा करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कृषि विज्ञान केंद्र में स्वर्ण समृद्धि तकनीकी सप्ताह का किया गया आयोजन

**निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)**




प्रखण्ड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा परिसर में सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम, सोखोदेवरा, नवादा के बैनर तले कृषक 'स्वर्ण समृद्धि तकनीकी सप्ताह' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन स्थानीय विधायक मो० कामरान,ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीकों के बारे में स्टाल लगाकर दिखाया गया। इस दरम्यान विधायक मो० कामरान ने भी विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण कर कृषि वैज्ञानिकों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की तथा कृषि वैज्ञानिकों से किसानों को नवीन तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी देते रहने की अपील किया। विधायक कामरान ने अपने संबोधन में ड्रोन तकनीक को किसानों के लिए काफी फायदेमंद बताया। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक रविकांत चौबे, कृषि विज्ञान केंद्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ० अनुज्ञा भारती, डॉ. शशांक शेखर सिंह, अंगद कुमार, नीलम कुमारी, फार्म प्रबंधक सुमिताप रंजन, अनिल कुमार, सलोनी कुमारी, सहयोगी पिंटू पासवान, सरवन रविदास, पप्पू कुमार समेत जिले के लगभग 150 किसान मौजूद थे।

## स्वच्छता पखवाड़ा एवं एक पेड़ मां के नाम के तहत लगाए गए पौधा




**निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)**

गांधी जयंती के अवसर पर सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छ्ता पखवाड़ा एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत सोमवार को जेपी आश्रम परिसर में साफ सफाई अभियान एवं पौधारोपण अभियान चलाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद स्थानीय विधायक मो० कामरान ने पौधारोपण कर पर्यावरण सुरक्षा के लिए सभी से पौधा लगाने का निर्देश दिया। इसके पूर्व ग्राम निर्माण मण्डल एवं कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मियों ने जेपी आश्रम परिसर की सामूहिक साफ सफाई किया। मौके पर ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार,कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक की ठोकर से महिला की मौत, सड़क जाम

**कोईलवर।** कोईलवर/औरंगाबाद चांदी थाना क्षेत्र में लोदीपुर गांव के समीप बालू लदे डंपर ने इलाज कराने जा रही महिला को कुचल डाला। घटनास्थल पर मौत हो गई। घटना रविवार की दोपहर 11:30 बजे हुई। मृतक माधुरी देवी, औरंगाबाद जिला के महुआमा गांव निवासी संतोष चौधरी की पत्नी थी। वह अपनी ममेरी बहन के घर भोजपुर जिला में संदेश प्रखंड के रेपुरा गांव में आई थी। जहां से रविवार को अपने जीजा पप्पू चौधरी के साथ बाइक से बिहटा मेडिकल चेकअप कराने जा रही थी। रास्ते में सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाईवे पर लोदीपुर गांव के समीप पीछे से बालू लदे डंपर ने बाइक में पीछे से ठोकर मारी दिया। जिसमें पीछे बैठी ममता देवी गिर पड़ीं और डंपर ने उसे कुचल डाला। पप्पू चौधरी इस दुर्घटना में बच गए। इस घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने चांदी थाना को दी। जिसके बाद पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। सड़क दुर्घटना के बाद भाग रहे ट्रक चालक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और पुलिस को बुलाकर सौंप दिया। दुर्घटना की खबर पर गांव से आए सैकड़ों लोगों ने घटनास्थल पर पहुंच सड़क जाम कर दिया।

### परिश्रम से दीपिका को अमेरिका में मिला जॉब

**आरा।** भोजपुर के मड़नपुर गांव की दीपिका उपाध्याय को अमेरिका में अच्छे पैकेज पर नौकरी मिला है। दीपिका; आरा शहर में डीएवी पब्लिक स्कूल से बारहवीं कक्षा करने के बाद बीटेक कंप्यूटर साइंस एनएसआईटी बिहटा, पटना से की। मास्टर ऑफ़ साइंस की डिग्री क्लार्क यूनिवर्सिटी अमेरिका (यूएसए) से प्राप्त की। अब अमेरिका के एमएनसी कम्पनी में सॉफ्ट वेयर इंजीनियर है। इनके पिता श्रीराम उपाध्याय पूर्व सैनिक सह संस्कार वैली इंटरनेशनल ,स्कूल गोढ़ना रोड के संचालक है। दीपिका का पूरा परिवार कॉपरेटिव कॉलनी गोढ़ना रोड के वार्ड नंबर 45 में अपने निवास में रहते है, जहां से दीपिका का पठन- पाठन हुआ। कम्प्यूटर साइंस में बीटेक करने वाले भाई दीपक उपाध्याय ने बहन को कामयाब बनाने में महत्व पूर्ण योगदान दिया। दीपिका की कामयाबी के पीछे माँ उमा देवी, नानी, पूर्व सैनिक नाना कौशल कुमार दूबे का हाथ है।

### शिक्षक संघ के अध्यक्ष बने उमेश और प्रधान सचिव शशिकांत

**आरा।** जिला प्राथमिक शिक्षक संघ का चुनाव रविवार को हित नारायण क्षत्रिय प्लस टू विद्यालय में हुआ। बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा प्राधिकृत चुनाव पदाधिकारी ने कोषाध्यक्ष डॉक्टर रंजन कुमार सिंह, अंकेक्षक यतिंद्र कुमार चौबे व सचिव आनंद मिश्रा को पद पर स्थापित किये जाने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक रामराज सिंह व धन्यवाद धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर बलराज ठाकुर ने किया। प्रतिनिधि सभा ने उमेश कुमार सिंह को जिला, प्राथमिक शिक्षक संघ भोजपुर का अध्यक्ष एवं शशिकांत तिवारी को प्रधान सचिव, मुकेश कुमार सिंह को कार्यकारी अध्यक्ष, राजूभट व राजेश कुमार को वरीय उपाध्यक्ष पद की जिम्मेवारी दी। मन कुमार, वीरेंद्र कुमार राम व राजिव रंजन को उपाध्यक्ष, महिपाल एवं सुधीर कुमार सिंह को उपप्रधान सचिव, अखिलेश कुमार सिंह,आफताब आलम, बीरेंद्र कुमार राय,सुधीर कुमार सिंह व कौशर प्रवीण को सचिव बनाया गया। धनंजय कुमार को कार्यालय सचिव, शशिकांत मिश्र को कोषाध्यक्ष, अजय कुमार तिवारी को अंकेक्षक, पवनसुत कुमार को मीडिया प्रभारी के लिए चयन किया गया है। सेवानिवृत शिक्षक संरक्षण मंडल में रामराज सिंह, दिनेश राय, लक्ष्मण पाठक का चुनाव किया गया है।

### खेलो इंडिया के तहत सब जूनियर व जूनियर बालिका खो खो लीग 2024- 25 में आयोजन होगा

**बक्सर।** पश्चिम बंगाल में खेलो इंडिया ईस्ट जोन सब जूनियर और जूनियर बालिका खो खो लीग 2024- 25 में आयोजन होगा। इसमें भाग लेने के लिए खो खो स्टेट ऑफ़ बिहार तथा बक्सर जिला खो खो संघ के संयुक्त तत्वाधान में बिहार स्टेट सब जूनियर एवं जूनियर बालिका खो खो टीम का सिलेक्शन का ट्रायल महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय बक्सर के प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बक्सर नगर परिषद के चेयरमैन प्रतिनिधि नियमतुला फरीदी, भारत विकास परिषद की अध्यक्षा वर्षा पांडे प्रोफेसर डॉ वीरेंद्र सर, खो खो एसोसिएशन आफ बिहार के महासचिव नीरज कुमार पप्पू, वार्ड नं 13 की वार्ड पार्षद आशा तिवारी उपस्थित रहे! वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद हिटलर सिंह, वार्ड पार्षद चंदन पाठक, वार्ड पार्षद संतोष कुमार, वार्ड पार्षद राजन ठाकुर वार्ड पार्षद राजू ठाकुर वार्ड पार्षद शाहबाज अख्तर मौजूद रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता बक्सर जिला खो खो संघ के अध्यक्ष डॉ रमेश सिंह ने किया। जहां अतिथियों का अंग वस्त्र से स्वागत संघ के बक्सर खो खो संघ के जिला सचिव डॉ अरविंद सिंह, उपसचिव जय तिवारी उपाध्यक्ष हृदय नारायण सिंह, प्रभु नारायण सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन बक्सर खो खो संघ उपसचिव पुनीत सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर खो खो एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव नीरज पप्पू ने खेल की जानकारी सभी बच्चों को दी साथ ही भविष्य में और भी बेहतर करने एवं उनको आगे बढ़ाने में हर संभव सहयोग करने की बात कही।इस आयोजन में बिहार के पटना बक्सर बेगूसराय लखीसराय मुंगेर पश्चिम चंपारण भागलपुर सहित पूरे प्रदेश के दर्जनों खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। इस चयन प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों का खो खो स्किल रनिंग चेंजिंग सहित कई सारे टेक्निकल स्किल टेस्ट ली गई। इसके साथ ही बक्सर जिला खो खो संघ के अध्यक्ष डॉ रमेश कुमार सिंह के द्वारा बिहार मेंस खो खो लीग सीजन 2 का आयोजन बक्सर जिला में आयोजित करने की घोषणा की गई! साथी इसे सफल और ऐतिहासिक बनाने में कोई भी कसर नहीं छोड़ने की बात कही।बक्सर खो खो संघ के सचिव डॉ अरविंद सिंह ने इस आयोजन को बक्सर में आयोजित करने की अनुमति प्रदान करने पर खो खो एसोसिएशन आफ बिहार का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में रोहित बेहरा, यादव पवन सिंह अभिषेक सिंह का अहम योगदान रहा।

### नौकरी छोड़ी तो नाराज हुए पिता, एंटरप्रेन्योर बन अजय बने मिसाल

**बक्सर।** प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। बस जरूरत है उसे लक्ष्य निर्धारित कर काम करने की। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है जिले के अरैला गांव के युवा अजय राय ने न केवल देश बल्कि विदेशों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। मध्यम वर्गीय परिवार से जुड़े अजय राय ने जब 15 हजार की नौकरी छोड़ी तो पिता नाराज होकर उनसे बातचीत करना छोड़ दिया। राय ने आखिरकार डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में दस करोड़ की टर्न ओवर वाली कंपनी खड़ी कर दी। बक्सर जिले के डुमरांव थाना क्षेत्र अंतर्गत अरैला गांव निवासी रामव्यास राय के पुत्र हैं अजय राय, जिन्होंने अपनी प्रतिभा के बल पर न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय पहचान बना कर जिले को गौरवान्वित किया है। युवाओं के प्रेरणा के स्रोत बने अजय के पिता जीबीएसएसएस मुकुंदपुर विलेज दिल्ली 36 में सोशल साइंस के शिक्षक हैं। जिन्होंने अपने बेटा को पंजाब टेक्नीकल यूनिवर्सिटी से कम्प्यूटर साइंस में बीटेक कराया। वर्ष 2017 में बीटेक करने के बाद अजय ने 15 हजार की नौकरी की थी। किंतु अपनी नौकरी से संतुष्ट न हो आये दिन कुछ नया करने की बात करते रहें और नौकरी छोड़ने पर आतुर हो गए। जिसका पिता ने विरोध किया पर अजय ने उनकी बात को इग्नोर करते हुये डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में अपना काम कर एंटरप्रन्योर के रूप में अलग पहचान बना भारत के अलावा न्यूयार्क व कोलम्बिया में कार्य करने लगे हैं। अजय की इस सफलता पर मां मनोरमा राय गर्व महसूस कर रही हैं। वहीं अजय की पत्नी तृप्ति राय जो फिलवक्त गुगल में टेक्नीकल रिक्यूरिटर के पद पर हैं। अजय राय बताते हैं कि जब नौकरी छोड़ी तो पिता जी से इनसे छह माह तक बातचीत नहीं की। क्योंकि मध्यम वर्गीय परिवार से आने की वजह से वे नहीं चाहते थे कि नौकरी छोड़ूं। लेकिन मैं नहीं माना और नौकरी छोड़ अपने काम जुट गया। शुरुआती दौर में थोड़ी परेशानियां हुई। लेकिन वर्ष 2020 में "यूपीकोच" नाम की कंपनी बना विदेश में बैठे क्लाइंट से जुड़ने लगा। पहले बाइक से ड्यूटी किया फिर बाद में समय का उपयोग करने के लिए बस में बैठ कर कम्प्यूटर पर काम करने लगा। इस दौरान क्लाइंट से जुड़ने को लेकर मैसेज, फ्रेंड रिक्वेस्ट आदि करते हुए कंपनी के लिए काम करने लगा। जिसमें सफलता मिलता गया। फिर क्या काम मिलना शुरू हो गया।

# राजमिस्त्री की गोली मार हत्या, शव झाड़ी में फेंका

निज संवाददाता। आरा



आरा शहर में युवक की गोली मार बदमाशों ने हत्या कर दी। लाश इब्राहिम नगर के सुनसान इलाके से बरामद हुआ है। बाएं साइड गर्दन में काफी नजदीक से गोली मारी गई है। मृतक टाउन थाना क्षेत्र के इब्राहिम नगर मोहल्ला निवासी छबीला महतो का 27 वर्षीय बेटा शशिकांत महतो है, जो राजमिस्त्री था।मृतक के पिता छबीला महतो ने कहा कि शशिकांत की तबीयत ठीक नहीं थी, पेट दर्द था। रविवार दोपहर करीब 12 बजे दवा लेने घर से निकला था। रास्ते में उसके दोस्त उसे अपने साथ ले गए। रात में इब्राहिम नगर स्थित संजय गांधी कॉलेज के पीछे उसकी लाश मिली। गोली मारकर उसे किसी ने फेंक दिया। घटनास्थल पर विदेशी शराब, सोडा की बोतल मिली है।

**FSL टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए:** वहीं घटना की सूचना मिलते ही एसपी राज, टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय और अपर थानाध्यक्ष सुशांत कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मामले की छानबीन में जुट गए। वहीं, पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा और कारतूस भी बरामद किया गया है। इसके अलावा पुलिस ने एफएसएल की टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया। FSL टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य भी जुटाए हैं।

**सौतेले भाई पर लगाया आरोप:** मृतक के पिता छबीला महतो ने बताया कि मेरी इब्राहिम नगर में 16 कट्ठा जमीन है। जिसको लेकर सौतेले भाई से 6 माह पूर्व से विवाद चल रहा है। मामले में मैंने प्राथमिक की भी दर्ज कराई थी। एक सप्ताह पहले टाउन थाना में भी शिकायत की थी कि जान से मारने की धमकी दी जा रही है। छबीला महतो ने अपने सौतेले भाई राम भवन हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि मृतक की हत्या किसने और क्यों की। इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। मृतक अपने तीन भाई व एक बहन में दूसरे स्थान पर था। उसकी शादी 2020 में 30 मई को हुई थी। उसे कोई संतान नहीं है। मृतक के परिवार में मां पार्वती देवी, पत्नी खुशबू देवी और दो भाई राणा प्रताप, समा प्रताप व एक बहन राजकुमारी है।

**साक्ष्य संकलन किया जा रहा:** एसपी मिस्टर राज ने बताया कि इब्राहिम नगर के रहने वाले एक युवक 27 वर्षीय शशिकांत की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। घटनास्थल की जांच फॉरेंसिक टीम से कराई जा रही है। वैज्ञानिक अनुसंधान के जरिए साक्ष्य संकलन भी किया जा रहा है। साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने छापेमारी शुरू कर दी है

# बालू लदे टेलर ने महिला को रौंदा, मौत

निज संवाददाता। आरा



♦ हादसे के बाद शव को रखकर ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, मुआवजे की मांग

सकड्डी-नासरीगंज मुख मार्ग पर जिले के चांदी थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव के समीप रविवार को अनियंत्रित बालू लदे टेलर ने बाइक सवार महिला समेत दो को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर पीछे बैठी महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा युवक मामूली रूप से जख्मी हो गया। मृतका मदनपुर थाना क्षेत्र के महुआवा गांव निवासी संतोष चौधरी की 31 वर्षीय पत्नी माधुरी देवी है। आक्रोशित ग्रामीणों ने चालक को पकड़ लिया। शव को रख मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कतार लगी रही। आवागमन पूरी तरह ठप रहा। सूचना पाकर चांदी थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष पंकज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर के जाम को हटवाया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर टेलर को भी जब्त कर लिया है।

**महिला रिश्तेदार के घर गई थी:** मृतक के देवर रामपाल कुमार राज ने बताया कि संदेश थाना क्षेत्र के रेपूरा गांव अपने रिश्तेदार के घर आई थी। वहां से वह अपने बहनोई के साथ बाइक पर पीछे बैठकर पटना जिला के बिहटा स्थित निजी अस्पताल में इलाज कराने जा रही थी। उसी दौरान लोदीपुर गांव के समीप पीछे से आ रहे अनियंत्रित बालू लदे टेलर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे माधुरी देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उनका बहनोई मामूली रूप से जख्मी हो गया। बताया जाता है कि मृतका को एक पुत्र अनीश एवं के पुत्री राधा है।

# छात्र के साथ मारपीट कर छिनतई, DRCC से वापस लौट रहा था घर

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के टाउन थाना क्षेत्र के धनुपरा इलाके में एक युवक के साथ मारपीट कर नकदी और मोबाइल छीन लिया गया। इसे लेकर पीड़ित युवक ने संबंधित थाना में तीन के खिलाफ प्राथमिकी कराई है। इसके आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर एक आरोपित लालबाबू को धर दबोचा। वह धनुपरा क्षेत्र का बताया जा रहा है। दो अन्य की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार चांदी थाना क्षेत्र के रामनगर,कुंजन टोला निवासी विकास कुमार उर्फ बिट्टू कुमार छात्रवृति को लेकर बाइक से धनुपरा स्थित डीआरसीसी आफिस में आया हुआ था। इस दौरान लघुशंका के लिए बगीचा की ओर गया था तो तीन की संख्या में रहे आरोपितों ने मारपीट कर उसके पास से साढ़े पांच हजार रुपए नकद व मोबाइल छीन लिया। बाद में वह भाग कर डीआरसीसी आफिस पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद आरोपितों में से एक को धर दबोचा गया। जबकि, दो भाग निकलने में सफल हो गए। बाद में पकड़े गए आरोपित ने दो अन्य साथियों का नाम बताया। जिसे भी आरोपित किया गया है।एसडीपीओ टू रंजीत कुमार ने बताया की पीड़ित छात्र के द्वारा आवेदन दिया गया था,इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्यवाई की है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। जल्द ही सभी पकड़े जाएंगे।

# बाढ़ के पानी में डूबने से छात्र की मौत, मवेशी के लिए चारा लाने जा रहा था युवक

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के एकौना गांव में रविवार को बाढ़ के पानी में डूबने से एक छात्र की मौत हो गई। युवक पशुओं के लिए चारा लाने बाजार जा रहा था। इस दौरान पैर फिसलने की वजह से गहरे पानी में चला गया। जानकारी के अनुसार मृतक छात्र बड़हरा थाना क्षेत्र के एकौना गांव घाट वार्ड नंबर 7 निवासी मिथिलेश सिंह का 14 वर्षीय पुत्र कृष कुमार है। वह सातवीं कक्षा का छात्र था।

**स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला:** मृतक छात्र के चचेरे भाई आदित्य राज ने बताया कि गंगा का जलस्तर बढ़ जाने के कारण हमारे गांव सहित बड़हरा सभी क्षेत्र में बाढ़ का पानी फैला हुआ है। वह मवेशी के लिए चारा लाने के लिए बाढ़ के पानी में प्रवेश कर बाजार जा रहा था। उसी दौरान उसका पैर फिसल गया। गहरे पानी में जाने की वजह से वह डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के दौरान वहां मौजूद लड़कों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन फौरन वहां पहुंचे और स्थानीय लोगों द्वारा काफी मशक्कत करने के बाद उसके शव को पानी से बाहर निकल गया। लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया।

बताया जाता है कि मृत छात्र अपने दो भाई व दो बहन में तीसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां सोनी देवी व दो बहन सलोनी,शालिनी एवं एक भाई आरुष है।

# बाढ़ के पानी में डूबकर सरपंच के भतीजे की मौत, सब्जी लाने घर से निकला था युवक

निज संवाददाता। आरा





भोजपुर जिले के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के छबुनवा छलका के समीप बाढ़ के पानी में डूबने से सरपंच के भतीजे की मौत हो गई। मृतक कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के बलुआ गांव निवासी हंसराज यादव का 25 वर्षीय पुत्र देव रत्न यादव है। पेशे से चालक था। इधर बलुआ पंचायत के सरपंच सह मृतक के चाचा जितेंद्र यादव ने बताया कि शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे घर से बलुआ बाजार पर सब्जी खरीदने के लिए निकला था। सब्जी खरीदने के बाद वह शाम करीब तीन बजे बलुआ बाजार से वापस घर लौट रहा था। इसी बीच बलुआ स्थित छबुनवा छलका के समीप उसका पैर फिसल गया और बाढ़ के पानी में गिरकर डूब गया। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन पहुंचे और शनिवार की देर शाम तक उसकी काफी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिल पाया था। रविवार की देर शाम बलुआ गांव स्थित ठेला बाबा के समीप उसका शव पानी में पड़ा दिखा।

**स्थानीय लोगों के सहयोग से शव पानी से बाहर निकाला गया:** स्थानीय लोगों के सहयोग से शव को पानी से बाहर निकल गया। सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई में छोटा था। उसके परिवार में मां चंपा देवी और एक भाई शिव लखन यादव है। मृतक की मां चंपा देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने मंदिर में पूजा की

निज संवाददाता। बक्सर



झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश संजय कुमार दूबे रविवार को बक्सर पहुंचे। बक्सर जिला मुख्यालय सेंट्रल जेल परिसर स्थित भगवान वामन मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान भगवान वामन चेतना मंच के सदस्यों ने न्यायधीश को भगवान वामन का चित्र और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। सिमरी प्रखंड के दुबौली गांव निवासी संजय कुमार दूबे झारखंड हाईकोर्ट में न्यायधीश है। रविवार को अपनी पत्नी गायत्री द्विवेदी के साथ सुमेश्वर स्थान स्थित भगवान वामन मंदिर दर्शन करने को लेकर पहुंचे। जहां भगवान वामन एवं भोलेनाथ की मंदिर के पुजारी के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा, अर्चना व आरती की। पंडितों ने विधिवत संकल्प के साथ पूजा -अर्चना और आरती करायी। पूजन के बाद भगवान वामन चेतना मंच ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मृत्युंजय तिवारी के नेतृत्व में रविवार को मंच के सदस्यों ने न्यायाधीश को भगवान वामन का चित्र एवं अंग वस्त्र देखकर स्वागत किया। भगवान वामन के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। मंच के सदस्यों ने न्यायाधीश से मंदिर के विकास को लेकर अपनी बात रखी। मंदिर के विकास को लेकर उन्होंने सहयोग करने को लेकर आश्वासन भी दिया। मौके विजय बहादुर पांडेय, आनंद पांडेय, संजय ओझा, प्रकाश पांडेय, मनोज तिवारी, अभिषेक ओझा, अरविंद चौबे, धनंजय मिश्र, अवधेश चौबे, गणेश पांडेय समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# बक्सर में 27 सितंबर से राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिला प्रशासन और कला संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जिला स्तरीय युवा उत्सव का अयोजन किया जा रहा है। 27 और 28 सितंबर को बक्सर के नगर भवन में किया जाएगा। इसको लेकर प्रशासनिक तैयारियां शुरू हैं। इसके पहले इसका आयोजन अनुमंडल स्तर पर आज से किया जाएगा। बताया गया कि जिला स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने के लिए अनुमंडल स्तरीय युवा उत्सव में क्वालीफाई करना अनिवार्य होगा। बक्सर डीएम अंशुल अग्रवाल ने बताया कि इस युवा उत्सव के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं की प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया जाएगा। बताया गया कि कोई भी प्रतिभागी जिला स्तरीय युवा प्रतियोगिता में सीधे तौर पर भाग नहीं ले सकेंगे। इसके लिए प्रतिभागियों को सर्वप्रथम अनुमंडल स्तरीय युवा उत्सव में क्वालीफाई करना अनिवार्य होगा। डीएम द्वारा बताया गया कि अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को राज्य सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रमों एवं समारोह में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा। युवा उत्सव में समूह लोक नृत्य, एकल लोक नृत्य, लोकगीत शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय वाद्य-वादन, हारमोनियम, शास्त्रीय नृत्य, कहानी लेखन, कविता, चित्रकला, वक्तृता, लघु नाटक एवं मूर्तिकला, छायाचित्र प्रतियोगिता में प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर एवं डुमरांव, जिला शिक्षा पदाधिकारी बक्सर से कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार कराते हुए प्रत्येक विधा से पांच-पांच प्रतिभागियों का चयन कर सूची जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी को प्राप्त कराने का निर्देश दिया गया है।

बक्सर नगर परिषद कार्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सफाईकर्मियों की स्वास्थ्य जांच, मुफ्त में दवाइयों का वितरण

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर नगर पार्षद कार्यालय परिसर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत कार्यरत सभी सफाईकर्मियों की स्वास्थ्य जांच की जा रही है। साथ ही स्वस्थ रहने के लिए कई दिशा-निर्देश भी दिया जा रहा है। शिविर में दोपहर एक बजे तक कुल 25 लोगों का हेल्थ जांच कर जरूरी सलाह और दवा दिया गया। इस कार्यक्रम की जानकारी लोक स्वच्छता पदाधिकारी रवि कुमार द्वारा दी गई है। जिसमे उन्होंने शिविर से जुड़ी विस्तृत जानकारी शेयर की।

**स्वास्थ्य जांच के साथ मुफ्त दवाइयों का वितरण:** इस संबंध में रवि कुमार ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 2024 के तहत 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। जिसको लेकर नगर परिषद कार्यालय परिसर में स्वास्थ्य विभाग की टीम के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कार्यरत सफाईकर्मियों और नगर परिषद कार्यालय के कर्मियों की बीपी, वायरल फिवर सहित अन्य बीमारियों की जांच की जा रही है। साथ ही मुफ्त दवाइयों का वितरण भी किया जा रहा है। इसके अलावा स्वस्थ रहने के लिए महत्वपूर्ण सलाह भी दी जा रही है। नगर परिषद कर्मी दिनेश सिंह ने बताया कि दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत शहरी निराश्रितों एवं संचालित आश्रय स्थल में ठहरने वाले आश्रय विहीन और SHG'S सदस्यों की स्वास्थ्य जांच कराई गई साथ ही आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। अभी तक 11 लोगों का आयुष्मान कार्ड बन गया है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



# दो दिवसीय नियोजन मेले का हुआ समापन

**भागलपुर**। बिहार कौशल विकास मिशन की ओर से संकल्प योजना के अंतर्गत आयोजित प्रमंडलस्तरीय दो दिवसीय नियोजन मेला संपन्न हो गया। मेले में अलग-अलग क्षेत्र के लगभग 34 नियोजक शामिल हुए। कुल 5132 युवाओं ने आवेदन किया। प्राप्त बायोडाटा से 1,526 युवाओं का प्रथम स्तर पर चयन किया गया। साथ ही नौ विभागों की ओर से 3,465 लाभुकों का मार्गदर्शन किया गया। इस प्रकार इस नियोजन मेला में 8,597 युवाओं ने भाग लिया। नियोजन मेला को सफल बनाने में अवर प्रादेशिक नियोजनालय, भागलपुर के सहायक निदेशक (नियोजन) मो. तौसिफ क्याम, प्रभारी नियोजन पदाधिकारी, भरत जी राम, नियोजन पदाधिकारी रोहित आनंद व अन्य मौजूद थे।

# लॉन टेनिस के लिए खिलाड़ियों का चयन

**भागलपुर**। दरभंगा में शुक्रवार को हुए एसजीएफआई नेशनल लॉन टेनिस ओपन ट्रायल में भागलपुर के 6 खिलाड़ियों का चयन हुआ। चयनित खिलाड़ी नेशनल खेलने के लिए महाराष्ट्र, राजस्थान और झारखंड जाएंगे। टीम में अंडर 17 वर्ग में स्वस्ति शांडिल्य, प्रज्ञान जुगनू, आरव जैन, अंडर 14 में एमली सिंह, तनीषा सिंह का चयन किया गया है। जबकि अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप मे प्रियांश ठाकुर को चुना गया है।

# 105 स्कूलों के शिक्षकों को दूसरे स्कूलों में किया जाएगा टैग

**भागलपुर**। राज्य स्तरीय विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता में भागलपुर को पटना में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। एसएम महिला इंटर मिरजानहाट की टीम मैनेजर ने कहा कि हमारे स्कूल की छात्रा जिला स्तर पर हुई प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की है। शनिवार को राज्य स्तर पर विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता हुई। हमारी टीम ने जीत हासिल कर भागलपुर प्रमंडल का सम्मान बढ़ाया है। वहीं डीपीओ एसएसए मो. जमाल मुस्तफा ने कहा कि बच्चे आर्ट, साइंस दोनों में बेहतर कर रहे हैं। सिटी रिपोर्टर| भागलपुर गंगा के जलस्तर बढ़ने के कारण 11 प्रखंडों के 105 स्कूलों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। छात्रों की पढ़ाई स्थगित की दी गई है। बाढ़ प्रभावित स्कूलों के शिक्षकों को सोमवार को दूसरे स्कूल में टैग किया जाएगा। डीपीओ एसएसए मो. जमाल मुस्तफा ने कहा कि वैसे छात्र जो अर्धवार्षिक परीक्षा में बाढ़ के कारण अनुपस्थित हुए हैं। उन छात्रों की परीक्षा दोबारा ली जाएगी। छात्रों की पढ़ाई बाधित नहीं होगी। बाढ़ प्रभावित स्कूलों में नाथनगर प्रखंड के अधिक स्कूल हैं। 28 स्कूल शामिल हैं। सबौर के 12, रंगरा चौक के 11, सुल्तानगंज के 10, निगम के चार, शाहकुंड के दो, इस्माईलपुर के 10, नारायणपुर के 10, गोपालपुर के 15, कहलगांव के दो व पीरपैंती के एक स्कूल हैं।

# जिले में डेंगू के दो और संभावित मरीज मिले, सदर अस्पताल में हो रहा इलाज

**मुंगेर**। जिले में डेंगू संक्रमण भयावह रूप ले चुका है। मुंगेर के शहरी क्षेत्र के अतिरिक्त अब जिले के कई प्रखंडों में भी डेंगू के मामले बढ़ रहे हैं। मुंगेर शहर में जहां मकससपुर और बीचागांव क्षेत्र डेंगू को लेकर हॉट स्पॉट बन गया है। जिले के जमालपुर और हवेली खड़गपुर में भी डेंगू के सर्वाधिक मामले सामने आ चुके हैं। इस बीच रविवार को सदर अस्पताल के डेंगू वार्ड में दो संभावित मरीजों को भर्ती किया गया। जबकि रविवार तक अस्पताल के डेंगू वार्ड में 9 मरीजों का इलाज चल रहा है। इधर जिले में डेंगू संक्रमण के मामले बढ़ने के साथ अस्पताल के ब्लड बैंक में प्लेटलेट्स की डिमांड भी बढ़ गयी है। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. रमण कुमार ने बताया कि अस्पताल में रविवार को डेंगू संभावित 2 नये मरीज भर्ती हुए। जिसमें हसनगंज निवासी 26 वर्षीय रंजन कुमार और डीह निवासी 28 वर्षीय विकास कुमार को तेज बुखार और एनएस वन जांच रिपोर्ट पॉजिटिव पाये जाने के बाद भर्ती किया गया। दोनों मरीज का प्लेटलेट्स 45 हजार से कम है। जिसका सैंपल एलाइजा जांच के लिये भेज दिया गया है।

# बाढ़ के कारण मुंगेर विवि की सभी परीक्षाएं की गईं स्थगित

**मुंगेर**। बाढ़ ने परीक्षा में भी खलल डाल दिया है। जिससे मुंगेर विश्वविद्यालय में चल रही स्नातक पार्ट-1 (बैकलॉग) सब्सिडियरी एवं स्नातक पार्ट-2 (ऑनर्स एवं सब्सिडियरी) की परीक्षा को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ अमर कुमार ने बताया कि मुंगेर जिला एवं अन्य जगहों में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए तत्काल स्नातक पार्ट-1 एवं पार्ट-2 की परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है। परीक्षा की नई तिथि की घोषणा बाढ़ की स्थिति सामान्य होने के बाद की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।


## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

67वीं औपबंधिक सूची जिला–लातेहार (पार्ट–5)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी आरडियन खाखा द्वारा आयोग के सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 251. | 1. आवेदन क्र0–689/24<br>2. आवेदक–रामसहाय उरांव , पिता–बलदेव उरांव<br>3. ग्राम–जाला , पोस्ट–शोरेगाड़ा , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 252. | 1. आवेदन क्र0–690/24<br>2. आवेदक–अकला उरांव , पिता–लथु उरांव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–81 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 253. | 1. आवेदन क्र0–691/24<br>2. आवेदक–रंथी देवी, पति–सोमरा उरांव<br>3. ग्राम–इचाक , पोस्ट–इचाक झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–महिला, आयु–64 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 254. | 1. आवेदन क्र0–692/24<br>2. आवेदक–महादेव भगत , पिता–स्व0 मोहन भगत<br>3. ग्राम–बालूमाथ , पोस्ट–इचाक , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 255. | 1. आवेदन क्र0–693/24<br>2. आवेदक–निर्मला टोप्पो , पति–लुईस कुजुर<br>3. ग्राम–किता महुआ डांड , पोस्ट–परहा टोली , थाना–महुआड़ाड , प्रखण्ड–महुआड़ाड<br>4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 256. | 1. आवेदन क्र0–694/24<br>2. आवेदक–बिशुन उरांव , पिता–रति उरांव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 257. | 1. आवेदन क्र0–695/24<br>2. आवेदक–बालेश्वर उरांव , पिता–परमेश्वर उरांव<br>3. ग्राम–चुनहट बालू , पोस्ट–बालू , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–41 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 258. | 1. आवेदन क्र0–696/24<br>2. आवेदक–अमन राज , पिता–बृजलाल प्र0 गुप्ता<br>3. ग्राम–गोविन्द नगर , पोस्ट–बालूमाथ , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–33 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 259. | 1. आवेदन क्र0–697/24<br>2. आवेदक–देवनारायण उरांव , पिता–सहदेव उरांव<br>3. ग्राम–कढ़ीया , पोस्ट–पाण्डेपुरा , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 260. | 1. आवेदन क्र0–698/24<br>2. आवेदक–किरन देवी , पति–राजेन्द्र साव<br>3. ग्राम–भौंरा , पोस्ट–भौंरा , थाना–भौंरा , प्रखण्ड–भौंरा<br>4. लिंग–महिला, आयु–42 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 261. | 1. आवेदन क्र0–699/24<br>2. आवेदक–योगेश्वर उरांव , पिता–गुजरा उरांव<br>3. ग्राम–शांति , पोस्ट–मुरपा, थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 262. | 1. आवेदन क्र0–700/24<br>2. आवेदक–सुरसहाय उरांव, पिता–रंथु उरांव<br>3. ग्राम–मुक्का , पोस्ट–पाण्डेपुरा , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–78 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 263. | 1. आवेदन क्र0–738/24<br>2. आवेदक–लक्षमण उरांव , पिता–रामसहाय उरांव<br>3. ग्राम–कढ़ीमा , पोस्ट–पाण्डेपुरा , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 264. | 1. आवेदन क्र0–701/24<br>2. आवेदक–दिलमईत देवी , पति–बालेष्वर उरांव<br>3. ग्राम–महुवाडांड , पोस्ट–महुवाडांड , थाना–महुवाडांड , प्रखण्ड–महुवाडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–सिर में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 265. | 1. आवेदन क्र0–483/24<br>2. आवेदक–महेष प्रसाद , पिता–जतन साव<br>3. ग्राम–कान्दु मुहल्ला , पोस्ट–डाल्टेनगंज , थाना–मेदिनीनगर , प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–65 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने पैर घुटने में कटे का दाग।। | कंडिका–2(ix) |
| 266. | 1. आवेदन क्र0–702/24<br>2. आवेदक–सरस्वती देवी , पति–मोहन नगेषिया<br>3. ग्राम–चटकपुर , पोस्ट–चटकपुर , थाना–महुवाडांड , प्रखण्ड–महुवाडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–61 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाति में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 267. | 1. आवेदन क्र0–703/24<br>2. आवेदक–चन्द्रमणि देवी , पति–दिलीप उरांव<br>3. ग्राम–महुवाडांड , पोस्ट–महुवाडांड , थाना–महुवाडांड , प्रखण्ड–महुवाडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–42 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायां हाथ पर तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 268. | 1. आवेदन क्र0–484/24<br>2. आवेदक–बेल्मैत देवी , पति–संतोष साव<br>3. ग्राम–कान्दु मुहल्ला , पोस्ट–डाल्टेनगंज , थाना–मेदिनीनगर , प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायां नाक में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 269. | 1. आवेदन क्र0–485/24<br>2. आवेदक–एतवरिया कुंवर , पति–स्व0 कैलाष उरांव<br>3. ग्राम–पिढ़िया , पोस्ट–पिर्हिया , थाना–सतबरवा , प्रखण्ड–सतबरवा<br>4. लिंग–महिला , आयु–66 वर्ष , पहचान चिन्ह–ललाट पर गोदना का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 270. | 1. आवेदन क्र0–486/24<br>2. आवेदक–गणेष रवि , पिता–कौलेष्वर राम<br>3. ग्राम–रेड़मा , पोस्ट–जी0एल0ए0 कॉलेज , थाना–मेदनीनगर , प्रखण्ड–मेदनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 271. | 1. आवेदन क्र0–487/24<br>2. आवेदक–संजय प्रसाद जायसवाल , पिता–काषी प्रसाद जायसवाल<br>3. ग्राम–बेलवाटीकर , पोस्ट–डाल्टेनगंज , थाना–मेदनीनगर , प्रखण्ड–मेदनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 272. | 1. आवेदन क्र0–1885/24<br>2. आवेदक–गैंदिया देवी , पति–रामरतन साहु<br>3. ग्राम–महुवाजारी , पोस्ट–महुवाजारी , थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–महिला , आयु–69 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिनें तरफ माथा पर कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 273. | 1. आवेदन क्र0–704/24<br>2. आवेदक–सुषील टोप्पो , पिता–बेनेदिक टोप्पो<br>3. ग्राम–चटकपुर , पोस्ट–चटकपुर , थाना–महुवाडांड , प्रखण्ड–महुवाडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के बायें होंठ पर कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 274. | 1. आवेदन क्र0–705/24<br>2. आवेदक–पास्कल किसन , पिता–महरंग किसन<br>3. ग्राम–परेवा , पोस्ट–चटकपुर , थाना–महुवाडांड , प्रखण्ड–महुवाडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–सर में चोट का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 275. | 1. आवेदन क्र0–488/24<br>2. आवेदक–सुबोध कुमार सिन्हा , पिता–स्व0 षिवनाथ प्रसाद<br>3. ग्राम–आबादगंज (मेदिनीनगर) , पोस्ट–डाल्टेनगंज , थाना–मेदनीनगर , प्रखण्ड–मेदनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर कटे का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री अनिल मोहन केरकेट्टा एवं आरडियन खाखा द्वारा आयोग के सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 276. | 1. आवेदन क्र0–496/24<br>2. आवेदक–जोहन बैग , पिता–रेमिस बैग<br>3. ग्राम–चोरमुण्डा , पोस्ट–आराहंस , थाना–नेतरहाट , प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 277. | 1. आवेदन क्र0–497/24<br>2. आवेदक–मेरी ग्रेस बेंग , पिता–.जरोम मुण्डा<br>3. ग्राम–हूरमुण्डा , पोस्ट–आराहंस , थाना–नेतरहाट , प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 278. | 1. आवेदन क्र0–498/24<br>2. आवेदक–अमरूस बेंग , पिता–फागु बेंग<br>3. ग्राम–हुरमुंडा टोली , पोस्ट–आराहंस , थाना–नेतरहाट , प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 279. | 1. आवेदन क्र0–499/24<br>2. आवेदक–तेरेसा मिंज , पति–निकोदिम मिंज<br>3. ग्राम–अराहंस , पोस्ट–आराहंस , थाना–नेतरहाट , प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–महिला , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ विकलांग | कंडिका–2(ix) |
| 280. | 1. आवेदन क्र0–500/24<br>2. आवेदक–स्टेफन मिंज , पिता–दोमनसियुस मिंज<br>3. ग्राम–हुरमुण्डा पकरीपाट, पोस्ट–आराहंस , थाना–नेतरहाट , प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर के अंगूठे में घाव का निषान | कंडिका–2(ix) |
| 281. | 1. आवेदन क्र0–501/24<br>2. आवेदक–सुषील बेक , पिता–बुदू बेक<br>3. ग्राम–अराहंस केराखाड़ , पोस्ट–आराहंस , थाना–नेतरहाट , प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के पास मासा | कंडिका–2(ix) |
| 282. | 1. आवेदन क्र0–502/24<br>2. आवेदक–सिमोन मुण्डा , पिता–मंगल मुण्डा<br>3. ग्राम–हुरमुण्डा सिहनाटोली , पोस्ट–आराहंस , थाना–नेतरहाट , प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 283. | 1. आवेदन क्र0–503/24<br>2. आवेदक–जुबेंसियुस कुजूर, पिता–स्व. पतरस कुजूर<br>3. ग्राम–धांगरटोला, पोस्ट–गारू, थाना–गारू, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां आँख नीचे मस्सा | कंडिका–2(ix) |
| 284. | 1. आवेदन क्र0–504/24<br>2. आवेदक–विष्वनाथ महतो, पिता–स्व. कैला महतो<br>3. ग्राम–धांगरटोला, पोस्ट–गारू, थाना–गारू, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह– गर्दन में मस्सा | कंडिका–2(ix) |
| 285. | 1. आवेदन क्र0–505/24<br>2. आवेदक– विलियम कुजूर, पति– स्व. जोहन कुजूर<br>3. ग्राम–धांगरटोला, पोस्ट–गारू, थाना–गारू, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह – बायां पैर में घाव | कंडिका–2(ix) |
| 286. | 1. आवेदन क्र0–506/24<br>2. आवेदक– ब्रजेष सिंह , पति– मेघनाथ सिंह<br>3. ग्राम–महुआडाबर , पोस्ट–कोटाम , थाना–गारू, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह – दायां आँख के पास मस्सा | कंडिका–2(ix) |
| 287. | 1. आवेदन क्र0–507/24<br>2. आवेदक– सुषील टोप्पो, पति– स्व. गब्रिएल टोप्पो<br>3. ग्राम–धांगरटोला, पोस्ट–गारू, थाना–गारू, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह – छाती में तिल का दाग | कंडिका–2(ix) |
| 288. | 1. आवेदन क्र0–508/24<br>2. आवेदक– रामलाल, पति– स्व. गणेष साह<br>3. ग्राम–धांगरटोला, पोस्ट–गारू, थाना–गारू, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह – माथे पर तिल का निषान | कंडिका–2(ix) |
| 289. | 1. आवेदन क्र0–509/24<br>2. आवेदक– अखिलेष यादव , पति– स्व. सीताराम यादव<br>3. ग्राम–गारू, पोस्ट–गारू, थाना–गारू, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह – बायां बांह में तिल का दाग | कंडिका–2(ix) |
| 290. | 1. आवेदन क्र0–510/24<br>2. आवेदक– बंषीधर प्रसाद गुप्ता, पति– स्व. वासुदेव साव<br>3. ग्राम–धांगरटोला, पोस्ट–गारू, थाना–गारू, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62वर्ष, पहचान चिन्ह – माथे पर गोदना का दाग | कंडिका–2(ix) |
| 291. | 1. आवेदन क्र0–511/24<br>2. आवेदक– नरेष प्रसाद , पति– स्व. कौजा साह<br>3. ग्राम–धांगरटोला, पोस्ट–गारू, थाना–गारू, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह – दायां कान पास मस्सा | कंडिका–2(ix) |
| 292. | 1. आवेदन क्र0–512/24<br>2. आवेदक– सुरेष प्रसाद, पति– स्व. प्रगास साव<br>3. ग्राम–धांगरटोला, पोस्ट–गारू, थाना–गारू, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह – बायां छाती में तिल | कंडिका–2(ix) |
| 293. | 1. आवेदन क्र0–513/24<br>2. आवेदक– इसदोर, पति– बेनेदिक मिंज<br>3. ग्राम–गोठगांव, पोस्ट–चटकपुर, थाना–महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55वर्ष, पहचान चिन्ह – अंकित नहीं | कंडिका–2(ix) |
| 294. | 1. आवेदन क्र0–514/24<br>2. आवेदक– सकिन्द्र सिंह , पति– स्व. कलेष्वर सिंह<br>3. ग्राम–मुकुन्दपुर , पोस्ट–सरजू , थाना–गारू, प्रखण्ड–सरजू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह – दायां हाथ में तिल | कंडिका–2(ix) |
| 295. | 1. आवेदन क्र0–515/24<br>2. आवेदक– विष्वनाथ सिंह, पति– स्व. प्रबोध सिंह<br>3. ग्राम–चातम, पोस्ट–सरजू , थाना–छिपादोहर, प्रखण्ड–सरजू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह – बायां कान के पास मस्सा | कंडिका–2(ix) |
| 296. | 1. आवेदन क्र0–516/24<br>2. आवेदक– बाले मुण्डा, पति– स्व. सनिचर मुण्डा<br>3. ग्राम–मनातू , पोस्ट–सरजू, थाना–छिपादोहर, प्रखण्ड–सरजू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह – छाती में मस्सा | कंडिका–2(ix) |
| 297. | 1. आवेदन क्र0–517/24<br>2. आवेदक– जेंगा होरो, पति– स्व. लाचो होरो<br>3. ग्राम–सुकलकठा, पोस्ट–सरजू , थाना–छिपादोहर , प्रखण्ड–सरजू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह – बायां हाथ में तिला | कंडिका–2(ix) |
| 298. | 1. आवेदन क्र0–518/24<br>2. आवेदक– सिंधा बरला, पति– स्व. बुधु बरला<br>3. ग्राम–कुकू, पोस्ट–सरजू , थाना–छिपादोहर, प्रखण्ड–सरजू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह – बायां आँख के पास मस्सा | कंडिका–2(ix) |
| 299. | 1. आवेदन क्र0–519/24<br>2. आवेदक– मतियस गुड़िया, पति– स्व. फिलिप गुड़िया<br>3. ग्राम–सुकलकठा, पोस्ट–सरजू , थाना–छिपादोहर , प्रखण्ड–सरजू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63वर्ष, पहचान चिन्ह – बायां आँख के पास मस्सा | कंडिका–2(ix) |
| 300. | 1. आवेदन क्र0–520/24<br>2. आवेदक– अलविस बारला, पति– स्व. बुधु बरला<br>3. ग्राम–कुकू, पोस्ट–सरजू , थाना–छिपादोहर, प्रखण्ड–सरजू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह – बायां आँख के पास मस्सा | कंडिका–2(ix) |
| 301. | 1. आवेदन क्र0–521/24<br>2. आवेदक– प्रबोध कुमार मिंज, पति– स्व. जोवाकिम मिंज<br>3. ग्राम–पहाड़कोचा, पोस्ट–मयापुर, थाना–बारेसाँड़, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह – गले पर तिल का दाग | कंडिका–2(ix) |
| 302. | 1. आवेदन क्र0–522/24<br>2. आवेदक– अनुज तिर्की , पति– फिलिप तिर्की<br>3. ग्राम–मयापुर, पोस्ट–बारेसाँड , थाना– बारेसाँड़, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–39 वर्ष, पहचान चिन्ह – बायां हथेली पर तिल | कंडिका–2(ix) |
| 303. | 1. आवेदन क्र0–523/24<br>2. आवेदक–आश्रित कुजूर, पति– स्व. जुलियुस कुजूर<br>3. ग्राम–मयापुर, पोस्ट–बारेसांड़ , थाना–बारेसाँड़, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–33 वर्ष, पहचान चिन्ह – दायां पैर में घाव | कंडिका–2(ix) |
| 304. | 1. आवेदन क्र0–524/24<br>2. आवेदक–अलबिना टोप्पो, पति– बिलसुन खलखो<br>3. ग्राम–मयापुर, पोस्ट–बारेसांड़ , थाना–बारेसाँड़, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–महिला, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह – ठुड्डी पर मस्सा | कंडिका–2(ix) |
| 305. | 1. आवेदन क्र0–525/24<br>2. आवेदक– निका टोपनो, पति– प्रबोध कुमार मिंज<br>3. ग्राम–मयापुर पहाड़कोचा, पोस्ट–बारेसाँड़ , थाना–बारेसाँड़, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–महिला, आयु–37 वर्ष, पहचान चिन्ह – बांया कलाई पर गोदना | कंडिका–2(ix) |
| 306. | 1. आवेदन क्र0–526/24<br>2. आवेदक–इग्नासिया ठिठियो, पति–बेंजमिन ठिठियो<br>3. ग्राम–चोरमंडा, पोस्ट–आराहंस, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–महिला, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां गाल पर तिल का दाग | कंडिका–2(ix) |
| 307. | 1. आवेदन क्र0–527/24<br>2. आवेदक–मरियम टोप्पो, पति– फुलजेन ठिठयो<br>3. ग्राम–चोरमंडा, पोस्ट–आराहंस, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–महिला, आयु–95 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में घाव का निषान | कंडिका–2(ix) |
| 308. | 1. आवेदन क्र0–528/24<br>2. आवेदक–गलोरिया केरकेट्टा, पति–स्टेफन चोरांठ<br>3. ग्राम–चोरमंडा, पोस्ट–आराहंस, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–महिला, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां कान पास मस्सा। | कंडिका–2(ix) |
| 309. | 1. आवेदन क्र0–529/24<br>2. आवेदक–मरियम बेंग, पति–स्टेफन बेंग<br>3. ग्राम–चोरमंडा, पोस्ट–आराहंस, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग– महिला, आयु–33 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां पैर में घाव का निषान | कंडिका–2(ix) |
| 310. | 1. आवेदन क्र0–530/24<br>2. आवेदक–पुलिकार कुजुर, पिता–स्व. इग्नस कुजुर<br>3. ग्राम–चोरमंडा, पोस्ट–आराहंस, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायां पैर में कटे का निषान | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR.NO. 336696 Home(24-25):D


# नवंबर में होगा क्रिकेट लीग सीजन 3

**भागलपुर**। भागलपुर क्रिकेट लीग के सीजन तीन का आयोजन नवंबर के पहले हफ्ते में होगा। इसको लेकर शनिवार को आयोजकों ने बताया कि लीग में टीमें 17 खिलाड़ियों को शामिल कर सकेंगी। प्रत्येक टीम में 15 स्थानीय खिलाड़ी होंगे, जबकि दो बाहरी खिलाड़ी भी खेल सकेंगे। आयोजन समिति के विजय कुमार यादव ने बताया कि लीग में ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को भी शामिल किया जा सकेगा। इसके लिए पहले विभिन्न प्रखंडों में क्रिकेट के लीग के मैच कराए जाएंगे। इस मौके पर बीडीसीए के सदस्य जयशंकर ठाकुर, सहित टीमों के कप्तान रहमतुल्ला अन्य थे।


## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा (जिला स्थापना शाखा)

### –: शुद्धि सूचना :–

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि चतरा जिला अन्तर्गत चौकीदार के रिक्त पद पर सीधी भर्ती हेतु निर्गत विज्ञापन संख्या–01/2024 [PR 331722 District(24-25)#D] में निम्नांकित आंशिक संशोधन किया जाता है:–

(1) चतरा जिला अन्तर्गत चौकीदार के कुल रिक्त पद 154 पर सीधी नियुक्ति/भर्ती हेतु विज्ञापन संख्या–01/2024 प्रकाशित किया गया था। लिपिकीय भूलवश विज्ञापन के संलग्न परिशिष्ट–1 में सिमरिया अंचल अंतर्गत कुल रिक्ति 14 के स्थान पर 15 रिक्ति अंकित हो गया है।

(2) सिमरिया अंचल के बीट सं0 5/3 ग्राम डाड़ी (संलग्न ग्राम–एदला, बकचौमा, डाड़ी) एवं टण्डवा अंचल के दिगवार बीट संख्या–7 बड़गाँव में नवनियुक्त चौकीदार कार्यरत हैं।

(3) हंटरगंज अंचल अन्तर्गत बर्खास्त दिगवार का न्यायालय से पुर्ननियुक्ति संबंधी आदेश प्राप्त होने के कारण दिगवार बीट संख्या–01/01 नावाडीह में पुर्ननियुक्ति किये जाने हेतु नियुक्ति समिति की बैठक में सर्वसम्मति से लिये गये निर्णय के आलोक में उक्त 03 (तीन) बीट की रिक्ति को विलोपित किया जाता है।

पूर्व के विज्ञापन संख्या–01/2024 में से 03 पद घटाते हुए रिक्ति संबंधी संशोधन समझा जाय एवं उक्त 03 बीट का आवेदन को रद्द समझा जाय। विज्ञापन का शेष अंश यथावत् रहेगा।

उपायुक्त,
चतरा

PR 336642 (District)24-25*D



## –: कार्यालय :–
## प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल

### –: आवश्यक सूचना :–

भारतीय वन अधिनियम 1927 (बिहार संशोधन अधिनियम 1989) की धारा–52 के अंतर्गत अधिहरण वादों की सूचना।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत जप्त वाहनों एवं जप्त वन पदार्थ से संबंधित विभिन्न वादों में सुनवाई हेतु अगली तिथि 16.10.2024 को निर्धारित की जाती है :–

| क्र0 स0 | अधिहरण वाद संख्या | वाद प्रारम्भ की तिथि | अभियुक्त का नाम | वाहन का प्रकार/वाहन संख्या | जप्त वन पदार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 09/2024 | 25.05.2024 | विजय कुमार साहु | Truck Reg. No. JH-02BM-4267 | कोयला लगभग 30 टन |
| 2 | 40/2023 | 01.12.2023 | केश्वर सिंह, राजेश सिंह | - | सिधा बल्ली 15 पीस |
| 3 | 02/2023 | 10.01.2023 | गुलजार अहमद | Truck Reg. No. JH-01BE-8398 | साल बोटा 81 पीस |

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.10.2024 को 11:00 बजे पर्वाह्न में प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकतरफा सुनवाई करते हुए जप्त वन पदार्थ को सरकार के पक्ष में अधिहरित कर लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार वन प्रमण्डल

PR 336674 (Forest, Environment and Climate Changes)24-25*D

## संक्षिप्त समाचार

### चैंबर ऑफ कामर्स के चुनाव में परेश गट्टानी की टीम विजयी

**रांची, एजेंसी।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र 2024-25 के कार्यकारिणी समिति/क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का चुनाव रविवार को गुरुनानक स्कूल में हुआ. देर रात परिणाम घोषित किया गया. मालूम हो चैंबर के 3909 मतदाताओं में 1926 मतदाताओं ने अनने मताधिकार का प्रयोग किया. चुनाव में 21 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति के लिए 35 उम्मीदवार मैदान में थे. इनमें परेश गटानी की टीम ने विजय हासिल की है. परेश गट्टानी ने 1621 मत प्राप्त किये, वहीं सैलेंद्र सुमन ने 698 मत प्राप्त कर प्राजय हुए. परेश गट्टानी की टीम से सुनील केडिया 1255 मत प्राप्त कर प्राजय हो गये. वहीं निर्दलयी प्रत्याशी आस्था किरण 1341 मत प्राप्त कर विजयी हुई.

### वर्तमान दौर में इल्म जरूरी : मोबिन अजीजी

**धनबाद, एजेंसी।** तंजीम इत्तेहादे मिल्लत फाउंडेशन की ओर से बलियापुर प्रखंड के रखितपुर गांव में शुक्रवार की रात जलसा का आयोजन किया गया. जलसे में सदर कारी अब्दुल मोबीन अजीजी ने कहा कि वर्तमान समय में इल्म (ज्ञान) बेहद जरूरी है. हमारे गांव, समाज में फैली बुराइयों को दूर करने के लिए लोगों को जागरूक करना जरूरी है. तंजीम हर गांव में बैठक करेगी.जलसा को सदर कारी यार मोहम्मद, कारी नूर आलम साहब, हजरत अल्लामा मौलाना इनायतुल्लाह कादरी साहब, हजरत मुफ्ती मोइनुद्दीन मजहरी साहब, मौलाना तस्लीम रजा, मौलाना मुस्तकीम रजा, मौलाना कासिम साहब, हाफिज मजहर मरकजी, मौलाना मोहर्रम अली, मौलाना हाशिम रजा, मौलाना सद्दाम हबीबी, कारी आबिद रजा, कारी अब्दुल लतीफ, कारी सलीम साहब, हाफिज आसिफ, मो मेराज कादरी ने संबोधित किया. मौके पर शकील अंसारी, मुख्तार अंसारी, रमजान अंसारी, इमाम अंसारी, जैनुल अंसारी, हाजी यूनुस अंसारी, हाजी मोफिजुद्दीन अंसारी, कादिर अंसारी, हारुन रसीद, इसराइल अंसारी, नईम अंसारी, खलील अंसारी, मंजूर अंसारी, शहाबुद्दीन अंसारी, मंसूर अंसारी, इदरीस अंसारी आदि थे.

### सड़क दुर्घटना में चार घायल, एक की मौत

**लातेहर, एजेंसी।** बरवाडीह थाना क्षेत्र में विभिन्न मार्गों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में चार बाइक सवार घायल हो गये. घायलों में एक की मेदिनीनगर जाने के क्रम में मौत हो गयी. जबकि दो की हालत काफी नाजूक है. पहला हादसा बरवाडीह-कुटमू मेन सड़क पर कुल्ही नाला के समीप हुई. यहां एक बाइक पर दो लोग सवार होकर डालटनगंज की ओर जा रहे थे. बाइक की रफ्तार काफी तेज थी. बाइक अचानक अनियंत्रित हो कर दुर्घटनागस्त हो गयी. स्थानीय लोगों ने दो बाइक सवारों को एंबुलेंस बुला कर घायल इलाज के लिए बरवाडीह स्वास्थ्य केंद्र भेजा. घायलों में भरदूल भुइंया और लालमुनि भुइंया शामिल हैं.दोनों पलामू के छेचनी निवासी है. अस्पताल में इन दोनो घायलों का इलाज चल ही रहा था कि एक अन्य दुर्घटना में घायल दो बाइक सवारों को वहां लाया गया.कुटमू-महुआडांड़ मेन रोड अखरा के पास दो बाइकों की आपस में टक्कर हो गई. जिसमे दोनो बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गये. घायलों में रवींद्र सिंह, महुआडांड़ और धनेश्वर भुइंया, पीढ़े का नाम शामिल है. सभी घायलों का इलाज डॉ क्षितिज के द्वारा कर तीन लोगों को बेहतर इलाज के लिए डालटनगंज एमएमसीएच रेफर कर दिया गया है.

### विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कांग्रेस की बैठक

**रांची, एजेंसी।** प्रदेश कांग्रेस विधानसभा चुनाव की तैयारी को अंतिम रूप में देने में जुटी हुई है। इसी क्रम में रविवार को कांग्रेस भवन में बैठक हुई। इसमें विधायक दल के नेता डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि पांच साल में राज्य सरकार ने कई जनकल्याणकारी कार्य किए हैं। ये सभी कार्य और योजनाएं जनता के निजी आर्थिक विकास से सीधे जुड़े हुए हैं। लेकिन, विरोधी दल चुनावी धारा को मोड़ने की कोशिश में अतार्किक मुद्दे उछाल रहे हैं। इससे लोगों को बचाना है। विरोधियों के मुद्दों पर ध्यान न देकर जनता के बीच सरकार के कार्यों को लेकर जाना है। एआईसीसी के एसटी-एससी, ओबीसी, माइनोरिटी विभाग और एलडीएम कोऑर्डिनेटर के. राजू ने कहा कि संगठन के कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान जरूर होगा। वर्तमान सरकार में कुछ कार्य अधूरे पड़े हैं, जिन्हें पूरा करने की पहल की जाएगी।

# अवकाश के बावजूद तीन बार बैठी खंडपीठ, सभी इंटरनेट सेवा बंद करने पर झारखंड हाइकोर्ट ने लगायी फटकार

**रांची, एजेंसी।** झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के दूसरे दिन 22 सितंबर को सुबह चार बजे से दोपहर साढ़े तीन बजे तक इंटरनेट सर्विस पूरी तरह से बंद करने से जुड़े मैसेज को झारखंड हाइकोर्ट ने गंभीरता से लिया. मामले को लेकर रविवार को अवकाश के बावजूद सुबह नौ बजे जस्टिस आनंद सेन व जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की खंडपीठ बैठी. खंडपीठ ने नाराजगी जताते हुए संबंधित मोबाइल कंपनियों के प्रतिनिधियों को उपस्थित होने का निर्देश दिया. कोर्ट ने कहा कि कल मोबाइल डाटा बंद रहने की बात कही गयी थी, लेकिन रविवार को सुबह से ही इंटरनेट सेवा पूरी तरह से बंद करने का मैसेज मोबाइल कंपनियों की ओर से लोगों को भेजा गया, ऐसा क्यों किया गया।

खंडपीठ दूसरी बार दिन के दस बजे बैठी. मोबाइल कंपनियों की ओर से अधिवक्ताओं ने बताया कि झारखंड सरकार से रात लगभग 1.30 बजे इंटरनेट सेवा बंद करने का निर्देश मिला था. इसके बाद मैसेज जारी कर उपभोक्ताओं को आगाह किया गया. इस पर खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए कहा कि 15 मिनट के अंदर इंटरनेट सर्विस शुरू करें. खंडपीठ के निर्देश के बाद इंटरनेट सर्विस चालू कर दिया गया. खंडपीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि इस रिट याचिका के लंबित रहने तक इस कोर्ट की अनुमति के बिना किसी भी परीक्षा के आयोजन के आधार पर झारखंड राज्य में किसी भी रूप में इंटरनेट सुविधा को निलंबित नहीं किया जायेगा. मामले की अगली सुनवाई के लिए खंडपीठ ने 14 नवंबर की तिथि निर्धारित की.




इससे पहले खंडपीठ ने गृह विभाग के प्रधान सचिव वंदना डाडेल को संबंधित फाइल के साथ सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया. फाइल के साथ प्रधान सचिव वंदना डाडेल के कोर्ट में पहुंचने के बाद फिर मामले की सुनवाई शुरू हुई. खंडपीठ ने कहा कि 21 सितंबर को मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के जवाब सुनने के बाद विस्तृत आदेश दिया गया था. आदेश के बाद भी राज्य सरकार ने संपूर्ण इंटरनेट सुविधा को निलंबित कर दिया. सरकार की यह कार्रवाई इस न्यायालय द्वारा 21 सितंबर को पारित न्यायिक आदेश का उल्लंघन है.

खास कर तब जब रिट याचिका अभी भी लंबित है. यह इस कोर्ट के साथ किया गया धोखा है और एक कपटपूर्ण कार्रवाई है. जब कोर्ट ने शनिवार 21 सितंबर को समग्र स्थिति पर विचार करते हुए अंतरिम आदेश देने से इनकार कर दिया था, तो कोई आकस्मिक स्थिति होने पर भी सरकार सहित अन्य पक्षों को आदेश में संशोधन के लिए इस कोर्ट से संपर्क करना चाहिए था. 21 सितंबर के आदेश के बाद इंटरनेट की पूरी सेवा बंद करने के लिए राज्य प्राधिकरण द्वारा दिया गया निर्देश वास्तव में इस कोर्ट द्वारा पारित न्यायिक आदेश को निरस्त और संशोधित करता है.

यह प्रथमदृष्ट्या आपराधिक अवमानना के बराबर है. खंडपीठ ने मौखिक रूप से पूछा कि कोर्ट के आदेश में बदलाव सरकार द्वारा क्यों किया गया. खंडपीठ ने मामले में बीएसएनएल भवन, भारती एयरटेल, रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड, वोडाफोन-आइडिया को मामले में प्रतिवादी बनाया. मामले में जोड़े गये सभी नये प्रतिवादियों को शपथ पत्र दायर करने का निर्देश दिया. निर्देश दिया गया कि वे झारखंड सरकार से इंटरनेट सुविधा के निलंबन के संबंध में प्राप्त सभी संचार और निर्देशों को रिकॉर्ड पर लायेंगे. इससे पूर्व प्रार्थी अधिवक्ता राजेंद्र कृष्ण ने सर्विस पूरी तरह से बंद करने का मामला उठाया. वहीं राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने पैरवी की. उल्लेखनीय है कि प्रार्थी झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण ने जनहित याचिका दायर की है.

## बीसीसीएल की वजह से मृत कर्मी की पत्नी को नहीं मिली बेनोबेलन फंड की राशि, डेढ़ साल पहले हुई थी पति की मौत



**धनबाद , एजेंसी।** बीसीसीएल प्रबंधन की उदासीनता के कारण बीसीसीएल पूर्वी झरिया क्षेत्र की सुदामडीह एएसपी कोलियरी में कार्यरत दिवंगत कर्मी दिनेश भुइयां के परिजनों को मृत्यु के डेढ़ साल बाद भी बेनोबेलन फंड की राशि नहीं मिल पायी है, जबकि यह राशि श्राद्ध कर्म के लिए तत्काल दी जाती है. दिनेश के परिजन राशि के लिए कोलियरी व क्षेत्रीय कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं.

एएसपी कोलियरी में कार्यरत दिनेश भुइयां की बीमारी के कारण आठ मई 2023 को मृत्यु हो गयी थी. उसकी पत्नी लक्ष्मी देवी ने बेनोबेलन फंड की राशि का भुगतान के लिए आवेदन किया था, लेकिन अब तक राशि का भुगतान नहीं किया गया है. प्रबंधन का कहना है कि दिनेश भुइयां के सेवा अभिलेख में उसकी पत्नी लक्ष्मी देवी का नाम नहीं है.

जबकि लक्ष्मी देवी ने मृतक की पत्नी होने का दावा करते हुए दस्तावेज के रूप में प्रखंड कार्यालय से निर्गत पारिवारिक सूची, आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड व कंपनी में कार्यरत दो कर्मियों को गवाह के रूप में प्रस्तुत करते हुए कार्यालय में आवेदन जमा किया है. प्रबंधन द्वारा दिये गये दस्तावेज व अतिरिक्त बिंदुओं की जांच के लिए छह माह पूर्व एक टीम बनायी गयी थी. लेकिन टीम जांच तक करने नहीं पहुंची. इस दौरान टीम में शामिल एक सदस्य का स्थानांतरण भी हो गया. इससे जांच अधर में लटक गयी.

इस संबंध में स्थानीय मजदूर नेता व समाजसेवी मौसम महांति ने इजे एरिया के महाप्रबंधक को पत्र लिख कर अविलंब दिनेश भुइयां की पत्नी को बेनोबेलन फंड की राशि भुगतान करने की मांग की है. उन्होंने कहा कि यह कोई एकलौता मामला नहीं है. एएसपी कोलियरी के ही कर्मी समीर सेन की आठ माह पहले मृत्यु हुई थी. लेकिन आज उनके परिवार को राशि का भुगतान नहीं किया गया है.

## जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में परीक्षार्थियों के लिए सर दर्द बना जेनरल स्टडीज का पेपर तो नागपुरी ने दिलायी राहत

**रांची, एजेंसी।** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा का रविवार को दूसरा दिन था. रांची के 136 केंद्रों पर तीन पाली में परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई. अभ्यर्थियों ने लैग्वेंज पेपर नागपुरी को आसान बताया. वहीं, पेपर वन में जेनरल स्टडीज के प्रश्न कठिन होने की बात कही. जेनरल स्टडीज के पेपर में 150 अंक के लिए 150 प्रश्न पूछे गये थे. इसमें झारखंड आधारित प्रश्नों की संख्या कम थी. रांची के परीक्षा केंद्रों में 61236 अभ्यर्थी चिह्नित थे, जबकि, केंद्र तक 41186 अभ्यर्थी (67.26त्र) पहुंचे और 20050 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें. किसी भी केंद्र से कदाचार की कोई शिकायत नहीं मिली.

वहीं, शनिवार को जहां विद्यार्थियों की उपस्थिति मात्र 32 फीसदी ही थी, अधिकांश केंद्र पर बेंच-डेस्क खाली थे. वहीं, रविवार को अभ्यर्थियों की संख्या बढ़कर दोगुनी हो गयी थी. संत जेवियर्स इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र के रूप में चिह्नित किया गया था. इसमें परीक्षा के लिए 456 अभ्यर्थी चिह्नित थे. केंद्र खास तौर पर महिला अभ्यर्थियों के लिए चिह्नित था. यहां पहली दो पाली में 385 और तीसरी पाली में 384 अभ्यर्थियों की उपस्थिति रही. दूसरी पाली की परीक्षा तक किसी भी अभ्यर्थी को केंद्र से बाहर जाने की अनुमति नहीं थी. दोपहर 01:30 बजे के बाद अभ्यर्थी केंद्र से बाहर निकले. वहीं, तीसरी पाली की परीक्षा के लिए 02:45 बजे तक प्रवेश दिया गया.



परीक्षा में शामिल रहे विद्यार्थी नागपुरी के प्रश्नों को लेकर चर्चा करते नजर आये. अभ्यर्थियों का कहना था कि नागपुरी के पेपर में सिलेबस का ध्यान रखा गया है. स्नातक आधारित प्रश्नों में नागपुरी साहित्य और लोकसंस्कृति से जुड़े प्रश्न पूछे गये. इसमें कमल और केतकी लोक कथा, छोटकी रानी लोक कथा समेत नागपुरी कथा व कविताओं से जुड़े संवाद, पात्र, कवि व कथाकार से जुड़े प्रश्न पूछे गये. पेपर में 300 अंक के लिए 100 प्रश्न पूछे गये थे. वहीं, तीसरी पाली की परीक्षा दोपहर बाद तीन बजे से शुरू हुई. इसमें भाषा विषय ङ्क वन यानी इंग्लिश की परीक्षा हुई.

### भगवान शिव की पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुई परिवर्तन यात्रा

**बहरागोड़ा, एजेंसी।** झारखंड में राजनीतिक परिवर्तन का शंखनाद करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ सोमवार को बहरागोड़ा के चित्रेश्वर धाम से शुरू हुआ. इस यात्रा की शुरुआत से पहले भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और परिवर्तन यात्रा के कोल्हान प्रभारी, डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी ने चित्रेश्वर शिव मंदिर परिसर में पूजा अर्चना की. मंदिर के मुख्य पुजारी दिलीप सतपति ने पूजा अर्चना कराई.वहीं रथयात्रा में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनता बड़ी संख्या में उपस्थित थे. इसके पश्चात यात्रा बहरागोड़ा के शाखा मैदान तक पहुंची. वहां पर एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया.

## वन भूमि में मिट्टी काटते जेसीबी जब्त, दो गिरफ्तार

**धनबाद, एजेंसी।** पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र के सुंदर पहाड़ी में सुरक्षित वन क्षेत्र में अवैध रूप से मिट्टी कटाई करते वन विभाग ने एक जेसीबी मशीन जब्त की है. मौके से वन विभाग ने जेसीबी चालक युधिष्ठिर महतो व साइट इंचार्ज अनीश कुमार राय को हिरासत में ले लिया है. जेसीबी धनबाद के संवेदक सुभाष सिंह चौधरी की बतायी जाती है, जो चालधोवा व सुंदर पहाड़ी जोरिया में पुल निर्माण कार्य में मिट्टी भराई के लिए जंगल में अवैध रूप से मिट्टी कटाई में लगायी गयी थी. मिट्टी की ढुलाई में लगा ट्रैक्टर को चालक लेकर भाग गया. वन विभाग जेसीबी को अपने कार्यालय में लाकर खड़ा कर दिया है. मामले को सलटाने के लिए कुछ लोग पैरवी में जुटे हैं. ग्रामीणों का कहना है कि संवेदक द्वारा पुल निर्माण कार्य में अनियमितता बरती जा रही है. कार्य स्थल पर कोई अधिकारी मौजूद नहीं रहते हैं. जैसे-तैसे पुल निर्माण कार्य चल रहा है.



इस संबंध में पूर्वी टुंडी के प्रभारी वन पाल मनोज कुमार राय ने बताया कि वन क्षेत्र में अवैध रूप से मिट्टी काटते एक जेसीबी मशीन जब्त की गयी है. साथ ही, दो लोगों को मौके से पकड़ा गया है. दोनों के खिलाफ विधि-सम्मत कार्रवाई की जायेगी.

उपायुक्त के निर्देश पर अवैध बालू कारोबार की रोकथाम को लेकर शुक्रवार की देर रात अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक के नेतृत्व में पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया गया. इस क्रम में पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र के घुरनीबेड़ा से एक हाइवा संख्या जेएच 10 सीएल 1226 तथा टुंडी थाना क्षेत्र के लोधरिया मोड़ के पास एक टाटा 407 संख्या जेएच 01 एपी 1445 को बिना चालान बालू का परिवहन करते पकड़ा गया. अभियान में पूर्वी टुंडी अंचलाधिकारी देवराज गुप्ता, गोविंदपुर अंचलाधिकारी धर्मेन्द्र दुबे, अंचलाधिकारी टुंडी जितेन्द्र प्रसाद, पूर्वी टुंडी थानेदार मदन चौधरी शामिल थे.

## फनडे पर मजा हुआ किरकिरा, ऑनलाइन व्यवसाय से लेकर गरीब भी हुए प्रभावित

**रांची, एजेंसी।** संडे इज फनडे, लेकिन यह दिन फन से ज्यादा परेशानी का सबब बना. जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के कारण लगातार दूसरे दिन रविवार को इंटरनेट सेवा ठप रही. इंटरनेट के बिना सप्ताहांत की छुट्टी का मजा किरकिरा हो गया. ज्यादातर लोग परेशान रहे कि बाहर निकलने के लिए पास में पर्याप्त कैश नहीं है. ऐसे में नेट ठप था, तो लोग घरों में ही बैठे रहे. रविवार को ऑनलाइन का बाजार अन्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा उछाल पर रहता है. लोग मनपसंद व्यंजन ऑर्डर भी करते है, लेकिन इंटरनेट नहीं रहने के कारण इसकी भी गुंजाइश नहीं थी. बच्चों के खेलने के लिए गेम भी नहीं था. शनिवार को तो जैसे-तैसे कट गयी, लेकिन रविवार को नेटबंदी काफी अखरा.

आम तौर पर रविवार को कैब चालक व्यवसाय के लिहाज से व्यस्त रहते हैं. इस दिन आम दिनों से ज्यादा लोगों की आवाजाही होती है. लेकिन, इंटरनेट सेवा बंद रहने के कारण कैब चालक जहां-तहां आराम फरमाते दिखे. क्योंकि कैब बुकिंग ऐप नहीं चल रहा था. रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डा व बस स्टैंड पर कैब चालक यात्री ढूंढने में जुटे हुए थे. इस वजह से ऑटो चालकों से हल्की नोक-झोक भी हुई. कई कैब चालकों का कहना था कि सरकार को नेट सेवा पर आधारित व्यवसाय को देखते हुए ही निर्णय लेना चाहिए. नेट ठप रहने से हमलोगों की रोजी-रोटी प्रभावित होती है. रविवार को रेस्टोरेंट का ऑनलाइन बिजनेस पूरी तरह चरम पर रहता है. लोग छुट्टी के दिनों में बड़ी संख्या में दोपहर का खाना ऑर्डर करते हैं. जबकि, इंटरनेट बंद रहने के कारण बाजार प्रभावित हुआ. रेस्टोरेंट और क्लाउड किचन में सन्नाटा पसरा रहा. पुरुलिया रोड स्थित एक रेस्टोरेंट से मिली जानकारी के मुताबिक सामान्यतया रविवार को दोपहर एक बजे तक 100 से अधिक ऑर्डर मिलते हैं. लोग दोपहर के भोजन में आम दिनों की तुलना में एक से ज्यादा डिश का ऑर्डर करते हैं. ऑर्डर न मिलने से हजारों रुपये का नुकसान हुआ ही है. साथ ही डिलिवरी ब्वॉय का रोजगार प्रभावित हुआ.



सीजीएल प्रवेश परीक्षा के दूसरे दिन ज्यादातर परीक्षार्थी रांची व आस-पास के प्रखंड से पहुंचे थे. इंटरनेट सेवा के बिना परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में परीक्षार्थियों को काफी परेशानी हुई. इंटरनेट सेवा बहाल रहती तो गूगल मैप के जरिये परीक्षार्थी आसानी से निर्धारित केंद्र पर पहुंच जाते. लेकिन यह विकल्प नहीं रहने के कारण ऑटोवालों के सहारे या किसी परिचित से पूछताछ कर परीक्षा केंद्रों तक पहुंचे. कई परीक्षार्थियों को केंद्र पर पहुंचने में विलंब भी हुआ. इससे पेपर भी प्रभावित हुआ.

राज्य में लगातार दूसरे दिन भी जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को लेकर इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गयी. इस कारण विमान व रेल यात्री परेशान रहे. एयरपोर्ट पर मोबाइल में नेटवर्क नहीं रहने से यात्री डीजी यात्रा ऐप का उपयोग नहीं कर पाये. वहीं, यात्रियों ने एयरलाइंस के काउंटर पर ई-टिकट डाउनलोड नहीं होने की भी जानकारी दी. साथ ही कहा कि ई-बोर्डिंग भी नहीं हो रहा है. इसके बाद एयरलाइंस कंपनियों के कर्मियों ने यात्री के नाम के आधार पर टिकट जारी किया. इसके बाद यात्रियों को एयरपोर्ट की टर्मिनल बिल्डिंग में प्रवेश करने की अनुमति मिली.

# देवलटांड़ में डायरिया का प्रकोप, हालत गंभीर, ओडीएफ घोषित गांव में फैलने से खुलने लगे दावों की पोल

**रांची, एजेंसी।** ईचागढ़ प्रखंड के देवलटांड में डायरिया का प्रकोप है. मुखिया विपिन सिंह मुंडा समेत गांव के लगभग एक दर्जन से अधिक लोग डायरिया की चपेट में आ चुके हैं. वर्तमान में गांव की स्थिति गंभीर बनी हुई है. इलाजरत सभी मरीज खतरे से बाहर हैं. लेकिन, गांव में डायरिया का प्रकोप होने के कारणों का पता लगाया जा रहा है. हालांकि, इसकी बड़ी वजह दूषित पानी और गंदगी को माना जा रहा है. बहरहाल, देवलटांड़ में डायरिया फैलने के बाद संबंधित मौन धारण किए हुए हैं. डायरिया का प्रकोप रोज बढ़ते रहने के कारण गांव में भय का माहौल व्याप्त है.

लोगों ने तत्काल शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है. गांव में ब्लीचिंग व डीडीटी का छिड़काव करने की भी मांग की गई है. वहीं ग्रामीण गांव के चापाकलों के पानी की जांच कराने की मांग कर रहे हैं. गांव में लगाए गए सोलर पानी टंकियों की भी सफाई कराने की मांग हो रही है. दूषित पानी से भी बीमारी बढ़ने की आशंका है.



**तीन का रिम्स में चल रहा इलाज :** क्षेत्र में इलाज की सुविधा नहीं रहने के कारण इनमें से आधे से अधिक का इलाज क्षेत्र से बाहर चल रहा है. डायरिया से पीड़ित देवलटांड पंचायत के मुखिया का इलाज सिल्ली के पास सिंहपुर में चल रहा है. जबकि गांव के मुकेश प्रमाणिक, गीता देवी मुंडा, संजय प्रमाणक का इलाज रिम्स, रांची में चल रहा है. वहीं गांव के दुर्गा महतो व उनकी पत्नी, सुरेश महतो, संपत्ति देवी आदि को इलाज के लिए पातकुम स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ भेजा गया है.

डायरिया पीड़ितों की संख्या रोज बढ़ रही है. सोमवार की सुबह भी संजय प्रमाणिक नामक बच्चा डायरिया की चपेट में आ गया. डायरिया के लक्षण दिखाई देते ही परिजन उसे इलाज के लिए तत्काल रांची ले गए. इसके अलावा कई लोग स्वस्थ भी हो चुके हैं. डायरिया का प्रकोप फैलने के बाद भी गांव की स्वास्थ्य व्यवस्था नर्स के हाथों में है. सरकारी नर्स गांव में सुबह 10 से शाम चार बजे तक मरीजों की खोज करने के साथ इलाज भी कर रही हैं. अब तक गांव में सरकारी चिकित्सक नहीं पहुंचे हैं.

**ओडीएफ गांव है देवलटांड़ :** देवलटांड़ में डायरिया फैलने के बाद खुले में शौच मुक्त और लोगों को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति कराए जाने के सरकार व प्रशासन के सारे दोवों की पोल खुल रही है. डायरिया फैलने की मुख्य वजह खुले में शौच, दूषित भोजन व पेयजल को माना जाता है. विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ के आंकड़ों के अनुसार भारत की ग्रामीण आबादी का कम से कम एक छठा हिस्सा अब भी खुले में शौच करता है और एक चौथाई के पास स्वच्छता की बुनियादी सुविधाएं तक नहीं है.

वास्तविकता यह है कि खुले में शौच बंद नहीं हुआ है और अभी भी यह काफी हद तक प्रचलित है. अब समय आ गया है कि देवलटांड के ग्रामीण अपने मील के पत्थर ओडीएफ का पुनर्मूल्यांकन करें, ताकि गांव में किसी प्रकार की महामारी दोबारा नहीं हो. बताया जा रहा है कि गांव की मुख्य सड़क पर जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा रहता है. प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को इस मामले में संज्ञान लेना चाहिए नहीं तो गांव में स्थिति भयावह हो सकती है..

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### साथ मिले को बात बने

'एक देश, एक चुनाव' पर कोविंद कमिटी की सिफारिशों को मानकर केंद्र सरकार ने भले पहला कदम बढ़ा दिया हो, लेकिन असल चुनौती अब आने वाली है। राजनीतिक मतभेदों को दरकिनार करते हुए इस मसले पर विपक्ष को अपनी तरफ करना और इस योजना के व्यावहारिक पक्षों को देखना, ये दो बातें हैं, जो तय करेंगी कि सरकार अपने इस विजन को अमली जामा पहनाने में कितना सफल हो पाती है। सरकार शीत सत्र के दौरान 'वन नेशन, वन इलेक्शन' से जुड़ा प्रस्ताव संसद में पेश करने की सोच रही है। लेकिन इसके लिए आवश्यक संख्याबल उसके पास नहीं है। इसका मतलब है, उसे विपक्षी खेमे के सहयोग की जरूरत पड़ेगी। इस लोकसभा चुनाव के बाद से सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जिस तरह का रिश्ता रहा है, उसे देखते हुए तो यह उम्मीद व्यावहारिक नहीं लगती कि विपक्ष इस मामले में किसी तरह का सहयोग करेगा। इस मामले पर विचार के लिए बनी उच्च स्तरीय कमिटी ने 62 राजनीतिक दलों से संपर्क किया था। इनमें से 47 ने जवाब दिया। 32 दल पक्ष में थे और 15 ने विरोध किया। पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने के पीछे सबसे बड़ा तर्क है कि इससे खर्च में कटौती होगी। और यह तर्क भी जोरदार है कि अभी लगभग हर वक्त ही देश के किसी न किसी हिस्से में चुनावी माहौल चल रहा होता है, जिसके चलते विकास कार्य प्रभावित होते हैं। यह बात भी सही है कि एक साथ चुनाव उन छोटे दलों के लिए सुविधाजनक होंगे, जिनके पास बार-बार प्रचार में उतरने लायक पैसे नहीं होते। बार-बार चुनावों के खर्च से बचने का तर्क अपनी जगह ठीक है, लेकिन यही तर्क इस प्रस्ताव के खिलाफ भी काम करता है। सवाल यह है कि पूरे देश में इलेक्शन कराने के लिए जितने बड़े पैमाने पर संसाधन चाहिए, क्या उसे जुटाया जा सकेगा? हालिया लोकसभा चुनाव सात चरणों में हुए थे। राज्यों के विधानसभा चुनाव भी अलग-अलग चरणों में कराने पड़ रहे हैं। आजादी के बाद देश में पहले चार चुनाव इसी तर्ज पर हुए थे। उसके बाद भी काफी समय तक यह स्थिति बनी रही। लेकिन तब परिस्थितियां दूसरी थीं। केंद्र और राज्यों में एक ही पार्टी की सरकार थी। क्षेत्रीय दलों के ताकतवर होने से राजनीतिक विविधता आई है हमारे पॉलिटिकल सिस्टम में। देश के हर राज्य की अपनी जरूरतें हैं और अपने मुद्दे। हर चुनाव इन खास मुद्दों के इर्द-गिर्द लड़ा जाता है।

### अब देर की गुंजाइश नहीं

देश में जनगणना लंबे समय से लंबित है। सरकार अब इसकी योजना बना रही है। विपक्षी दलों ने जाति के आधार पर जनगणना कराने की मांग उठाई है। धीरे-धीरे यह बड़ा मुद्दा बन गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी इसकी आवश्यकता जताई है। सरकार ने संकेत दिया है कि इस मुद्दे पर काम हो रहा है। वर्ष 2011 में जनगणना कराई गई थी। तब से अब तक उसी समय के आंकड़ों से ही काम चलाने की मजबूरी है। हालांकि, उन आंकड़ों को सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना के पलड़े में अप्रभावी, अधूरी और खराब प्रकृति का माना गया। जनगणना के आंकड़ें संवेदनशील माने जाते हैं और इनका व्यापक असर होता है। खाद्य सुरक्षा, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम और निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन जैसी कई योजनाएं इनपर निर्भर होती हैं। आंकड़ों का उपयोग सरकारों के साथ उद्योग जगत और शोध संस्थाएं भी करती हैं। बदलते समय के साथ देश के सामने नई चुनौतियां हैं, जिन्हें लेकर नीति निर्धारण की जरूरत है ऐसे में जरूरी है कि जनगणना को लेकर सरकार महापंजीयक और अन्य एजंसियों के लिए नए मानक दिशानिर्देश तैयार करे। जून 2024 तक 233 देशों में से भारत उन 44 देशों में से एक था जिन्होंने इस दशक में जनगणना नहीं की थी। सरकार का कहना है कि कोरोना महामारी के कारण यह कवायद नहीं की गई। हालांकि, 143 अन्य देशों ने इस काल में ही मार्च 2020 के बाद जनगणना की। संघर्ष, आर्थिक संकट एवं उथल-पुथल से प्रभावित यमन, सीरिया, अफगानिस्तान, म्यांमा, यूक्रेन, श्रीलंका और उप-सहारा अफ्रीका जैसे देशों ने जनगणना नहीं कराई। भारत में इस कवायद में देरी को लेकर सवाल उठे। यह तथ्य है कि वर्ष 1881 से 2011 तक बिना किसी बाधा के भारत में जनगणना कराई गई। सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना (एसईसीसी) पहली बार वर्ष 1931 में कराई गई थी। इसका उद्देश्य अभाव के संकेतकों की पहचान करने के लिए ग्रामीण और शहरी- दोनों क्षेत्रों में भारतीय परिवारों की आर्थिक स्थिति के बारे में सूचनाएं जमा करना था। एसईसीसी में संग्रहित जानकारी सरकार द्वारा परिवारों को लाभ देने या लाभ से वंचित करने में फैसले के लिए आधार बनती है।

## ब्याज दरों को कम करने का चक्र हुआ प्रारम्भ

(प्रह्लाद सबनानी)

*आम जनता द्वारा बैंकों से लिए गए ऋण की किश्तें भी अब कम हो सकती हैं इससे विशेष रूप से मध्यमवर्गीय परिवारों द्वारा खर्च करने योग्य राशि में वृद्धि होगी जो विभिन्न उत्पादों की मांग निर्मित करने में सहायक होगी। कुल मिलाकर, अब यह कहा जा सकता है कि अमेरिका में यूएस फेड दर के कम करने का अच्छा प्रभाव आगे आने वाले समय में विकसित देशों एवं भारत सहित विश्व की अन्य इमर्जिंग अर्थव्यवस्थाओं पर भी दिखाई देने लगेगा।*

अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा यह भी कहा गया है कि केलेंडर वर्ष 2024 में यूएस फेड दर में 25 आधार बिंदुओं की दो बार और कमी की घोषणा की जा सकती है तथा केलेंडर वर्ष 2025 में 100 आधार बिंदुओं की कमी की जा सकती है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जर्मी पोवेल ने दिनांक 19 सितम्बर 2024 को यूएस फेड दर में 50 आधार बिंदुओं की कमी करने की घोषणा करते हुए यूएस फेड दर को 5.5 प्रतिशत से घटाकर कर 5 प्रतिशत कर दिया है। 4 वर्ष पूर्व पूरे विश्व में फैली कोविड महामारी के खंडकाल के पश्चात मुद्रा स्फीति की दर में, पिछले 4 दशकों में, सबसे अधिक वृद्धि दर्ज हुई थी और मुद्रा स्फीति की दर को नियंत्रण में लाने के उद्देश्य से विकसित एवं अन्य कई देश ब्याज दरों को लगातार बढ़ा रहे थे ताकि उत्पादों की मांग बाजार में कम हो तथा उत्पादों की आपूर्ति इस मांग के अनुरूप हो जाए। पिछले 4 वर्षों के दौरान यूएस फेड दर 0 प्रतिशत से बढ़कर 5.50 प्रतिशत तक पहुंच गई थी परंतु अब 4 वर्ष पश्चात यूएस फेड दर को कम करने की घोषणा की गई है। कई विकसित एवं विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाएं अमेरिका में लागू ब्याज दरों से अत्यधिक प्रभावित होती हैं। जब भी अमेरिका द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि की घोषणा की जाती है तो अन्य देशों में अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों के संस्थानों एवं नागरिकों द्वारा किया गया निवेश इन देशों से निकलकर अमेरिका में वापिस आने लगता है क्योंकि अमेरिकी वित्तीय संस्थानों एवं अमेरिकी सरकार द्वारा जारी किए जाने बां ड पर उन्हें आकर्षक ब्याज दर मिलने लगती है। इसके विपरीत जब भी अमेरिका द्वारा यूएस फेड दर में कमी की घोषणा की जाती है तो अन्य विकासशील देशों में अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों के संस्थानों एवं नागरिकों का निवेश बढ़ने लगता है क्योंकि इन्हें अमेरिकी वित्तीय संस्थानों एवं सरकार द्वारा जारी किए जाने बांड पर तुलनात्मक रूप से कम आय होने लगती है। इसी विशेष कारण के चलते कई देशों को अमेरिकी फेड रिजर्व के निर्णय को ध्यान में रखते हुए ही अपने देश में भी ब्याज दरों को कम अथवा अधिक करना होता है ताकि उनके देश में अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों के संस्थानों एवं नागरिकों द्वारा किया जा रहा निवेश बहुत अधिक प्रभावित नहीं हो। चूंकि अब यूएस फेड दर में 50 आधार बिंदुओं की कमी की गई है अतः अन्य कई देश भी ब्याज दरों में कमी की घोषणा कर सकते हैं। इससे पूरे विश्व में ही ब्याज दरों को कम करने का चक्र प्रारम्भ हो सकता है। हालांकि इसकी शुरुआत यूरोपीयन देशों एवं ब्रिटेन द्वारा पूर्व में की जा चुकी है तथा अब विकासशील देश भी ब्याज दरों में कमी की घोषणा शीघ्र ही कर सकते हैं। भारत में भी हालांकि पिछले कुछ समय से मुद्रा स्फीति की दर लगातार नियंत्रण में बनी हुई है परंतु भारतीय रिजर्व बैंक यदि पूर्व में ही ब्याज दरों में कमी की घोषणा करता तो भारत में अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों के संस्थानों द्वारा अमेरिकी डॉलर में किये गए निवेश के भारत से निकलने की सम्भावना बढ़ जाती। आज विश्व के कई देश, विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र में, आपस में इतने अधिक जुड़ चुके हैं कि किसी एक देश के आर्थिक क्षेत्र में होने वाले परिवर्तन अन्य देशों के आर्थिक क्षेत्र को भी प्रभावित करते हैं।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा यह भी कहा गया है कि केलेंडर वर्ष 2024 में यूएस फेड दर में 25 आधार बिंदुओं की दो बार और कमी की घोषणा की जा सकती है तथा केलेंडर वर्ष 2025 में 100 आधार बिंदुओं की कमी की जा सकती है। इस प्रकार यूएस फेड दर घटकर 3.50 प्रतिशत तक नीचे आ सकती है। यूएस फेड दर में 50 आधार बिंदुओं की कमी की घोषणा के साथ ही 10 वर्षों के लिए जारी अमेरिकी बांड की यील्ड घटकर 3.73 प्रतिशत के स्तर पर आ गई है एवं डॉलर इंडेक्स भी 100.37 के निचले स्तर पर आ गया है। अब अमेरिकी डॉलर पर अंतरराष्ट्रीय बाजार में दबाव बढ़ेगा जिससे अमेरिकी डॉलर का अवमूल्यन हो सकता है। इससे अमेरिकी बाजारों से अब पूंजी निकलकर अधिक आय की तलाश में अन्य इमर्जिंग देशों के शेयर बाजार में जाएगी। इसका सबसे अधिक लाभ भारत को हो सकता है क्योंकि भारत पूर्व में ही एमएससीआई ईमर्जिंग मार्केट आईएमआई (इनवेस्टेविल मार्केट इंडेक्स) में चीन से आगे निकलकर प्रथम स्थान पर आ गया है। इस इंडेक्स में भारत के शेयरों का भार चीन के शेयरों के भार से अधिक हो गया है। विश्व के वित्तीय संस्थान, सोवरेन फंड, पेंशन फंड एवं अन्य निवेशक एमएससीआई के इंडेक्स पर अधिक विश्वास करते हैं एवं अपने निवेश भी इस इंडेक्स में शामिल शेयरों में करते हैं। दूसरे, अब बहुत सम्भव है कि भारतीय रिजर्व बैंक भी रेपो दर में कमी की घोषणा शीघ्र ही करे क्योंकि अब अमेरिका में अधिक ब्याज दरों का दौर समाप्त हो रहा है। अमेरिका में बढ़ी हुई ब्याज दरों का विपरीत प्रभाव न केवल भारतीय रुपए पर हो रहा था बल्कि अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों से भारत में अमेरिकी डॉलर में होने वाले विदेशी निवेश पर भी दबाव बना हुआ था। अब अमेरिका में यूएस फेड दर के कम करने से भारतीय रुपए पर दबाव एवं भारत से विदेशी निवेश के बाहर जाने का डर भी कम हो जाएगा। साथ ही, यदि भारत में भी ब्याज दरों को कम करने का दौर शुरू होता है तो इससे भारतीय उद्योग जगत को फायदा होगा और उनकी लाभप्रदता में वृद्धि होगी जो विदेशी निवेश को भारत में आकर्षित करने में सहायक होगी। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार पहिले से ही अपने उच्चत्तम स्तर 68,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया है। अब बदली हुई परिस्थितियों में भारत का शेयर बाजार यदि और अधिक विदेशी निवेश की राशि भारत में आकर्षित करता है तो भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 100,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर सकने की क्षमता रखता है। तीसरे, भारत में ब्याज दरों के कम होने से उद्योग जगत द्वारा भारत में उत्पादित वस्तुओं की लागत भी कम हो सकती हैं और भारत में निर्मित उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे, इससे भारतीय उत्पादों के निर्यात में वृद्धि होने की सम्भावना बन सकेगी। चौथे, अमेरिकी बाजार में ब्याज दरों के कम होने से विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्यरत बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की लाभप्रदता में वृद्धि के चलते इन कम्पनियों द्वारा नवाचार के लिए रीसर्च पर खर्च में बढ़ौतरी की जा सकती है, जिसका सीधा सीधा लाभ भारत में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य करने वाली कम्पनियों को होने जा रहा है।

## ब्यूरोक्रेसी का यह रोग बहुत पुराना है

(सुधांशु रंजन)

भारतीय प्रशासनिक सेवा से पूजा खेडकर को मुअत्तल किया जाना एक अलहदा घटना नहीं है। यह नौकरशाही में लगे घुन को दिखाता है, जो अंदर ही अंदर उसे खा रहा है। वैसे पूजा ने खुद परेशानी मोल ली अपनी व्यक्तिगत महंगी कार में अवैध तरीके से लाल बत्ती लगाकर। कार का नंबर भी वीआईपी था, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इससे सोशल मीडिया की ताकत का भी एहसास होता है। वीआईपी होने का एहसास - आगे की जांच से पता चला कि उसने अपनी जाति, आर्थिक हैसियत और विकलांगता के बारे झूठे तथ्य प्रस्तुत किए। यह भ्रष्टाचार है, जो शासन के ऊपर सवाल खड़े करता है। लेकिन लाल बत्ती और वीआईपी नंबर लगाकर अपने विशिष्ट होने का एहसास कराना भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के लिए सामान्य बात है। इस सेवा में चयन होते ही उनके अंदर यह भावना घर कर जाती है कि उनका स्थान समाज में विशिष्ट है। आईएएस एक्ट - नौकरशाही का ऐसा चरित्र कैसे बना, इसे समझने के लिए इतिहास में झांकना पड़ेगा। 1861 में इंडियन सिविल सर्विस अधिनियम बनाया गया, जिसका मकसद था 1793 अधिनियम को नजरअंदाज कर भारत में सिविल सेवा में की गई सभी नियुक्तियों को वैध ठहराना। प्रारंभ में इसे सिविल सर्विस कहा गया। उसमें नियुक्त किए जाने वाले सभी अंग्रेज होते थे, जिन्हें इंग्लैंड से भारत भेजा जाता था। बाद में चार्टर अधिनियम, 1853 में सिविल सेवा का दरवाजा भारतीयों के लिए भी खोल दिया। भारतीयों का अपमान - सत्येंद्र नाथ ठाकुर पहले भारतीय थे, जिन्हें 1864 में विशेष अवसर एवं सुविधा वाली आईसीएस में प्रवेश मिला। 1871 में चार और भारतीय इस सेवा में शामिल हुए। सुरेन्द्र नाथ बनर्जी, रमेश चंद्र दत्त, बिहारी लाल गुप्ता व श्रीपाद बाबाजी। बनर्जी ने लिखा है कि कैसे भारतीयों को अपमान के घूंट पीने पड़ते थे और कैसे उन्हें बेतुके आधार पर बर्खास्त कर दिया गया। सहायक दंडाधिकारी पौसफोर्ड उनसे दो साल वरीय थे। लेकिन दोनों एक साथ विभागीय परीक्षा में बैठे। बनर्जी पास हो गए और पौसफोर्ड फेल। बनर्जी ने लिखा है, 'वह यूरोपीय थे, मैं भारतीय था। इसलिए मेरी सफलता मेरी बर्बादी का कारण बनी।' प्रशासन ही सरकार - अंग्रेजी राज में प्रशासन सरकार का पर्याय था। डेविड सी पॉटर ने सटीक टिप्पणी की है, 'आईएएस अधिकारी औपचारिक रूप से जनसेवक हैं जबकि उनके पूर्ववर्ती स्वयं ही सरकार थे।' 1907 में बाल गंगाधर तिलक ने भी ऐसी ही टिप्पणी की थी कि भारत सचिव अधिकारियों की इच्छा के बगैर कुछ नहीं कर सकते हैं। जलियांवाला बाग कांड के बाद यह प्रमाणित भी हो गया, जब भारत सचिव कार्रवाई करने में बेबस नजर आए क्योंकि नौकरशाही किसी भी जांच के खिलाफ थी। निर्वाचित सरकार से तनातनी - सिविल सेवा निर्वाचित सरकार के अधीन काम करने को भी तैयार नहीं थी। 1937 में कांग्रेस व कुछ अन्य दलों ने अलग-अलग राज्यों में सरकारें बनाईं। जुलाई 1937 में ही बिहार में कांग्रेस की सरकार बनी। नौकरशाही इससे किस तरह विचलित हुई, इसका प्रमाण ब्रेट सर्कुलर से मिलता है। राज्य के मुख्य सचिव डब्लू बी ब्रेट ने 8 दिसंबर 1937 को एक सर्कुलर जारी किया जिसमें अधिकारियों से कहा गया कि कार्यकारी कामकाज नियमावली के नियम 13 की जरूरतों को उन्हें भूलना नहीं चाहिए जिसके अंतर्गत कोई भी सरकारी आदेश सचिव, अवर सचिव या सहायक सचिव के हस्ताक्षर से ही जारी होंगे। दूसरा परिपत्र - इस पर बड़ा हंगामा हुआ। मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिन्हा और उनके मंत्रिमंडल ने इस पर आपत्ति की। लेकिन सर्कुलर में वही था, जो नियमावली में था। आज भी स्थिति तकनीकी रूप से वही है। खैर, उस परिपत्र पर रोक लगाई गई। ब्रेट के ही हस्ताक्षर से दूसरा परिपत्र 24 दिसंबर को जारी किया गया, लेकिन उसमें पहले परिपत्र की कोई चर्चा नहीं थी और न ही उसे गलत बताया गया था।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5501

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 4 | 7 | | | 3 | 6 |
| | | | | 8 | | | 2 | 9 |
| | 1 | | 2 | | | | 5 | 7 |
| 7 | 6 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 1 | 5 |
| 6 | 9 | | | | 1 | | 4 | |
| 8 | 2 | | | 5 | | | | |
| 1 | 4 | | | 6 | 9 | 7 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5500

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 8 | 1 | 4 | 9 | 5 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 3 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 | 8 |
| 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 |

## वर्ग पहेली 5501



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. एक गणराजय जिसे यूनान भी कहते है जिसकी राजधानी एथेंस है (2)
3. यह भारत की प्रमुख नदी ह जिसका उद्गम राजस्थान के उदयपुर जिले में अरावली पर्वतमालाओं से होता है (5)
7. बायां, चंद्रमा के रथ के एक घोड़े का नाम (2)
8. किसी का नष्ट-अनिष्ट करने की चेतावनी भरे शब्द (3)
9. देश-प्रदेश में शांति व्यवस्था बनाए रखने के नियम (3)
11. तड़का, छौंका (3)
13. फला हुआ, फलीभूत (3)
14. धतूरा, स्वर्ण (3)
16. ऊपर से नीचे पहुंचाना, घुसाना (3)
19. न्योछावर करना, उत्सर्ग करना (3)
21. गहरा दुख, शोक (2)
22. चिरस्थाई, जो सदा टिक कर रहे (3)
23. घ्राणेन्द्रिय, नासिका (2)
24. निशाना, अनुमान योग्य वस्तु (2)
25. एक स्वीकृति सूचक अव्यय या शब्द (1)

**(ऊपर से नीचे**

1. गरदन, गला (2)
2. एक हीसमय होने वाला (5)
3. कार्यपूर्ति का माध्यम, जरिया, उपाय (3)
4. एक तरह का विस्फोटक रासयानिक गोला (2)
5. एक स्त्री से प्रेम करने वाले दो व्यक्ति यह कहलाते है (उर्दू)(3)
6. मुर्गे की जाति का प्रसिद्ध पक्षी (3)
10. नई बातों को अपनाने का सिद्धांत (5)
12. उपयुक्त अवसर मिलना (5)
15. कार्य में लगाना (4)
17. नामधारण करने वाला, नाम वाला, नाम का (3)
18. यह सर्वाधिक आक्सीसन देने वाला वृक्ष है (3)
20. नामवाला, नामवर, प्रसिद्ध (2)

### वर्ग पहेली 5500 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | कि | म | च | न्द्र | | नौ | रू |
| दी | न | | क्षु | | र | क | म |
| ज | का | र्ता | | हं | ग | री | |
| न | | | द | स | | दे | श |
| | त | ला | श | | प | ना | ह |
| सु | | म | म | ता | | | र |
| चि | र | का | ल | | मृ | ग | या |
| त्रा | | न | व | ल | | ज | र |

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन सफलता से भरा होगा और भाग्य आपका साथ देगा। आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे और भाग्य साथ देगा। आप निर्भयता से अपने कार्यों को सम्पन्न कराने में सक्षम रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आज बहुत मधुर सम्बन्ध रहेंगे। उनकी सलाह से आप धन का निवेश करेंगे तो आपको उसमें लाभ होगा। वाहन से यात्रा करते वक्त थोड़ा सा सावधान रहें।

### वृष
आज भाग्य साथ देगा और आपके अंदर एक विशेष आकर्षण रहेगा। ज़मीन जायदाद के मामले में आपको लाभ होगा और योजनाएं सफल होंगी। आपको अपने पिता के आशीर्वाद से तरक्की मिलेगी और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। शाम के समय माता को शारीरिक कष्ट होने से आपको दौड़भाग करनी पड़ सकती है।

### मिथुन
आज भाग्य की दृष्टि से दिन अच्छा रहेगा। यदि पिछले दिनों से शरीर में कोई कष्ट चला आ रहा है तो उसमें सुधार होगा। संतान से शुभ समाचार मिलने के संकेत हैं। आपको परिवार के लोगों से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। वाणी पर संयम रखें।

### तुला
आज करियर में लाभ होगा और आपके कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। किस्मत चमकेगी और आपके आनंद में वृद्धि होगी। औपचारिकता में बिल्कुल भी न उलझना, आपको जो खाना हो, जो चाहिए, बेहिचक कह देना। आपका धन कहीं रुका हुआ है तो आज मिल सकता है। बुद्धि विवेक से लिए गए निर्णय लाभ देंगे। शाम से लेकर रात का समय आनंद में बीतेगा।

### वृश्चिक
आज भाग्य साथ देगा और आपको आर्थिक मामलों में लाभ होगा। आत्मविश्वास के साथ किए गए कार्य सफल होंगे और योजनाएं पूर्ण होंगी। पुराने रुके हुए कार्य थोड़ा खर्च करने से बन सकते हैं। नई योजनाओं पर काम शुरू हो जाएगा। शत्रु आपके पराक्रम को देखकर हतोत्साहित होंगे। इसलिए कोई ऐसा कार्य न करें कि जिसमें आपको जोखिम का एहसास होगा।

### धनु
आज लाभ होगा। किस्मत आपका साथ देगी। पैसों के लेनदेन के मामले में सतर्क रहें। वरना आपका नुकसान हो सकता है। आप अपने स्वभाव के प्रति गंभीर रहें, कड़ी मेहनत से कार्यों में सफल हो सकेंगे। भौतिक सुख साधनों पर खर्च अधिक होगा। शत्रु अपने षड्यंत्रों में सफल नहीं हो पाएंगे। खुश मिजाज व्यक्ति होने के कारण लोग आपके करीब आने के बारे में सोचेंगे।

### कर्क
आज भाग्य साथ दे रहा है। आमदनी की बढ़ोत्तरी के लिए किए गए प्रयास शत प्रतिशत सफल रहेंगे। अच्छे मार्गों द्वारा प्राप्त धन से कोष में वृद्धि होगी। भाग्य की दृष्टि से आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपको हर क्षेत्र में लाभ की प्राप्ति होगी। आपको मित्रों का सहयोग मिलेगा एवं नए अच्छे मित्र भी मिलेंगे। आपका दिन लाभ से भरा होगा।

### सिंह
आज भाग्य साथ देगा। आपकी संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको ननिहाल से भी मान सम्मान मिलेगा। आपको पत्नी पक्ष एवं पत्नी की ओर से पूर्ण सहयोग मिलेगा। नौकरी में कोई आपकी चुगली कर सकता है। शाम के समय परेशानी हो सकती है। अपने गुरु के प्रति निष्ठा व भक्तिभाव पूर्ण रखें। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### कन्या
आज करियर में लाभ होगा और आपकी शैक्षणिक दिशा में तरक्की होगी। शिक्षा के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी। नए कार्य सीखने में सफल होंगे। आप अपनी बातों को सत्य साबित करने में सफल रहेंगे। माता-पिता, गुरु के प्रति निष्ठा, भक्तिभाव प्रतिष्ठा वृद्धि में सहायक होगा।

### मकर
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके घर में खर्च की अधिक स्थिति आ सकती है। आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। आप अपने धैर्य और प्रतिभा से शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर कर लेंगे और आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। शाम से लेकर रात तक आपका मन अच्छे कार्य में लगेगा और प्रिय व्यक्तियों के दर्शन से मन प्रफुल्लित रहेगा।

### कुंभ
आज विद्या बुद्धि ज्ञान की वृद्धि होगी। आपके कठिन प्रयासों से इच्छा की पूर्ति होगी। शासन द्वारा आपको सम्मानित किए जाने की प्रबल संभावना है। शाम को धार्मिक अनुष्ठानों पर समय व्यतीत होगा। शुभ व्यय कीर्ति की वृद्धि होगी। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी और कार्य सिद्ध होगा। शाम को किसी मामले में फंसकर आपको चोट लग सकती है। सावधान रहें।

### मीन
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपके कार्य पूर्ण होने की संभावना है। बिना मांगे किसी को सलाह न दें उस पर उल्टा ही असर होगा। रात के समय पुण्य कार्य में लगेंगे, जिससे आपका मन शान्त और प्रसन्न रहेगा। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी और कोई मिलने आपके घर आ सकता है। इससे आपका मन खुश रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

# त्रिपुरा में कांग्रेस विधायक को एमएलए हॉस्टल खाली करने का नोटिस

## पार्टी बोली- राजनीति हो रही है

**अगरतला , एजेंसी।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य सुदीप राय बर्मन को त्रिपुरा विधानसभा द्वारा डेवलपमेंट से जुड़े कामों का हवाला देते हुए एख महीने के भीतर आवंटित हॉस्टल खाली करने का नोटिस दे दिया गया है। इस मुद्दे पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आशीष कुमार साहा ने कहा कि यह पूरा मामला राजनीति से प्रेरित है और विधायक को नीचा दिखाने की कोशिश की जा रही है।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि हमारे विधायक सुदीप रॉय बर्मन को हॉस्टल खाली करने का नोटिस इसलिए दिया गया क्योंकि उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा सत्र के दौरान आदिवासी कल्याण मंत्री देबबर्मा पर भ्रष्ट होने का आरोप लगाया था। साहा ने कहा कि केवल सच बोलने से उन्हें रोकने के लिए उनको यह नोटिस दिया जा रहा है।

त्रिपुरा विधानसभा कि तरफ से 20 सितंबर को सुदीप रॉय बर्मन को नोटिस देते हुए कहा गया था कि उन्हें अगले महीने तक अगरतला के बुद्धमंदिर में उनको आवंटित किया गया क्वार्टर खाली करना होगा, क्योंकि वहां पर डेवलपमेंट का काम होना है।

सुदीप रॉय बर्मन को मिले नोटिस के अनुसार, उन्हें यह हॉस्टल तत्काल खाली



करना होगा और उसे खाली करने के बाद उसकी चाबियां विधायक छात्रावास के अधीक्षक को सौंपनी होंगी। इसके अलावा उन्हें अगर नए छात्रावास में जगह चाहिए तो उन्हें उसके लिए भी जल्द से जल्द एक एप्लीकेशन लिखकर देनी होगी।

दरअसल, इस महीने की शुरुआत में ही कांग्रेस विधायक सुदीप रॉय बर्मन ने मंत्री देबबर्मा पर आरोप लगाया था कि पिछले एक साल के अंदर ही उन्होंने और उनके परिवार ने कई संपत्तियां अर्जित की है, जिनमें नई दिल्ली में एक अपार्टमेंट, दो घर, दो पेट्रोल पंप सहित अन्य कई सारी संपत्तियां अर्जित की हैं। इसके अलावा बर्मन ने सीएमओ पर भी प्रोजेक्ट्स में से कई करोड़ों की घूसखोरी का इल्जाम लगाया था, जिसके बाद विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ था। दोनों ही दलों के बीच में जमकर आरोप प्रत्यारोप का दौर चला था। इन आरोपों के ऊपर राज्य सरकार में मंत्री देबबर्मा ने कहा था कि यह आरोप एक दम निराधार हैं और वह इन आरोपों को लगाने के लिए सुदीप रॉय बर्मन के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे।

सुदीप राय बर्मन भाजपा की सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। बाद में उनकी पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते उन्हें पार्टी से बाहर कर दिया गया था। कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के बाद उन्होंने 2023 के चुनाव में अपनी अगरतला सीट को फिर से जीत लिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### सुक्खू सरकार कर्ज लेकर सोनिया गांधी को दे देती है, कंगना का बड़ा आरोप

**शिमला, एजेंसी।** भाजपा सांसद कंगना रनौत ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। कंगना ने रविवार को कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार कर्ज लेकर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को दे देती है, जिससे राज्य का खजाना खोखला हो गया है। शिमला के एक गांव में भाजपा सदस्यता अभियान की शुरुआत करने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए अभिनेत्री से नेता बनीं रनौत ने कहा कि हर कोई जानता है कि भ्रष्टाचार व्याप्त है और कांग्रेस शासित राज्य सरकारों ने अपने-अपने राज्यों को खोखला कर दिया है। उन्होंने आश्चर्य जताया कि पार्टी चुनावों पर इतना खर्च कैसे करती है।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर हमला करते हुए कंगना ने कहा, वे कर्ज लेते हैं और सोनिया गांधी को देते हैं, जिससे राज्य खोखला हो गया है। रनौत ने कहा कि आपदाओं और कांग्रेस सरकार ने राज्य को दशकों पीछे धकेल दिया है और मैं लोगों से मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील करती हूं। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर हम आपदा निधि देते हैं, तो इसे सीएम राहत कोष में जाना चाहिए, लेकिन हर कोई जानता है कि यह सोनिया राहत कोष में जाता है।

हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में उनके खिलाफ चुनाव लड़ने वाले लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह पर कटाक्ष करते हुए कंगना ने कहा, राजा के बेटे की हरकतें सभी को पता हैं और लोग सड़कों पर गड्ढों से तंग आ चुके हैं। उन्होंने कहा, मैं अपने क्षेत्र के लिए जितना संभव हो सके उतना करूंगी, लेकिन पीडब्ल्यूडी मंत्री को भी कुछ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को बचाना है तो भाजपा को लाना है। उन्होंने लोगों से भाजपा के अभियान में बड़ी संख्या में भाग लेने और पार्टी का सदस्य बनने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युग पुरुष हैं और वे सूक्ष्म स्तर पर स्थितियों से निपटते हैं।

### गुंडागर्दी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी : अनिल विज



**अंबाला, एजेंसी।** हरियाणा के पूर्व गृमंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी में कांग्रेस ने अपनी हार मान ली है और जो कांग्रेस कैरेक्टर है उसी के मुताबिक यह भेष बदलकर गुंडागर्दी करने आ गए हैं। उन्होंने कहा कि जनता का समर्थन और प्यार उनके प्रति लगातार बढ़ता जा रहा है क्योंकि जनता बातें करने वालों को नहीं चाहती बल्कि जनता अपने विश्वास के प्रति काम करने वाले लोगों को चाहती है। विज आज मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार का अंबाला छावनी का चुनाव बातें करने वालों और काम करने वालों का चुनाव है और हमने काम करके दिखाया है। अंबाला के गांव गरनाला में किसानों का विरोध देखने को मिला के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह किसानों का विरोध नहीं है यह तो अंबाला छावनी में कांग्रेस ने अपनी हार मान ली है और जो इनका कैरेक्टर है उसी के मुताबिक यह भेष बदलकर गुंडागर्दी करने आ गए हैं।

उन्होंने कहा कि पहले भी बहुत गुंडागर्दी हुई है और लोगों की दुकानों, मकान पर कब्जे हुए हैं तथा कत्ल भी हुए हैं आप सभी को पता है। उन्होंने कहा कि अपनी हार को देखकर इस प्रकार से यह गुंडागर्दी कर रहे हैं जो किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हमारे देश में प्रजातंत्र है और प्रजातंत्र में हर व्यक्ति को अपनी बात शांतिपूर्ण कहने का हक है।

उन्होंने कहा कि वहां पर गांव का सरपंच भी खड़ा था जिसे मैं जानता हूं वह खुद काले झंडे लेकर खड़ा हुआ था, जिसको हमने हराया हुआ है। इस बारे में मैंने चुनाव आयोग, डीजीपी हरियाणा, एसपी अंबाला, डीसी अंबाला को और रिटर्निंग अधिकारी जो अंबाला के एसडीएम है उनको संदेश मैसेज भेज दिया है।

# भूपेश बघेल ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को लिखा खत, छत्तीसगढ़ में रची जा रही है मेरे खिलाफ साजिश

**रायपुर, एजेंसी।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को लिखे अपने सात पन्नों के खत में भूपेश बघेल ने कई बातें लिखी हैं. पूर्व मुख्यमंत्री ने जो सबसे बड़ी बात लिखी है वो है उनके खिलाफ रची जा रही साजिश की बात. बघेल ने खत में लिखा है कि उनके खिलाफ राजनीतिक साजिश रची जा रही है. मुकदमों में फंसाने की योजना बनाई जा रही है. कोयला घोटाले से जुड़े मामलों में उनको घसीटने की तैयारी की जा रही है. पत्र में इस बात का भी हवाला दिया गया है कि वो जेल में सूर्यकांत तिवारी से मिलने गए लेकिन उनको मिलने नहीं दिया गया.

सीजेआई को भूपेश बघेल ने लिखा खतः पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में ये भी लिखा है कि राजनीतिक दुश्मनी के चलते उनको साजिश में ट्रैप कनरे की कोशिश की जा रही है. साजिश के तहत मेरा नाम अपराधों से जोड़ा जा रहा है. जिन अपराधों से मेरा कोई लेना देना नहीं है उसमें ट्रैप करने की कोशिश की जा रही है. बघेल ने आगे लिखा है कि मैंने कभी भी किसी जांच को भटकाने और उसमें



बाधा डालने की कोई कोशिश नहीं की. गलत आरोपों के जरिए मेरे राजनीतिक करियर को खत्म करने की कोशिश की जा रही है.

अपने मुख्यमंत्री के कार्यकाल का दिया हवालाः पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने मुख्यमंत्री रहते हुए जो काम किए उसका उदाहरण भी खत में लिखा है. बघेल ने लिखा है कि मैं जबतक सीएम पद पर रहा जिम्मेदारी और नैतिकता के साथ काम किया. संविधान की मर्यादाओं का सख्ती से पालन किया. बघेल ने ये भी लिखा है कि आप भारत के सर्वोच्च न्यायिक पद पर आसीन हैं. आपके ऊपर बड़ी बड़ी जिम्मेदारियां हैं. छत्तीसगढ़ में न्याय के नाम पर संविधान की हत्या करने की साजिश रची जा रही है उसकी जांच करें।

सुप्रीम कोर्ट से हस्तक्षेप की मांगः खत के आखिरी में भूपेश बघेल ने लिखा है कि मैं आपसे इस संबंध में हस्तक्षेप की उम्मीद रखता हूं. संविधान की सर्वोच्चता बनाए रखने के लिए आप हस्तक्षेप करें ऐसी मेरी प्रार्थना है. आपके कदम से संविधान पर जनता का विश्वास बढ़ेगा, न्याय सुनिश्चित होगा. चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को लिखे भूपेश बघेल के खत से राजनीतिक हलकों में जल्द बयानबाजी का दौर शुरु हो सकता है. भूपेश लगातार इस बात की शिकायत करते रहे हैं कि केंद्रीय जांच एजेंसिया केंद्र के इशारे पर काम कर रही हैं।

## गुजरात में आप विधायक समेत 20 पर केस दर्ज; पहले भी जा चुके जेल, धमकी-मारपीट का आरोप

**अहमदाबाद, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के विधायक समेत 20 अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। घटना गुजरात के नर्मदा जिले की है। केस दर्ज करने की वजह इन रेस्टोरेंट के मालिक के साथ मार-पीट करना है। इस कारण पुलिस ने विधायक चैतर वसावा समेत 6 पहचाने गए और करीब 15 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। हालांकि अब तक एक भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। आपको बता दें कि विधायक को पिछले साल दिसंबर में वन अधिकारी को धमकाने, हवा में फायरिंग करने और पैसे ऐंठने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इन मामलों में सत्र न्यायालय ने जमानत दी थी, लेकिन इससे पहले उन्होंने जेल में करीब छह सप्ताह का समय बिताया था।

चैतर वसावा ने साल 2020 के गुजरात चुनाव में डेडियापाड़ा सीट से चुनाव जीता था। चैतर ने साल 2024 के लोकसभा चुनाव में भी हाथ आजमाया था। इन्होंने कांग्रेस के साथ सीट बटबारे के तहत चुनाव लड़ा था, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी थी। चैतर ने भरूच लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था। इस बार विधायक और इनके साथ के अन्य लोगों ने रेस्टोरेंट मालिक शांतिलाल वसावा के साथ गाली-गलौज और मारपीट की थी। विधायक और उनके साथियों ने रेस्टोरेंट मालिक के ऊपर 16 सितंबर को तब हमला किया जब उनसे बिल चुकाने को कहा गया था। इस पर फोन से बातचीत हुई तो विधायक ने उसे घर पर इंतजार करने को कहा।

इसके बाद विधायक अपने साथ करीब 20 लोगों को लेकर रेस्टोरेंट मालिक के घर पहुंचे। घर पहुंचकर उन लोगों ने मार-पीट और गाली-गलौज शुरू कर दी। मारपीट के बाद उन लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। भारतीय न्याय संहिता की अलग-अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। हालांकि अब तक कोई भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। इन मामलों में दर्ज किया गया है केस। जानबूझकर अपमान करना, जानबूझकर चोट पहुंचाना, गैरकानूनी तरीके से एकद्व होना, दंगा, आपराधिक धमकी और आपराधिक साजिश जैसे मामले शामिल हैं।

## गाजियाबाद में रेप पाड़िता छात्रा को मां-भाइयों ने मारी गोली

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद के कैलादेवी थाना क्षेत्र में रेप पीड़िता की हत्या के मामले में पुलिस ने रविवार को सनसनीखेज खुलासा करते हुए मां और दो भाइयों को गिरफ्तार कर लिया। परिजन छात्रा के प्रेम प्रसंग से नाराज थे। सात महीने पहले परिजनों ने गांव के ही युवक और उसके मामा के खिलाफ अपहरण, जबकि युवक के खिलाफ रेप का मुकदमा दर्ज कराया था। छात्रा की हत्या के बाद परिजनों ने पूर्व के मुकदमे के आरोपियों को ही हत्या का आरोपी बना दिया था। जांच में परिजनों की कहानी झूठी निकली। हत्या की साजिश में शामिल छात्रा का मामा फरार है।

थाना क्षेत्र में 18 सितंबर की देर रात रेप पीड़ित छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। छात्रा गाजियाबाद के एक निजी स्कूल में कक्षा नौ में पढ़ती थी। मूलरूप से क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा परिजनों के साथ वर्तमान में गाजियाबाद के एक गांव में रहती थी। परिजनों के मुताबिक छात्रा की उस समय हत्या कर दी गई थी, जब वह मां और भाई के साथ घर जा रही थी। तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही रिंकू और उसके मामा पप्पू के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस की टीमों ने घटनास्थल से लेकर गाजियाबाद तक सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल खंगाले और पांचवें दिन वारदात का खुलासा कर दिया। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने रविवार को एएसपी श्रीश्चंद्र के दफ्तर पर हुई प्रेस कांफ्रेस में बताया कि प्रेम प्रसंग के चलते छात्रा छह महीने पहले रिंकू के साथ चली गई थी।

## गुरुग्राम में बनेंगे 2 सिटी बस डिपो

**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेसवे से सटे एक दर्जन से अधिक सेक्टरों, सेक्टरों, कॉलोनियों और गांवों में रहने वाले लोगों के लिए गुड न्यूज है। यहां सिटी बस जैसी परिवहन व्यवस्था बेहतर करने के लिए गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) एक कदम और आगे बढ़ा दिया है। जीएमडीए ने सिटी बस डिपो बनाने के लिए ऊपरी द्वारका एक्सप्रेसवे पर सेक्टर-103 और सेक्टर-107 में जमीन चिह्नित की है। इस जमीन के लिए नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखा गया है। इन दोनों बस डिपो को तैयार करने में करीब 32 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इनके बनने से सेक्टर-99 से लेकर 115 तक की सोसाइटियों, गांवों के अलावा आसपास लगती रिहायशी कॉलोनियों को इसका विशेष फायदा होगा। जीएमडीए ने सेक्टर-103 में गांव दौलताबाद की सात एकड़ जमीन का चयन सिटी बस डिपो के निर्माण के लिए किया है। ये जमीन ऊपरी द्वारका एक्सप्रेसवे पर श्याम चौक से गांव बजघेड़ा की तरफ है। इसके अलावा सेक्टर-107 में गांव मोहम्मदपुर हेड़ी की 9.5 एकड़ जमीन का चयन किया है। इन दोनों बस डिपो को 100-100 ई-बस के लिए तैयार किया जाएगा। जीएमडीए अधिकारियों को उम्मीद है कि चुनाव आचार संहिता हटने के बाद यह जमीन मिल जाएगी। जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए.श्रीनिवास ने जमीन उनके सुपुर्द करने के लिए गुरुग्राम नगर निगम के आयुक्त डॉ. नरहरि सिंह बांगड़ को पत्र लिखा है। जमीन मिलने के पश्चात इन बस डिपो के निर्माण का टेंडर किसी कंपनी को आवंटित किया जाएगा। टेंडर आवंटन के डेढ़ साल के अंदर यह बनकर तैयार हो जाएगा।

## 58 हजार करोड़ के मेगाप्लान से आसान होगी मुंबई की राह; बिछेगा रिंग रोड्स का जाल

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई में ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए मेगा प्लान तैयार किया गया गया है। मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) शहर में रिंग रोड्स का जाल बिछाने जा रही है। इसके बाद मुंबई के अंदर सफर बेहद आसान हो जाएगा। योजना के पूरी तरह से लागू हो जाने के बाद मुंबई में एक जगह से दूसरी जगह पहुंचने में अधिकतम एक घंटे का समय लगेगा। इस प्रोजेक्ट को 'मिनटों में मुंबई' नाम दिया गया है। इसके लिए एमएमआरडीए ने 58 हजार करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी है। इसके बाद अगले पांच साल में मुंबई की सूरत पूरी तरह से बदली हुई नजर आएगी। इस योजना के तहत मुंबई में 90 किलोमीटर से अधिक की दूरी में सड़कें, पुलें और टनल बनेंगी।

## तिरुपति लड्डू विवाद के बीच चंद्रबाबू नायडू का ऐलान- सभी मंदिरों की जल्द कराई जाएगी सफाई

**अमरावती, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने तिरुपति लड्डू विवाद पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी मंदिरों में जल्द ही सफाई प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, नायडू ने तेलुगु देशम पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। साथ ही, उन्होंने धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता भी दोहराई। उन्होंने कहा कि तिरुपति लड्डुओं में पशु चर्बी की मिलावट के आरोपों के बाद सरकार भावी कदम के बारे में संतों, पुजारियों और हिंदू धर्म के अन्य शीर्ष विशेषज्ञों से परामर्श करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि परामर्श के बाद सरकार तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के संबंध में अपना निर्णय लेगी, जो तिरुपति स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का आधिकारिक संरक्षक है। दरअसल, हाल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के



विधायक दल की बैठक के दौरान सीएम नायडू ने बड़ा दावा किया था। उन्होंने कहा कि पिछली वाईएसआरसीपी सरकार ने श्री वेंकेटेश्वर मंदिर को भी नहीं बख्शा और अपने अनोखे स्वाद के लिए चर्चित लोकप्रिय तिरुपति लड्डुओं को बनाने में घटिया सामग्री व पशु चर्बी का इस्तेमाल किया।

**नायडू बोले- क्या बकवास कर रहे हैं:** चंद्रबाबू नायडू ने कहा, वह (जगन मोहन रेड्डी) क्या बकवास कर रहे हैं। हमारी सरकार को अभी 100 दिन भी नहीं हुए हैं। आप नीतियां बताएं, मेरी नीतियों की आलोचना करें और मैं जवाब दूंगा कि आपने क्या किया है, मैंने क्या किया है। लेकिन, आप ध्यान भटकाना चाहते थे, अगर आप ऐसा करेंगे तो और भी ज्यादा भावनाएं आहत होंगी। मैं तीन दृष्टिकोण अपना रहा हूं। पहला- परंपराओं के अनुसार शुद्धिकरण। मैं आईजीपी स्तर पर जांच का आदेश दे रहा हूं। प्रबंधन समिति में केवल वे ही लोग होंगे जिनकी आस्था है। अंत में, हम सभी मंदिरों के लिए एसओपी तैयार करेंगे।

**320 रुपये प्रति किलो से भी कम में घी कैसे खरीदाः** तिरुपति लड्डू की अद्वितीय महिमा पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कई लोगों ने बेहतर प्रसाद बनाने की चेष्टा की, लेकिन वे उसमें विफल रहे। नायडू ने कहा, 'अयोध्या में भी उन्होंने बिलकुल तिरुमाला जैसा लड्डू बनाने की कोशिश की और उसके लिए कारीगरों को भी यहां से ले जाया गया मगर वह नहीं हो पाया। अयोध्या के लोगों ने मुझे इस मामले के बारे में बताया।' पशु चर्बी के आरोपों और लड्डुओं में इस्तेमाल घी पर एनडीडीबी प्रयोगशाला की रिपोर्ट का खंडन करने के लिए वाईएस जगन मोहन रेड्डी की उन्होंने आलोचना की।

## गाजियाबाद में इलेक्ट्रॉनिक्स की गोदाम में आग, धुएं के चलते फंसे 2 बच्चियों समेत 7 बचाए गए

**गाजियाबाद, एजेंसी।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के नीतिखंड वन में रविवार शाम को एक इलेक्ट्रॉनिक्स के गोदाम में आग लग गई। बेसमेंट में लगी आग का धुआं इमारत के ऊपरी फ्लैटों तक पहुंच गया। इससे चार फ्लैटों में दो बच्चियों और चार महिलाओं समेत सात लोग फंस गए। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने पहले लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला और फिर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान मौके पर अफरातफरी का माहौल रहा। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने का अंदेशा है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि नीतिखंड प्रथम स्थित इमारत के बेसमेंट में बने गोदाम में आग लगी थी। बेसमेंट में लगी आग के बारे में पता चलता, तब तक आग ने पूरे गोदाम को चपेट में ले लिया था। शाम सवा छह बजे फायर स्टेशन वैशाली को आग लगने की सूचना मिली थी। मामला जानकारी में आने के बाद दमकलकर्मियों को मौके पर भेजा गया।

# असम में विशालकाय गैंडों के लिए आफत बने आक्रामक पौधे, वन्यजीव प्रेमियों ने जताई चिंता

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम में एक सींग वाले गैंडों का शिकार कम हो रहा है, लेकिन ये सौम्य विशालकाय गैंडे अब विदेशी प्रजाति के आक्रामक पौधों के खिलाफ अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं. ये पौधे हाल के दिनों में असम में अधिकांश गैंडों के आवास वाले क्षेत्रों में बड़ी चिंता का विषय बन गए हैं. आक्रामक पौधे तेजी से बढ़ते हैं और फैलते हैं. ये आस-पास के पौधों की वृद्धि को रोकते हैं और कई तरह की पारिस्थितिक समस्याएं पैदा करते हैं.

असम सरकार के आंकड़ों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों से गैंडों के अवैध शिकार में कमी आई है. वर्ष 2013 और 2014 में गैंडों का सबसे अधिक अवैध शिकार दर्ज किया गया था, जिसमें प्रत्येक वर्ष 27 गैंडों के अवैध शिकार की रिपोर्ट थी. वर्ष 2022 में 45 वर्षों के बाद असम में एक भी गैंडे



का अवैध शिकार नहीं किया गया. 2020 और 2021 में दो-दो गैंडे अवैध शिकार में मारे गए थे। संरक्षणवादी और इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर के एशियन राइनो स्पेशलिस्ट ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. बिभाब तालुकदार ने कहा, आक्रामक पौधे गैंडों के भोजन के स्रोतों को नष्ट कर देते हैं, जिनकी उन्हें चरने और खाने के लिए जरूरत होती है. असम में गैंडों के ज्यादातर आवासों में आक्रामक पौधों की वृद्धि बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि असम में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान, मानस राष्ट्रीय उद्यान, ओरंग राष्ट्रीय उद्यान और पबितोरा वन्यजीव अभयारण्य सहित सभी प्रमुख गैंडों के आवासों में मिमोसा, क्रोमोलेना ओडोरेटा, मिकानिया माइक्रांथा और पार्थेनियम जैसे विदेशी पौधों की वृद्धि अलग-अलग स्तरों पर देखी गई है।

### 40 प्रतिशत घास के मैदानों पर आक्रामक पौधों का कब्जा

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित संरक्षणवादी और पारिस्थितिकीविद् लहकर ने कहा, पबितोरा वन्यजीव अभयारण्य में 40 प्रतिशत घास के मैदानों में आक्रामक पौधे फैल गए हैं. वर्तमान समय में विदेशी आक्रामक पौधे वन्यजीव आवास में बड़ी चिंता का विषय हैं।

### प्रभावी वन प्रबंधन रणनीतियों की जरूरत...

बिभूति प्रसाद लहकर को 2016 में आईयूसीएन विश्व धरोहर नायक पुरस्कार मिल चुका है. उन्होंने कहा, पहले असम में एक सींग वाले गैंडों का अवैध शिकार बड़ी चिंता का विषय हुआ करता था. हालांकि, असम सरकार द्वारा अपनाई गई बहुआयामी रणनीति के कारण हाल के वर्षों में अवैध शिकार में कमी आई है. लेकिन, ये आक्रामक विदेशी पौधे अब सभी गैंडों के आवासों के लिए बड़ी चिंता का विषय बन रहे हैं, जिसके लिए नियमित निगरानी और गैंडों के आवासों को सुरक्षित करने के लिए प्रभावी वन प्रबंधन रणनीतियों की जरूरत है। अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ की लाल सूची में शामिल एक सींग वाले विशालकाय गैंडों की आबादी जंगल में लगभग 4,000 होने का अनुमान है. 2022 की गैंडा जनगणना के अनुसार, जंगल में इन 4000 गैंडों की आबादी में से 90 प्रतिशत असम के विभिन्न संरक्षित क्षेत्रों में पाए जाते हैं. इनमें काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान (2613), ओरंग राष्ट्रीय उद्यान (125), पबितोरा वन्यजीव अभयारण्य (107) और मानस राष्ट्रीय उद्यान (40) हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## केंद्रित डिज़ाइन गेमिंग को कैसे सहज अनुभव बना रहे हैं उपयोगकर्ता



**नईदिल्ली, एजेंसी।** गेमिंग में केंद्रित डिज़ाइन का उद्देश्य उपयोगकर्ताओं को एक सहज और मनोरंजक अनुभव प्रदान करना है, जो खिलाड़ी की ज़रूरतों और पसंदों के अनुसार खेल को अनुकूलित करता है। जैसे कि आप भौतिक दुनिया में पोकर खेलते हैं तो बस पोकर नियम जानने और खेल में भाग लेने की ज़रूरत होती है। लेकिन ऑनलाइन गेमिंग के मामले में, ध्यान आकर्षित करने और खिलाड़ियों को बांधे रखने के लिए कुछ अतिरिक्त देने की आवश्यकता होती है। उदाहरण के तौर पर, जैसा ऑनलाइन पोकर प्लेटफ़ॉर्म न केवल खेल के नियमों पर ध्यान देता है, बल्कि मुफ़्त टूर्नामेंट, बड़े इवेंट, सुरक्षा और पारदर्शिता जैसी सुविधाएँ भी प्रदान करता है, जो खेल के अनुभव को और मज़बूत बनाती हैं।

### शतरंज ओलंपियाडः

# दिव्या देशमुख और वन्तिका अग्रवाल ने रचा इतिहास

### भारतीय महिला शतरंज टीम को दिलाया गौरव





**बुडापेस्ट, हंगरी, एजेंसी।** भारतीय शतरंज की दुनिया में दिव्या देशमुख और वन्तिका अग्रवाल ने 45वें फीडे विश्व शतरंज ओलंपियाड में अपने बेहतरीन प्रदर्शन से भारत को महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जिताया और अपने नाम व्यक्तिगत स्वर्ण पदक दर्ज किए। उनके असाधारण खेल ने न केवल भारत को गौरव प्रदान किया बल्कि शतरंज की दुनिया में भी उनकी अलग पहचान बनाई है।

#### दिव्या देशमुख- तीसरे बोर्ड पर अद्भुत प्रदर्शन

दिव्या देशमुख ने तीसरे बोर्ड पर 11 राउंड में 9.5 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। उनका खेल पूरे टूर्नामेंट के दौरान बेहतरीन रहा, जहां उन्होंने अपनी सूझबूझ और शतरंज के गहरे ज्ञान का प्रदर्शन किया।

फाइनल राउंड में, उन्होंने अजरबैजान की गोवहार बी को मात देते हुए भारत को निर्णायक बढ़त दिलाई। दिव्या का यह प्रदर्शन उन्हें भारतीय महिला शतरंज की नई स्टार के रूप में उभार रहा है।

दिव्या अब लाइव महिला विश्व रैंकिंग में 2500 अंकों के साथ 11वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जो उनके करियर का अब तक का सबसे बड़ा माइलस्टोन है। वह अब हम्पी कोनेरू के बाद भारत की दूसरी सबसे उच्च रेटेड खिलाड़ी बन चुकी हैं, जो भारतीय शतरंज के भविष्य के लिए एक बड़ा संकेत है।

#### वन्तिका अग्रवाल- चौथे बोर्ड की चैंपियन

वन्तिका अग्रवाल ने चौथे बोर्ड पर 9 राउंड में 7.5 अंक बनाकर स्वर्ण पदक जीता। फाइनल राउंड में उन्होंने अजरबैजान की खनिम बालजाएवा को हराते हुए भारत को 3-0 से आगे कर दिया और स्वर्ण पदक के सफर को सुनिश्चित किया। वन्तिका का शांत और संयमित खेल हर मुकाबले में उनके अनुभव और उनके आत्मविश्वास को दर्शाता है।

उनकी यह जीत भारतीय महिला शतरंज के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उनके खेल ने दिखाया कि वह भविष्य में और भी बड़े मंचों पर सफलता हासिल करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# सीपीएल में 100 विकेट ले 45 साल के इमरान ताहिर ने रचा इतिहास

- चोट उबरकर वापसी की
- डिफेंडिंग चैंपियंस को फिर प्लेऑफ में पहुंचाया



**गयाना, एजेंसी।** कैरेबियन प्रीमियर लीग में अपने सातवें सीजन में साउथ अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर इमरान ताहिर ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। डिफेंडिंग चैंपियन गुयाना अमेजन वॉरियर्स का कप्तान के तौर पर यह दूसरा सीजन है 45 साल के इमरान ताहिर कैरेबियन प्रीमियर लीग में 100 विकेट लेने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। वह इस लीग में 100 विकेट लेने वाले पहले विदेशी गेंदबाज भी हैं। ताहिर ने यह उपलब्धि तब हासिल की जब उन्होंने एंटीगुआ और बारबुडा फाल्कन्स के हसन खान को गुडाकेश मोती के हाथों मिडविकेट बाउंड्री पर कैच आउट कराया। अमेजन वॉरियर्स ने 135 रनों के लक्ष्य का सफल बचाव किया। ताहिर ने इस विकेट को याद करते हुए कहा कि यह मैच का टर्निंग पॉइंट था। स्पिन खेलने में माहिर हसन 12 गेंदों पर 10 रन बनाकर आउट हुए। आठवें ओवर में फाल्कन्स का स्कोर 41 रन पर 3 विकेट हो गया और अंततः टीम 108 रन पर आउट हो गई।

मोती ने जैसे ही कैच पकड़ा ताहिर ने अपने अंदाज में दौड़ लगाई और सेलिब्रेशन भी किया। अपने अगले ओवर में ताहिर ने कोफी जेम्स को भी आउट किया, जिन्होंने 23 गेंदों पर 27 रन बनाए।

पिछले सीजन में जब 45 वर्षीय ताहिर को अमेजन वॉरियर्स का कप्तान बनाया गया था तो इस कदम को सराहा नहीं गया था, लेकिन उन्होंने टीम को अपना पहला खिताब दिलाया।

कप्तान के तौर पर ताहिर को इस बार एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, जब वह सीजन के बीच में ही चोटिल हो गए, लेकिन वह फिर से मैदान पर लौटे और अमेजन वॉरियर्स को एक बार फिर प्लेऑफ में पहुंचाया।

# क्लीन स्वीप होने से बची दक्षिण अफ्रीका



**शारजाह, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरा वनडे जीतकर अपनी नीलाम होती हुई इज्जत बचा ली. अगर दक्षिण अफ्रीका तीसरा वनडे भी हार जाती, तो उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप होना पड़ता. पहले ही अफ्रीकी टीम अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज गंवाकर अपना कबाड़ा करवा चुकी है.

अफगानिस्तान ने तीन मैचों की वनडे सीरीज के शुरुआती दोनों मुकाबलों में जीत हासिल कर सीरीज अपने नाम की थी. अब सीरीज के तीसरे और आखिरी वनडे में दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया. अफ्रीका को तीसरा वनडे जिताने में गेंदबाजों ने अहम योगदान दिया. इसके अलावा एडन मार्करम ने शानदार पारी खेली.

#### ऐसा रहा मैच का हाल

शारजाह के शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला किया, जो उनके लिए बिल्कुल गलत साबित हुआ. पहले बैटिंग करने उतरी अफगानिस्तान को दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने 34 ओवर में 169 रनों पर ऑलआउट कर दिया.

अफगानिस्तान के लिए ओपनिंग पर उतरे रहमनुल्लाह गुरबाज ने सबसे बड़ी पारी खेलते हुए 94 गेंदों में 7 चौके और 4 छक्कों की मदद से 89 रन बनाए. इसके अलावा सिर्फ दो और बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार कर सके. बाकी 8 बल्लेबाजों ने सिंगल डिटिज का स्कोर बनाया.

#### दक्षिण अफ्रीका ने आसानी से जीता मैच

लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने 33 ओवर में 170/3 रन बनाकर जीत हासिल कर ली.

रन चेज करते हुए एडन मार्करम ने 67 गेंदों में 4 चौके और 3 छक्कों की मदद से 69* रनों की सबसे बड़ी पारी खेली. इस दौरान ट्रिस्टन स्टब्स ने उनका साथ निभाया.

## बासित अली ने भारतीय तेज गेंदबाजों की तारीफ की



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने भारतीय गेंदबाजी इकाई की विशेष प्रशंसा की और युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच में खेलते हुए देखने की इच्छा जताई। भारत ने चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट मैच एक दिन से अधिक समय पहले ही जीत लिया। 280 रनों की आसान जीत स्टार-स्टडेड लाइन-अप में शामिल प्रत्येक खिलाड़ी के ऑलराउंड प्रदर्शन का मिश्रण थी।

पहली पारी में जसप्रीत बुमराह (4/50), मोहम्मद सिराज (2/30) और आकाश दीप (2/19) की तेज गेंदबाजी तिकड़ी ने बांग्लादेश के बल्लेबाजों को 149 रन पर ढेर कर दिया। बुमराह ने पहली पारी में नियंत्रण दिखाया और चार विकेट लिए। आकाश ने आकर्षक स्पेल में शुरुआत में ही बढ़त बना ली और सिराज ने परेशानी खड़ी करने के लिए अपनी निरंतरता पर भरोसा किया। तेज गेंदबाजों से प्रभावित होकर बासित ने भारत की प्रभावशाली गेंदबाजी की सराहना की और तेज गेंदबाजों की तुलना पाकिस्तान के दिग्गज वसीम अकरम, शोएब अख्तर और वकार यूनिस से की। बासित ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, भारतीय गेंदबाजी इकाई इतनी प्रभावशाली है कि वे वसीम अकरम, शोएब अख्तर और वकार यूनिस जैसे तेज गेंदबाजों के बराबर हैं। अभी मोहम्मद शमी नहीं खेल रहे हैं।

स्थापित मुख्य खिलाड़ी बल्लेबाजों को अपनी धुन पर नचा रहे हैं, वहीं उभरते युवा तेज गेंदबाज चमकने के मौके का चुपचाप इंतजार कर रहे हैं। 2024 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में एक और तेज गेंदबाज सामने आया। दिल्ली के इस तेज गेंदबाज ने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया। युवा तेज गेंदबाज ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 156.7 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी और आईपीएल 2024 की सबसे तेज और टूर्नामेंट के इतिहास की चौथी सबसे तेज गेंद फेंकी।

अपनी तेज गति के साथ मयंक ने लगातार 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंककर स्पीड गन को आग लगा दी। बासित 22 वर्षीय खिलाड़ी को भारत के लिए खेलते हुए देखने के लिए उत्सुक हैं। बासित ने कहा, मयंक यादव की गेंद बहुत खतरनाक है।




### दलीप ट्रॉफी 2024:

# इंडिया-ए ने जीता दलीप ट्रॉफी खिताब

- प्रसिद्ध कृष्णा का चला जादू... 9 ओवर में पलटा मैच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दलीप ट्रॉफी 2024 में मयंक अग्रवाल की कप्तानी वाली इंडिया-ए टीम ने धमाल मचाते हुए खिताब अपने नाम कर लिया है. इस जीत में तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की अहम भूमिका रही है. दलीप ट्रॉफी 2024 सीजन के आखिरी मैच में इंडिया-ए ने ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी वाली इंडिया-सी को 132 रन से हराया.

मैच में जीत के लिए इंडिया-सी को 350 रनों का टारगेट मिला था. इसके जवाब में टीम की हालत खराब हो गई और वो इसे ड्रॉ कराने के लिए जाने लगी. जबकि इंडिया-ए को जीत के लिए आखिरी 9 ओवर में 4 विकेट की जरूरत थी.

**कृष्णा ने जादू चलाया और 3 विकेट झटके:** ऐसे में कृष्णा ने अपना जादू चलाया और 3 विकेट लेकर इंडिया-सी को 217 रनों पर ढेर कर दिया. इंडिया-सी टीम की आखिरी उम्मीद साई सुदर्शन थे. मगर वो भी कृष्णा का शिकार हो गए. सुदर्शन 111 रन बनाकर आउट हुए. हालांकि इंडिया-सी टीम में कप्तान ऋतुराज के अलावा ईशान किशन और रजत पाटीदार जैसे बल्लेबाज भी थे, लेकिन सभी नाकाम रहे. इंडिया सी को सिर्फ एक ड्रॉ की जरूरत थी और टीम उसके करीब भी थी लेकिन प्रसिद्ध ने उसके अरमानों पर पानी फेर दिया.

मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इंडिया-ए टीम ने 297 रन बनाए थे. इस दौरान शाश्वत रावत ने 124 रनों की शतकीय पारी खेली. जबकि विजयकुमार वैशाक ने 4 विकेट लिए. इसके बाद आवेश खान और आकिब खान ने 3-3 विकेट लेकर इंडिया-सी टीम को 234 रनों पर ढेर कर दिया. इस तरह पहली पारी में इंडिया-ए को 63 रनों की लीड मिली.

दूसरी पारी में इंडिया-ए टीम ने 8 विकेट पर 286 रन बनाकर पारी घोषित कर दी और 350 रनों का टारगेट सेट किया. इसके जवाब में इंडिया-सी टीम 217 रन ही बना सकी और मैच गंवा दिया. दूसरी पारी में तनुष कोटियन और प्रसिद्ध कृष्णा ने 3-3 विकेट झटके.

### दिलीप ट्रॉफी में बरपाया कहर

## आईपीएल मेगा ऑक्शन में करोड़ों में बिक सकते हैं अंशुल-आकीब



**नईदिल्ली, एजेंसी**

अंशुल कंबोज और आकीब खान ने हाल ही में दिलीप ट्रॉफी 2024 में शानदार प्रदर्शन किया. आकीब इंडिया ए टीम का हिस्सा थे. उनकी टीम चैंपियन बन गई है. वहीं अंशुल इंडिया सी टीम की ओर से खेले. वे इस बार सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे. ये दोनों ही गेंदबाज आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में मोटी रकम हासिल कर सकते हैं.

टीमों की नजर इन पर होगी. अंशुल मुंबई इंडियंस की ओर से खेल चुके हैं. दरअसल इंडिया ए ने दिलीप ट्रॉफी 2024 का खिताब जीत लिया है. उसने इंडिया सी 132 रनों से हराया. अंशुल इंडिया सी टीम का हिस्सा हैं. वे इस बार सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे. अंशुल ने 3 मैचों में 16 विकेट झटके. उन्हें पिछले ऑक्शन में मुंबई इंडियंस ने 20 लाख रुपए के बेस प्राइस पर खरीदा था. लेकिन इस बार उन्हें मोटी रकम मिल सकती है. मुंबई के रिलीज करने के बाद वे मेगा ऑक्शन में होंगे और उनका हालिया फॉर्म मोटी रकम दिला सकता है.

आकीब खान इंडिया ए की तरफ से खेल रहे थे. उन्होंने दिलीप ट्रॉफी 2024 के 2 मैचों में 8 विकेट झटके. आकीब अभी तक आईपीएल डेब्यू नहीं कर पाए हैं. लेकिन इस बार मौका मिल सकता है. आकीब तेज गेंदबाज हैं और उन्होंने इस बार अपनी रफ्तार से खुद को साबित कर दिया है. आकीब फर्स्ट क्लास में 37 विकेट ले चुके हैं. वहीं लिस्ट ए में 14 विकेट झटके हैं. वे घरेलू टी20 मैचों में 4 विकेट ले चुके हैं.

दिलीप ट्रॉफी 2024 में टीम इंडिया के कई बड़े प्लेयर्स भी खेले.

## युवाओं के लिए प्रेरणा बने 50+ के ये खिलाड़ी



- शॉटपुट, रनिंग और स्विमिंग में जीत रहे गोल्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पंजाब सरकार की तरफ से खेडां वतन पंजाब दीयां में 50 साल से अधिक के खिलाड़ी अपना दम खम दिखा रहते हुए मेडल जीत रहे हैं। 50 साल से अधिक की कैटेगरी में ज्यादातर वह खिलाड़ी शामिल हैं जो अपने जवान में कभी किसी न किसी खेल इवेंट से जुड़े रहे हैं या फिर किसी डिपार्टमेंट में भर्ती हैं। जिला स्तरीय गेम्स में बुजुर्गों ने ज्यादातर एथलेटिक्स में ही जोर दिखाया है। तीन दिनों तक 50 साल से ज्यादा की उम्र वर्ग में खिलाड़ी दौड़, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, लांग जंप जैसे इवेंट में पार्टिसिपेट करते हुए पदक जीत चुके हैं।

# टीम इंडिया के लिए रोहित-कोहली की तरह ही महत्वपूर्ण है अश्विनः तमीम इकबाल



**चेन्नई, एजेंसी।**

बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने रविचंद्रन अश्विन की सराहना की और कहा कि वह टेस्ट क्रिकेट में भारत की सफलता के लिए रोहित शर्मा और विराट कोहली जितने ही महत्वपूर्ण हैं। रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत ने रविवार को एमए चिदंबरम स्टेडियम में पहले टेस्ट मैच में बांग्लादेश पर 280 रनों की बड़ी जीत हासिल की। अश्विन को बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई में पहले टेस्ट में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने पहली पारी में 133 गेंदों पर 113 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। 38 वर्षीय खिलाड़ी ने दूसरी पारी में छह विकेट हासिल किए, जिससे भारत को चेन्नई टेस्ट के चौथे दिन बांग्लादेश पर 280 रन से जीत हासिल करने में मदद मिली।

तमीम ने कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई टेस्ट में भारत की पहली पारी के दौरान अश्विन एक उचित बल्लेबाज की तरह बल्लेबाजी कर रहे थे। तमीम ने कहा कि उसने जो किया वह शानदार था, वह एक उचित बल्लेबाज की तरह बल्लेबाजी कर रहा था। मैं एक अलग देश से आता हूं। मैं हमेशा विराट कोहली और रोहित शर्मा के बारे में सुनता हूं लेकिन मेरी नजर में रविचंद्रन अश्विन भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। क्योंकि हम केवल तभी बात करते हैं जब वे होते हैं।

अच्छा प्रदर्शन करें, जब वे शतक बनाते हैं, तो उन्हें पांच छह विकेट मिलते हैं, लेकिन इस भारतीय टीम में उनका योगदान उतना ही बड़ा है जितना कि विराट कोहली। भारत ने अश्विन के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 280 रन से शानदार जीत दर्ज की है। अश्विन ने टेस्ट पहली पारी में शतक के बाद दूसरी इनिंग में 6 विकेट लिए। भारत ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए पारी में 376 रन बनाए जिसमें अश्विन ने शतक जबकि रविंद्र जडेजा और जशस्वी जायसवाल ने अर्धशतकीय पारियां खेली।

## न्यूज बाइट्स

### शिविर लगाकर बना दिव्यांगों का प्रमाण पत्र

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बिहार शिक्षा परियोजना के तहत 3 से 18 वर्ष के दिव्यांग बच्चो को शिविर लगाकर दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाया गया। जिसमें प्रखंड के विभिन्न गांवों के श्रवण बाधित,दृष्टि बाधित दिव्यांग बच्चों का जांचोपरात प्रमाण पत्र बनाया गया। नवीनगर रेफरल अस्पताल के डा प्रमोद कुमार महतो एवं सदर अस्पताल के डा आनंद शरण के द्वारा ईएनटी एवं आई जांच किया गया।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि अस्पताल में शिविर लगाकर लगभग 78 लोगों का प्रमाण पत्र बनाया गया। हड्डी रोग विशेषज्ञ डा विकास कुमार के अनुपस्थित रहने के कारण हड्डी रोग वाले दिव्यांग बच्चो का प्रमाण पत्र नही बन पाया। इस अवसर पर स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिन्हा, बीसीएम सनी कुमार, सहायक कार्यक्रम गंगाधर महतो, राकेश कुमार, विनोद पाल, जय सिंह, लेखापाल पवन मिश्र, लिपिक रूपेश कुमार चौधरी, राघवेन्द्र नारायण दास सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### कोरोना काल में बंद किए गए ट्रेनों का ठहराव शुरू नही होने पर भड़के ग्रामीण

**औरंगाबाद (का.सं.)।** पूर्व मध्य रेल के दीनदयाल उपाध्याय(डीडीयू) मंडल अंतर्गत बिहार के औरंगाबाद जिले में सोननगर-बरवाडीह रेलखंड पर स्थित अंकोरहा रेलवे स्टेशन पर कोरोना काल में रांची-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस समेत बंद किए गए कई ट्रेनों का ठहराव लंबे समय बाद भी शुरू नही होने पर इलाके के लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। इलाके के लोगों ने इसे लेकर अंकोरहा रेलवे स्टेशन परिसर में विशाल धरना दिया तथा रेल महकमे के खिलाफ रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। धरना-प्रदर्शन में लोगों ने काराकाट के भाकपा माले सांसद राजाराम सिंह और नबीनगर के राजद विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डबल्यू सिंह को बुलाया। दोनों की मौजूदगी में अल्टीमेटम दिया कि आपलोग प्रयास कर यदि ट्रेनों का ठहराव नही कराएंगे तो वे रेल चक्का जाम करेंगे। धरना में अंकोरहा और आसपास के दर्जनों गांव के ग्रामीण शामिल रहे। इस दौरान ग्रामीणों ने सांसद और विधायक से अंकोरहा स्टेशन पर पिछले 3 वर्ष से बंद हुए ट्रेनों के फिर से परिचालन और कुछ महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की मांग की।कहा कि कोरोना काल में इलाके के लिए कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का इस स्टेशन पर ठहराव रोक दिया गया था जिसे अब तक बहाल नहीं किया गया है जबकि अन्य सभी स्टेशनों पर कोरोना काल में रोक दिए गए ट्रेनों के ठहराव को फिर से चालू कर दिया गया है। ट्रेनों का ठहराव शुरू कराने को लेकर उन्होने रेलवे के तमाम संबंधित अधिकारियों से कई दफा गुहार लगाई है। इसके बावजूद किसी ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया। ग्रामाणों ने अल्टीमेटम देते हुए कहा कि एक महीने के भीतर सभी ट्रेनों का ठहराव शुरू नहीं किया गया तो ग्रामीण रेल चक्का जाम करने को बाध्य हो जाएंगे। वही मौके पर पहुंचे काराकाट के सांसद तथा नबीनगर के विधायक ने ग्रामीणों की बात को विधानसभा से लेकर लोकसभा तक उठाए जाने का भरोसा दिलाया। साथ ही इस मुद्दे को लेकर रेलमंत्री से भी मिलने की बात कही। दोनों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि कोरोना काल में बंद किए गए ट्रेनों का फिर से ठहराव कराने को लेकर वें कोई कोर कसर बाकी नही रखेंगे।

एसएच-101 चौड़ीकरण परियोजना

# अधिग्रहित भूमि के मुआवजे के लिए रैयतों को दिया गया अंतिम नोटिस

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

राज्य उच्च पथ एसएच-101 (अम्बा-देव-मदनपुर) पथ के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण परियोजना के तहत मदनपुर, कुटुम्बा और देव अंचल के 21 मौजों में भूमि अधिग्रहण का कार्य पूरा हो चुका है। इस अधिग्रहण से प्रभावित रैयतों को मुआवजे के भुगतान हेतु कई बार सूचित किया गया, लेकिन अब तक अधिकांश रैयतों द्वारा वांछित दस्तावेज जिला भू-अर्जन कार्यालय, औरंगाबाद में जमा नहीं किए गए हैं। इसको लेकर प्रशासन ने रैयतों को अंतिम चेतावनी जारी की है।

### अधिग्रहण प्रक्रिया और मुआवज़े की घोषणा

अधिग्रहण के तहत 11(1) का प्रकाशन 7 अगस्त 2022 को और 19(1) का प्रकाशन 15 मार्च 2023 को किया गया था। इसके बाद, अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भुगतान के निमित्त अवार्ड घोषित करते हुए देव अंचल के मौजा देव चौदपुर, सिलारखुर्द, रिभरी, विशुनपुर, इसरीर एवं मदनपुर अंचल के मौजा करपतई, झिकटिया, जलयन, ऐगा, महुआईन, मनकर, उमगा, मथियार बिगहा, निमा आजन एवं बनीवर के रैयतों को 10 और 30 सितम्बर 2023 को प्रथम नोटिस एवं 5 जुलाई 2024 को द्वितीय नोटिस जारी किया गया था।

### रैयतों द्वारा दस्तावेज जमा नहीं करने पर चिंता

प्रशासन के बार-बार सूचना देनें के बावजूद भी अधिकांश रैयतों ने अभी तक मुआवजे के लिए आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं किए हैं। प्रशासन ने बताया कि प्रभावित रैयतों को हर संभव मौका दिया गया कि वे अपने दस्तावेज जमा कर मुआवजा प्राप्त कर लें, लेकिन रैयतों द्वारा इस दिशा में कोई रुचि नहीं दिखाई गई है।

अब प्रशासन ने पुनः मदनपुर, कुटुम्बा एवं देव अंचल के रैयतों को आम सूचना जारी की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर जिला भू-अर्जन कार्यालय, औरंगाबाद में अपने वैध दस्तावेज जमा कर मुआवजा प्राप्त कर लें। इसके लिए आवश्यक दस्तावेजों में अद्यतन लगान रसीद, खाता-खेसरा/केवाला, वैध रैयती प्रमाण-पत्र (एलपीसी), बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं पहचान पत्र की छायाप्रति शामिल हैं।

### नहीं जमा किए गए दस्तावेज, तो होगी कठोर कार्रवाई

अगर निर्धारित समयावधि में रैयतों द्वारा दस्तावेज जमा नहीं किए जाते हैं, तो प्रशासन यह मान लेगा कि संबंधित रैयत मुआवजा राशि लेना नहीं चाहते हैं या उनके पास वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में अधिग्रहित भूमि का मामला रिफेक्टलर एक्ट, 2013 के तहत प्राधिकृत न्यायालय में भेज दिया जाएगा और परियोजना को भूमि का भौतिक कब्जा सौंप दिया जाएगा।

### परियोजना के महत्व और रैयतों के हित की अनदेखी

एसएच-101 का चौड़ीकरण और सुदृढीकरण परियोजना औरंगाबाद जिले के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस परियोजना से न केवल क्षेत्र में यातायात की समस्या का समाधान होगा बल्कि क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी। ऐसे में, रैयतों द्वारा दस्तावेज जमा न करना परियोजना के साथ-साथ उनके अपने हितों की भी अनदेखी है। प्रशासन ने रैयतों से अपील की है कि वे शीघ्रता से अपने दस्तावेज जमा कर मुआवजा प्राप्त करें और परियोजना के क्रियान्वयन में सहयोग करें।

# जिला समन्वय समिति की बैठक, दुर्गा पूजा की तैयारी और लंबित मामलों की समीक्षा

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

सोमवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों के कार्यो एवं उसकी प्रगति की समीक्षा की गई एवं संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक में सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा आने वाला त्यौहार दुर्गा पूजा में विधि व्यवस्था में काफी गंभीर दिखें। उनके द्वारा संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि दुर्गा पूजा का पंडाल में एनओसी की प्रक्रिया में काफी सख्त रहें। छोटी-छोटी घटनाएं को बीडियो एवं सीओ को अपना स्तर से अविलम्ब निपटाने का निर्देश दिए। अंचल अधिकारी मदनपुर को एसडीपीओ कार्यालय मदनपुर के लिए भूमि उपलब्ध करने का निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त सभी अंचल अधिकारी को सभी संबंधित विभाग को भूमि उपलब्ध करने के लिए निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा न्यायालय कार्य हेतु पटना जाने के लिए अंचल अधिकारी के अलावा किसी अन्य पदाधिकारी को प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिए ताकि अंचल का कार्य बाधित न हो। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को सभी पंचायत सरकार भवन में कर्मचारियों को बायोमेट्रिक से उपस्थिति दर्ज करवाने हेतु को निर्देशित किया गया। अपर समाहर्ता, औरंगाबाद को भू समाधान में लंबित मामला निष्पादित करने के लिए के लिए प्रत्येक शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिए।

जिला समन्वय समिति की बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम अंतर्गत जिला स्तर, सदर अनुमंडल के स्तर एवं दाउदनगर अनुमंडल सदर के स्तर पर दायर लंबित परिवाद का समीक्षा किया गया एवं सभी संबंधित पदाधिकारी को अपने विभाग अंतर्गत लंबित मामलों की सूची प्राप्त कर इसका त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त समीक्षा क्रम में पाया गया जिला में सीपीग्राम से संबंधित 42 आवेदन, ई-डैशबोर्ड पर 327 आवेदन एवं 'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम से संबंधित 302 आवेदन लंबित हैं। इस संदर्भ में जिला पदाधिकारी द्वारा लंबित मामलों को यथाशीघ्र पूर्ण करने का आदेश दिया गया।

जिला पदाधिकारी द्वारा लोक सेवा के अधिकार (आरटीपीएस) अंतर्गत विभिन्न सेवाओं आवासीय/जाति/आय/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस एवं जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र इत्यादि से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा की गई एवं इसका त्वरित गति से निष्पादन करने का निर्देश सभी अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। इसके अतिरिक्त पेंशन, पारिवारिक लाभ, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन राशन कार्ड के लंबित आवेदनों की समीक्षा की गई एवं इसका यथाशीघ्र निष्पादन करने हेतु संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

इसके पश्चात जिला पदाधिकारी द्वारा जिला विधि शाखा में लंबित सीडब्ल्यूजेसी एवं एमजेसी वादों की विभाग वार समीक्षा की गई एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों को ससमय प्रतिशपथ पत्र दायर कर जिला विधि शाखा में प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया सदस्यता अभियान

निज संवाददाता | नीवनगर (औरंगाबाद)



नबीनगर विधानसभा के बैरिया मंडल में बैरिया बाजार एवं चरण चरण बाजार तथा सिमरी धमनी एवं नबीनगर नगर मंडल में वार्ड नंबर 5 गुर्दी में सदस्यता अभियान चलाया गया इस अवसर पर सैकड़ो पुरुष एवं महिलाएं भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह के समक्ष मोबाइल से सदस्य ग्रहण। किया इस अवसर पर उपस्थित पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह एवं जिला प्रवक्ता दीपक कुमार सिंह तथा वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा का सदस्यता अभियान जोरो से पूरे देश में चल रहा है इस कार्य को भाजपा के सभी कार्यकर्ता गांव बूथ व पंचायत में जाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करा रहे हैं। पूर्व जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में लोक कल्याणकारी योजनाओं से प्रेरित होकर युवा पीढ़ी महिलाएं अत्यंत गरीब जन भी भाजपा का सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं और हजारों की संख्या में प्रतिदिन सदस्य बनाए जाएंगे सबका साथ सबका विकास मूल मंत्र के आधार पर कार्यकर्ता गांव में जाकर सदस्यता ग्रहण करने का लोगों से आग्रह कर रहे हैं। गांव में भाजपा के प्रति लोगों में काफी उत्साह है। इस सदस्यता अभियान में बैरिया मंडल अध्यक्ष अशोक पांडे, नबीनगर नगर मंडल अध्यक्ष मुकेश साहू, भाजपा नेता पंकज सिंह, मनीष सिंह, लालू साहू, लल्लू सिंह, विवेक कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह, समरेंद्र कुमार सिंह, सिंटू गुप्ता, प्रमोद सिंह, बिट्टू कुमार, शंभू कुमार, रितिक कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# दुकान में आग लगने से पांच करोड़ रूपए का नुकसान, 13 घंटे बाद पाया आग पर काबू

निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)



जिला के ओबरा में सोमवार को एक किराना दुकान और कॉस्मेटिक होलसेलर दुकान में आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही दुकानदार विक्की गुप्ता उर्फ सिद्धि गुप्ता अपने परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय थाना को आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने अग्निशमन वाहन को जानकारी दी। मौके पर पहुंची अग्निशमन की चार बड़ी गाड़ियां लगभग 13 घंटा तक कड़ी मेहनत करने के बाद आग पर काबू पाई। अहले सुबह लगी इस आग पर दोपहर करीब 3:30 बजे काबू पाया गया। जिसमें 5 करोड रुपए का नुकसान हुआ है।

दुकानदार विक्की गुप्ता ने बताया कि विक्की गुप्ता साल 2007 से उज्वल किराना स्टोर दुकान चला रहे हैं। लगभग 2 साल पहले पावर हाउस दीपू नगर में किराना दुकान के साथ हिमालया, पतंजलि, कांबी क्लास कंपनी सहित अन्य कंपनियों का सुपर स्टॉक लिया था। जो करीब चार-पांच जिलों में यहां से थोक विक्रेता लेकर जाते थे। इसके लिए उन्होंने एक्सिस बैंक सहित अन्य बैंकों से करीब 3 करोड़ 30 लाख लोन लिया था। आग लगने की वजह को लेकर कहा कि वॉल्टेज कम ज्यादा होने के कारण शॉर्ट सर्किट हुई है। जिससे आगलगी की घटना हुई।

दुकान में तेल घी तथा अन्य सामान रहने के कारण आग की लपेट इतनी तेज थी की देखते हैं देखते हैं सबकुछ जलकर राख हो गया। बता दें कि आग बुझाने के दौरान कई बार अग्निशमन वाहन में आग बुझाने के लिए पानी कम पड़ जा रहा था। मोटर पंप और अन्य चीजों के सहारे अग्निशमन में पानी भरा जा रहा था।

### पुनपुन सिरीस घाट पर चलाया गया विशेष सफाई कार्यक्रम

**औरंगाबाद (एसवीवी सं.)।** सोमवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के द्वारा पितृपक्ष मेला एवं स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के मद्देनजर पुनपुन सिरीस घाट पर विशेष सफाई कार्यक्रम चलाया गया। विदित हो की जिले में 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक "स्वच्छता ही सेवा 2024" के तहत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया किया जाना है। अभियान का उद्देश्य समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्थानीय स्तर पर जनभागीदारी के माध्यम से स्वच्छता को बढ़ावा देना है। जिला पदाधिकारी के द्वारा पुनपुन सिरीस घाट के सौंदर्यीकरण करने को लेकर कई निर्देश दिए गए। उनके द्वारा पूरे घाट परिसर में ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त वहां पेयजल, शौचालय आदि का समुचित व्यवस्था करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों का दिए।

### सुरक्षित रेल परिचालन के लिए पटरियों के पास से हटेगा अतिक्रमण

**पटना(नि.सं.)।** सुरक्षित रेल परिचालन के लिए रेल पटरियों के आसपास अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। रेलवे इसकी आरंभिक तैयारियों में जुट गया है। पटना-गया सहित विभिन्न रेल मार्गों पर रेल पटरियों के आसपास अतिक्रमण का जाल पसरा है। इससे ट्रेनों की आवाजाही के दौरान पटरियों पर वाहन से लेकर जानवरों तक की आवाजाही की गतिविधियां बनी रहती है। रेल संरक्षा के नजरिए से ये बेहद खतरनाक है। स्थिति यह है कि कई जगहों पर इन कारणों से वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी सेमी हाइस्पीड ट्रेन को 60 से 80 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलना पड़ता है। इन ट्रेनों के पायलटों को ऐसी जगहों के लिए कागजी निर्देश प्राप्त हैं और वे इन निर्देशों के हिसाब से ट्रेनों की गति धीमी कर लेते हैं।

# औरंगाबाद में बरपने लगा डेंगू का कहर, सितंबर माह में अबतक मिले 39 मरीज, अस्पताल में भर्ती, बचाव के लिए नहीं हो रही फॉगिंग

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




बिहार के औरंगाबाद जिले में डेंगू का कहर बरप रहा है। डेंगू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस माह में एलिजा टेस्ट में अबतक 39 लोग डेंगू के पॉजीटिव पाए गए हैं। इन सभी का औरंगाबाद सदर अस्पताल के डेंगू वार्ड में भर्ती कर इलाज किया गया है। फिलहाल चार से पांच मरीजों का अस्पताल के डेंगू वार्ड में इलाज चल रहा है। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. आशुतोष कुमार ने बताया कि डेंगू वार्ड में डेंगू के शिकार उन्ही मरीजों को भर्ती किया जाता है, जिनका प्लेटलेट्स काउंट कम पाया जाता है। इन मरीजों को गहन चिकित्सा में रखा जाता है। जिन मरीजों का प्लेटलेट्स काउंट सही होता है, उन्हे दवा और परामर्श देकर घर भेज दिया जाता है। इस वजह से अभी अस्पताल में चार-पांच मरीज ही भर्ती है, जिनका प्लेटलेट्स काउंट कम है।उन्होंने कहा कि इलाज के बाद कई मरीज स्वस्थ होकर अपने घर पर हैं। वहीं डेंगू के मरीजों के मिलने के बावजूद औरंगाबाद नगर परिषद प्रशासन पूरी तरह उदासीन है। शहर में जहां-तहां कचरों का अंबार लगा है। सही तरीके से कचरे का उठाव नही हो रहा है। बरसात के मौसम में डेंगू और अन्य संक्रामक रोगों से बचाव को लेकर शहर में फॉगिंग और दवा तक का छिड़काव नही हो रहा है।

औरंगाबाद सदर अस्पताल के प्रबंधक हेमंत राजन ने डेंगू का लक्षण बताते हुए कहा कि डेंगू से पीड़ित लोगों को अचानक तेज बुखार, सिर दर्द, उल्टी, शरीर में दर्द एवं आंखों में दर्द, होता है। इस तरह का लक्षण दिखे और सांस लेने में मुश्किल हो तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ केंद्र में इलाज कराएं। कहा कि डेंगू एक संक्रमण है, जो मच्छरों के काटने से होता है। डेंगू का बुखार चार से दस दिनों तक रहता है। हालांकि गंभीर मामलों में बुखार 10 से ज्यादा दिन भी रह सकता है। डेंगू का तुरंत उपचार कराना चाहिए।

### सदर अस्पताल में डेंगू के इलाज की समुचित व्यवस्था : डीएम

औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि औरंगाबाद सदर अस्पताल में डेंगू के इलाज की उचित व्यवस्था है। इसे लेकर लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। लोगों से अपील हैं कि कही भी जलजमाव नही होने दे। मच्छरों से बचने के लिए लोशन या मच्छरदानी या स्प्रे का इस्तमाल करें। घर के आसपास सफाई रखें। पानी के बर्तनों को ढ़क कर रखें। कुलर में पानी बदलते रहें। खाली बर्तन, खाली डिब्बे, टायर, गमले, मटके, बोतल आदि में पानी एकत्रित नहीं होने दे। घर के दरवाजे, खिड़की और रौशनदान में जाली लगवाएं तथा सुरक्षित कपड़े पहने।

# ग्रामीणों ने प्रेमी-प्रेमिका को पकड़ कर मंदिर में करायी शादी



निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)

शनिवार रात प्रेमी-प्रेमिका को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। दोनों को खंभे से तब तक बांधकर रखा जब तक पुलिस नहीं आई। पुलिस के आने के बाद आपसी सहमति से रविवार को मंदिर में दोनों की शादी करा दी गई। बताया जा रहा कि दोनों का डेढ़ साल से अफेयर चल रहा। दोनों एक ही कोचिंग में पढ़ते हैं, साथ में कॉम्पिटिशन की तैयारी करते हैं। लड़का अपने खर्चे के लिए बच्चों को पढ़ाता भी है। दोनों के घर की दूरी 500 मीटर है। लड़का, लड़की के घर में रात साढ़े दस बजे आया था और रात करीब 3 बजे पकड़ा गया। मामला नवीनगर प्रखंड का है। शादी के बाद प्रेमिका अपने ससुराल चली गई। प्रेमिका ने बड़ेम थाने में लिखित आवेदन दिया है। जिसमें उसने कुछ ग्रामीणों को आरोपी बनाया है। आवेदन में बताया है कि हम दोनों की आपसी सहमति से शादी हुई है। मुझे और मेरे पति को बिजली पोल से बांधा गया। बड़ेम थाना अध्यक्ष सिमरन कुमारी ने बताया कि आवेदन मिला है। पुलिस कार्रवाई कर रही है।

# कब्रिस्तान में गेट बंद करने को लेकर विवाद

- दो पक्ष हुए आमने-सामने, अधिकारियों ने 2 घंटे की बैठक में दिए समाधान निकालने के निर्देश

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)



रफीगंज शहर के स्टेशन रोड स्थित कब्रिस्तान में गेट बंद करने को लेकर मुस्लिम समुदाय के पक्षों में विवाद हो गया। सूचना पर रविवार रात मौके पर थाना अध्यक्ष गुफरान अली पहुंचे और दोनों पक्षों को समझा बूझकर घटना स्थल से हटाया। जिसके बाद दोनों पक्ष रफीगंज थाना में पहुंचे। मामले की जानकारी पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर टू अमित कुमार रफीगंज पहुंचे। दोनों पक्षों के साथ बैठक की। दोनों ओर से विवाद की जानकारी ली और निर्देश दिया कि जल्द इस समस्या का निष्पादन करें, नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 2 अमित कुमार ने बताया कि रफीगंज रेलवे स्टेशन रोड स्थित कब्रिस्तान में निर्माण कार्य कराया जा रहा है। कब्रिस्तान के अंदर दरवाजे से कुछ दूरी पर एक दीवाल खड़ी की गई है। उसी को लेकर सारा विवाद है। यह विवाद मुस्लिम समुदाय के दो पक्षों के बीच है। इनलोगों की आपसी कमेटी है, जिन्हें जल्द मामले के निपटारे का निर्देश दिया है। दो दिनों में यह निर्णय ले लेंगे कि यह दीवाल बनेगा या नहीं बनाना है। बैठक रात्रि करीब 10 से लेकर रात्रि 12 बजे तक चली। इसके बाद प्रशासन घटनास्थल पर पहुंची और जायजा लिया।

### पीएमसीएच के डॉक्टर और मरीज जलजमाव से हैं परेशान

**पटना(नि.सं.)।** पीएमसीएच का मुख्य द्वार गेट नंबर-दो से ओपीडी वार्ड तक जलजमाव की वजह से चलना मुश्किल हो गया है। इससे सबसे ज्यादा परेशानी पीएमसीएच के डॉक्टर और मरीज को रही है। जगह-जगह गंदगी, जलजमाव, सीवर का बहता पानी मरीजों और डॉक्टरों के लिए मुसीबत बन गया है। सड़क पर बहते पानी के कारण चिकित्सक और मरीज किनारे से किसी तरह निकलते हैं। नेत्र रोग विभाग के ओपीडी में तो जाना मुश्किल हो रहा है। कारण यह है कि गेट संख्या दो से ही पीएमसीएच की आंतरिक सड़क काफी जर्जर हो चुकी है।

# देव में 13-14 नवंबर को मनेगा पाताल गंगा महोत्सव

निज संवाददाता | देव(औरंगाबाद)



पाताल गंगा मठ परिसर में गत बैठक की संपुष्टि करते हुए महोत्सव की रुपरेखा पर चर्चा प्रारम्भ किया गया। 13 नवंबर क्रो महोत्सव की झांकी में स्कूली छात्र-छात्राएं पारंपरिक वाद्य यन्त्र सिंघा बाजा, हाथी घोड़े क्रो शामिल किया जाएगा। श्रद्धालुओं क्रो कार्यक्रम में शामिल करने के लिए पाताल गंगा मठ के ऐतिहासिक पृष्टभूमि कि महत्ता का पम्पलेट बांटा जाएगा। दिवा 11 बज़े से मंचीय कार्यक्रम होगा। दोपहर 1 बज़े से मुख्य अतिथि द्वारा उद्घाटन किया जाएगा। 3 बज़े से छात्र छात्राओं में लोकगीत एवं नृत्य की प्रतियोगिता होगी। 14 नवंबर क्रो प्रातः 9 बज़े से किया जाएगा। रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता होगी। 10 बज़े से सांस्कृतिक कार्यक्रम एक दोपहर 12 बज़े से जिले में आयोजित सभी महोत्सव के तीन तीन लोगों एवं प्रायाजोक गण क्रो पाताल गंगा मठ और सूर्य मंदिर का प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। संध्या 7 बज़े से रंगारंग कार्यक्रम होगा। बैठक में देव नगर पंचायत अध्यक्ष पिंटू साहिल नें 5000 और सूर्य मंदिर के पंडित ने 3100 का सहयोग राशि प्रदान की। पाताल गंगा महोत्सव में बिहार के राज्यपाल, कला संस्कृति एवं युवा विभाग सह स्थानीय सांसद, विधायक क्रो आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में देव नगर पंचायत अध्यक्ष पिंटू साहिल, सूरज चंद्रवंशी और रंजीत कुमार नें महोत्सव आयोजन में हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। पिंटू साहिल नें कहा कि महोत्सव के माध्यम से पाताल गंगा मठ का विकास का ज्योति जलती नजर आ रही है।

# पुलिस ने स्कूलों में चलाया जागरूकता अभियान

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)



सोमवार को औरंगाबाद पुलिस द्वारा पौथु थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित बराही स्कूल और भौली स्कूल में छात्रों और छात्राओं के लिए एक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने बच्चों और महिलाओं से संबंधित कानूनों, महिला हेल्प डेस्क, डायल 112 जैसी आपातकालीन सेवाओं और हाल ही में लागू नए कानूनों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या या खतरे की स्थिति में डायल 112 पर तुरंत सहायता प्राप्त की जा सकती है। छात्रों और शिक्षकों ने इस सत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सुरक्षा से जुड़े सवाल पूछे। पुलिस ने उनकी शंकाओं का समाधान करते हुए उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और सतर्क रहने की सलाह दी। यह पहल समाज में कानून व्यवस्था और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# पंचायत स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का अयोजन

निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)



देव प्रखंड के दुलारे पंचायत अंतर्गत कर्मा गांव में किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अंकेशा यादव एवं सहायक कैमडेंट धर्मेंद्र कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया और खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। इस टूर्नामेंट में चक्करबंधा एवं नवीनगर की टीम ने भाग लिया। हालांकि इस दौरान दोनों ही टीमों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। लेकिन निर्धारित समय में मैच ड्रा रहा। बीडीओ अंकेशा यादव ने कहा कि फुटबॉल काफी लोकप्रिय खेल है। यह एक सामूहिक खेल है, इससे खिलाड़ियों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। वैसे फ़ुटबॉल दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि गांव क्षेत्रों में इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। दुलारे पंचायत मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष बिजेंद्र कुमार यादव ने कहा कि, खेल हमारे युवाओं के जीवन में अनुशासन, स्वास्थ्य और नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण साधन है। इस तरह के आयोजन युवाओं को सही दिशा देने के साथ-साथ उन्हें प्रदेश और देश का नाम रौशन करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि वह हमेशा खेल और युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए तत्पर रहेंगे।

इस अवसर पर राजद प्रखंड अध्यक्ष सविता देवी, पूर्व जिला पार्षद श्री यादव, डुमरी पंचायत मुखिया रविन्द्र यादव, बनुआ मुखिया प्रतिनिधि विशाल चौधरी, बरंडा रामपुर पंचायत पैक्स अध्यक्ष बसंत सिंह, पंचायत समिति कौशल्या देवी,पूर्व मुखिया प्रतिनिधि बिकाश यादव, सरपंच श्री रामशीष यादव,शिक्षक बिराज यादव, उप मुखिया श्याम बिहारी कुमार, कमिटी के अध्यक्ष अंबिका यादव, जगदीश शर्मा, सिद्धायन ठाकुर, शिक्षक रामसुंदर दास, विजय यादव, जनेश्वर राम सहित अन्य बड़ी संख्या में दर्शकों मौजुद रहे।

### आर्यभट्ट गणित चैलेंज के लिए आवेदन अब 25 सितंबर तक

**पटना(नि.सं.)।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से आयोजित होने वाले आर्यभट्ट गणित चैलेंज के लिए आवेदन की तिथि बढ़ा दी गई है। इसके लिए 25 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन ऑनलाइन होगा। इच्छुक बच्चों का पंजीयन 25 सितंबर तक कर सकते हैं। इसमें कक्षा आठवीं से दसवीं तक के बच्चे भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता दो स्तर पर आयोजित होगी। लेवल 1 प्रतियोगिता स्कूल स्तर पर आयोजित होगी। लेवल 2 प्रतियोगिता कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट के माध्यम से सीबीएसई की ओर से आयोजित की जाएगी।